RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 33
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 5 दिसंबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दिवालिया हुई केटी प्राइस ने 2.15 करोड़ की अंगूठियां बेचीं
विविध-16




**मौसम**
अधिकतम $24.0^{0}$C (-1)
न्यूनतम $7.9^{0}$C (-1)

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,850 | ↑ 174 |
| निफ्टी | 12,037 | ↑ 43 |
| सोना | 39,299 | ↑ 332 /10g |
| चांदी | 46,672 | ↑ 676 /kg |

**क्विक न्यूज**

### इसरो 11 दिसम्बर को करेगा रिसैट-2बीआर 1 का प्रक्षेपण

**बेंगलुरू** इसरो दूसरे देशों के नौ व्यावसायिक उपग्रहों के साथ अपने रडार इमेजिंग अर्थ ऑब्जर्वेशन उपग्रह का भी 11 दिसम्बर को प्रक्षेपण करने की तैयारी में है। इसमें छह उपग्रह अमेरिका के है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र एसएचएआर के पहले लांच पैड से पीएसएलवी- सी48 से रिसैट-2बीआर1 को लांच किया जाएगा। इसरो ने कहा, इसे फिलहाल 11 दिसम्बर को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजकर 25 मिनट पर लांच करने का कार्यक्रम है, बशर्ते मौसम अनुकूल रहे। रिसैट-2बीआर1 का वजन करीब 628 किग्रा है जिसे 576 किमी कक्षा मे 37 डिग्री पर स्थापित किया जाएगा। लांच यान पीएसएलवी- सी48 नौ अन्य व्यावसायिक उपग्रहो को भी ले जाएगा जिसमे छह अमेरिका के, एक-एक इस्राइल, इटली और जापान का होगा।

# तीन देशों के गैर मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगी भारत की नागरिकता

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी। हालांकि कई विपक्षी दल इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं। इस विधेयक में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से शरणार्थी के तौर पर आए उन गैर मुसलमानों को नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है जिन्हें धार्मिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा हो।

सूत्रों ने बताया कि 1955 के नागरिकता अधिनियम को संशोधन करने वाले इस विधेयक को संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। विपक्षी दल इस विधेयक को बांटने वाला एवं




साम्प्रदायिक बता रहे हैं। इसे भाजपा की विचारधारा से जुड़े महत्वपूर्ण आयाम का हिस्सा माना जा रहा है जिसमें शरणार्थी के तौर पर भारत में रहने वाले गैर मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रस्ताव किया गया है। इनमें से ज्यादातर लोग हिन्दू हैं। इसके माध्यम से उन्हें उस स्थिति में संरक्षण प्राप्त होगा जब केंद्र सरकार देशव्यापी राष्ट्रीय नागरिक पंजी की योजना को आगे बढ़ाएगी। बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार सभी के हितों और भारत के हितों का ध्यान रखेगी। कुछ वर्गों द्वारा इसका विरोध किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लोग देश के हित में इसका स्वागत करेंगे। समझा जाता है कि ( शेष पेज 10 )

### लोकसभा, विधानसभाओं में एससी/एसटी आरक्षण की अवधि 10 वर्ष बढ़ाने का प्रस्ताव स्वीकृत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की अवधि को और 10 साल के लिए बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इन श्रेणियों के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण की अवधि 25 जनवरी 2020 को समाप्त होने वाली थी। सरकार आरक्षण की मियाद बढ़ाने के लिए इस सत्र में एक विधेयक लाएगी। विधेयक को मंजूरी के बाद लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण की अवधि बढ़कर 25 जनवरी 2030 तक हो जाएगी। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि विधायिका में एससी और एसटी के लिए आरक्षण संवैधानिक संशोधनों के जरिए किया जाता है जबकि इन ( शेष पेज 10 )

# दिल्ली में फ्री वाई-फाई 16 से लगेंगे 11,000 हॉटस्पॉट

- पहले 100 हॉटस्पॉट का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री, हर सप्ताह जुड़ेंगे 500
- हर माह उपभोक्ता को मिलेगा 15 जीबी डेटा, 100 से 200 एमबीपीएस होगी स्पीड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बिजली**, पानी और बसों में सफर मुफ्त करने के बाद आप सरकार अब दिल्लीवासियों को फ्री इंटरनेट का तोहफा देने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहले चरण में 100 स्थानों पर हॉटस्पॉट का उद्घाटन 16 दिसंबर को करेंगे। इसके बाद हर सप्ताह 500 हॉट स्पॉट लगाए जाएंगे।

विधानसभा चुनाव से ऐन पहले मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह ऐलान करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अपना अंतिम चुनावी वादा भी पूरा कर दिया। उन्होंने कहा कि अगले



छह महीने में 11 हजार हॉटस्पॉट लगाकर लगभग पूरे शहरी क्षेत्र को वाई-फाई से लैस कर दिया जाएगा। इसके बाद अगला चरण शुरू होगा। जो इंटरनेट सुविधा सरकार उपलब्ध कराएगी, उसकी स्पीड 100 से 200 एमबीपीएस होगी। यह 500 मीटर के दायर में काम करेगा। हर महीने एक उपभोक्ता को 15 जीबी डेटा मिलेगा। एक हॉट स्पॉट को एक साथ 150 से 200 लोग इस्तेमाल कर सकेंगे।

सीएम के अनुसार आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 18, बादली में 19, मालवीय नगर में 19, मोती नगर में 10, सीमा पुरी में 16, शाहदरा में 18 जगहों पर हॉट स्पॉट लगेंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में पार्क, पर्यटन केंद्र, मोहल्ला क्लीनिक जैसे सार्वजनिक स्थानों को ( शेष पेज 10 )

### कॉलोनियों को वैध करने का बिल राज्य सभा में भी पास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कई** दशक से लंबित अवैध कालोनियों को नियमित करने संबंधी राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली (अप्राधिकृत कॉलोनी निवासी संपत्ति अधिकार मान्यता) विधेयक 2019 को विस्तृत चर्चा के बाद राज्यसभा ने मंजूरी प्रदान की। लोकसभा इस विधेयक को पिछले सप्ताह ही पारित कर चुकी है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए आवास एवं शहरी विकास राज्मंत्री (स्वतंत्र प्रभाव) हरदीप सिंह पुरी ने स्पष्ट किया कि इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद कानून के रूप में इसके प्रवर्तन में आने पर इन कालोनियों में संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार मिल जाएगा और इसके साथ ही ( शेष पेज 10 )

### नियंत्रण रेखा के पास हिमस्खलन में चार जवान शहीद

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**उत्तर** कश्मीर में नियंत्रण रेखा के समीप हिमस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में चार जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कुपवाड़ा जिले के तंगधार इलाके में मंगलवार दोपहर को सेना की एक चौकी हिमस्खलन की चपेट में आ गई, जिसमें कम से कम चार जवान फंस गए। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को तीन जवानों का शव बरामद किया गया जबकि एक जवान को जिंदा बचाया गया। एक अन्य घटना में बांदीपुरा जिले में गुरेज सेक्टर के दावर इलाके में सेना का पैदल गश्ती दल हिमस्खलन की चपेट में आ गया जिसमें दो जवान फंस गए। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से एक को जिंदा बचा लिया गया जबकि अन्य जवान का शव तलाश अभियान के दौरान बरामद किया गया।

## आईटीबीपी जवान ने गोलीबारी की, छह जवानों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के एक जवान ने गोलीबारी की जिसमें कुल छह जवानों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। इसमें हमला करने वाला जवान भी शामिल है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि हमलावर जवान ने आत्महत्या की या जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हुई है।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज. पी ने बताया कि जिले के धौड़ाई पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कड़ेनार गांव में स्थित आईटीबीपी की 45वीं बटालियन के शिविर में जवान मसुदुल रहमान ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में चार जवानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा तीन अन्य जवान घायल हो गए। सुंदराज ने बताया कि घटना में रहमान की भी मौत हो गई तथा बाद में एक घायल जवान ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में हिमाचल प्रदेश निवासी प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह, पंजाब निवासी प्रधान आरक्षक दलजीत सिंह, पश्चिम बंगाल निवासी आरक्षक सुरजीत सरकार और आरक्षक बिश्वरूप महतो और केरल निवासी आरक्षक बीजीश की मौत हो गई जबकि केरल निवासी एस बी उल्लास और राजस्थान निवासी सीताराम दून घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक यह जानकारी नहीं मिली है कि रहमान ने खुद को गोली मारी या उसके साथियों ने जवाबी कार्रवाई में उसे मार गिराया। इस घटना में मारे गए जवानों की राइफल की जांच ( शेष पेज 10 )

## पी चिदम्बरम तिहाड़ जेल से रिहा

### सुप्रीम कोर्ट ने कई शर्तों के साथ दी जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता पी चिदम्बरम बुधवार को रिहा किए गए। वह 106 दिनों के बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए और उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ एक भी आरोप तय नहीं किया गया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं।

चिदम्बरम को उच्चतम न्यायालय से आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में जमानत मिली है। उन्होंने कहा, सुनवाई से पूर्व 106 दिनों तक कैद रखने के बावजूद मेरे खिलाफ एक भी आरोप तय नहीं किया गया। चिदम्बरम के जेल से बाहर आने पर कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके



बेटे कार्ति चिदम्बरम भी मौजूद थे।

इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने चिदंबरम को बुधवार को जमानत दे दी जिससे 105 दिन की हिरासत के बाद उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया था। न्यायालय ने निर्देश दिया कि चिदंबरम उसकी अनुमति के बिना देश से बाहर नहीं जा सकते हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि वह मीडिया से बात नहीं कर सकते है और वह गवाहों को न तो प्रभावित करेंगे और न ही सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे। न्यायमूर्ति आर भानुमति, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय की पीठ ने पूर्व वित्त मंत्री को जमानत देने से इंकार करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला निरस्त कर दिया। पीठ ने कहा कि 74 वर्षीय चिदंबरम को दो लाख रुपए का निजी मुचलका और इतनी ही राशि की दो जमानतें पेश करने पर रिहा किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि आर्थिक अपराध गंभीर किस्म के होते हैं लेकिन जमानत संबंधी बुनियादी न्याय शास्त्र वही है कि आरोपी को जमानत देना नियम है और इससे इंकार अपवाद है। चिदंबरम द्वारा साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किए ( शेष पेज 10 )

## सूडान में कारखाने में लगी आग से 18 भारतीयों की मौत

**भाषा।** खार्तूम

**सूडान** में एक सेरेमिक कारखाने में एलपीजी टैंकर में भीषण विस्फोट में 18 भारतीयों समेत 23 लोगों की मौत हो गई और 130 घायल हो गए। भारतीय दूतावास ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी खार्तूम के बाहरी क्षेत्र में सीला सेरेमिक फैक्ट्री में हुई दुर्घटना के बाद सोलह भारतीय लापता हैं।

भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर कहा, ताजा लेकिन अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार 18 की मौत हो चुकी है। कुछ लापता लोग मृतकों में शामिल हो सकते हैं जिसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है क्योंकि शव जले हुए थे। नई दिल्ली स्थित आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि कारखाने में 68 भारतीय काम कर रहे थे। विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने कहा, कुछ भारतीयों की मृत्यु और कुछ के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना पाकर गहरा दु:ख हुआ है। उन्होंने ट्वीट किया, दूतावास के प्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुँच चुके हैं। खार्तूम में भारतीय दूतावास द्वारा चौबीस घंटे की एक हॉटलाइन 249-921917471 स्थापित की गई है। दूतावास सोशल मीडिया पर भी ताजा जानकारी दे रहा है। हम (कारखाने के) कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। दूतावास ने बुधवार को उन भारतीयों की एक विस्तृत सूची जारी की जो अस्पताल में हैं, लापता हैं या त्रासदी में बच गए हैं। आंकड़ों के अनुसार सात लोग अस्पताल में हैं जिनमें से चार की हालत गंभीर है। चौंतीस बचे हुए भारतीय सलूमी सेरेमिक्स कारखाने के आवासों में रह रहे हैं। एएफपी की एक रिपोर्ट के ( शेष पेज 10 )

## सुप्रीम कोर्ट ने दी आगरा हवाईअड्डे पर एक अतिरिक्त टर्मिनल की अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने आगरा में ताजमहल के निकट हवाई अड्डे पर एक अतिरिक्त टर्मिनल बनाने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायालय ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि हवाई क्षेत्र पर हवाई यातायात में इजाफे की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि यह पर्यावरण के लिए खतरनाक होगा और केंद्र से शहर के लिए पैलेस ऑन व्हील्स जैसी ऑलीशान ट्रेनों पर विचार करने को कहा। शीर्ष अदालत ने केन्द्र को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल और अन्य स्थानों की यात्रा के वास्ते पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण हवाई यातायात में इजाफे से निपटने

### सीईसी से आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रस्ताव पर विचार करने को कहा



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) से आगरा में मेट्रो रेल परियोजना के प्रस्ताव पर विचार करने और इस मुद्दे पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने शीर्ष अदालत द्वारा गठित समिति को परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों पर विचार करने के निर्देश दिए। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल थे। पीठ ने कहा, लखनऊ मेट्रो रेल निगम लिमिटेड की ओर से पेश ऐश्वर्या भाटी ने आगरा शहर में मेट्रो सेवा की अनुमति मांगी। इसलिए हमने पर्यावरण पर इसके प्रभाव पर विचार करने के लिए सीईसी को मामले को देखने के लिए कहा है। इस तरह की परियोजना के लिए सीईसी को चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपनी होगी। इससे पूर्व केन्द्रीय कैबिनेट ने सार्वजनिक यातायात को बढ़ाने के लिए कानपुर और आगरा मेट्रो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी थी।

## डॉक्टर ने अस्पताल की एमडी को गोली से उड़ाया, खुद भी दी जान

### दोनों के बीच थे अवैध संबंध, बंद कार में मिले शव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रोहिणी** में बुजुर्ग डॉक्टर ने अपने ही अस्पताल की महिला प्रबंध निदेशक की गोली मार हत्या कर दी और खुद भी गोली मार कर खुदकशी कर ली। दोनों के खून से लथपथ शव बुधवार की सुबह रोहिणी सेक्टर 13 स्थित रंग रसयान अपार्टमेंट के गेट नंबर दो के पास कार में मिले थे। कार में ही वारदात में इस्तेमाल रिवॉल्वर बरामद हुआ है। डॉक्टर इसी अपार्टमेंट में रहते थे। मृतकों की पहचान 65 वर्षीय डॉ. ओम प्रकाश कुकरेजा और 55 वर्षीय सुदीप्ता मुखर्जी के रूप में हुई है।

प्रशांत विहार थाना पुलिस ने कार के शीशे को तोड़कर शव बाहर निकाले और पोस्टमार्टम के लिए बाबा साहब आंबेडकर अस्पताल में रखवा दिया है। पुलिस उपायुक्त एसडी मिश्रा के अनुसार डॉ. कुकरेजा शादीशुदा थे और उनके दो बच्चे हैं। उनकी पत्नी विकलांग (दृष्टिबाधित) थीं। डॉ. कुकरेजा की महिला मित्र भी शादीशुदा थीं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच अवैध संबंध थे। ऐसे में शादी के लिए दबाव, प्रॉपर्टी विवाद, पैसे के लेनदेन आदि समेत कई पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। डॉ. कुकरेजा रोहिणी के सेक्टर 15 में निर्वाणा अस्पताल चलाते थे। उन बेटा अखिल कुकरेजा भी डॉक्टर है। उनका देहरादून में अस्पताल हैं। डॉ. की बेटी भी यमुना विहार में डॉक्टर हैं। जबकि सुदीप्ता मुखर्जी परिवार के साथ रोहिणी सेक्टर 18 में रहती थीं। वह निर्वाणा अस्पताल में प्रबंध निदेशक थीं। पुलिस के अनुसार दोनों मंगलवार की रात को एक शादी समारोह में शरीक होने गए थे। ( शेष पेज 10 )

### पांच लोगों की आत्महत्या मामले में बिल्डर हुआ गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**थाना** इंदिरापुरम इलाके में मंगलवार सुबह हुईं पांच मौतों के आरोपी राकेश वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़ा राकेश आत्महत्या करने वाले जींस कारोबारी गुलशन वासुदेवा का साढ़ू है। वासुदेवा के फ्लैट की दीवारों पर चिपके सुसाइड नोट में उसे ही मौत का जिम्मेदार बताया गया था। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी ने खुद को बेगुनाह बताया है। मालूम हो कि इंदिरापुरम के वैभव खंड स्थित कृष्णा अपरा गार्डन सोसायटी में रहने वाले जींस के कारोबारी गुलशन



राकेश वर्मा

वासुदेवा ने पत्नी व महिला सहयोगी के साथ मंगलवार तड़के अपार्टमेंट की 8वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इससे पहले उन्होंने अपने बेटे और बेटी की हत्या कर दी थी। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक के बड़े भाई देवेंद्र की तहरीर पर राकेश वर्मा और उसकी मां फूला देवी के खिलाफ धारा 302 व 306 में मुकदमा किया दर्ज किया है। एसएसपी के अनुसार राकेश वर्मा शातिर अपराधी है जो अपने ( शेष पेज 10 )

# शहर में चल रही अवैध डेयरियां होंगी बाहर

## 19 लोगों पर एफआईआर दर्ज, कार्रवाई के दौरान आधा दर्जन भैंस की जब्त

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



कार्रवाई के दौरान वाहन में भैंस लेकर जाता निगम का दस्ता।

एनजीटी के आदेश पर महानगर में चार सौ डेयरी संचालकों को शहर से बाहर जाने का फरमान निगम ने जारी कर दिया है। इस फरमान के बाद डेयरी संचालकों में हड़कंप मचा है। बुधवार को नगर आयुक्त दिनेश चंद्र के नेतृत्व में निगम का पूरा अमला सड़क पर उतर आया और नेहरू नगर से आधा दर्जन भैंसों को जब्त कर नंदी पार्क भेज दिया गया। नगर निगम डेयरी संचालकों के साथ कोई रियायत बरतने के मूड में नहीं है।

नगर आयुक्त दिनेश चंद्र का कहना हहै कि डेयरी संचालक या तो शहर से बाहर गैर आवासीय क्षेत्रों में शिफ्ट कर लें वरना उनके खिलाफ विधिक करवाई की जाएगी। अभी तक नगर निगम 19 डेयरी संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा चुका है। निगम के पांचों जोनों में नगर आयुक्त ने आदेश जारी कहा है कि हर वार्ड के हर मोहल्ले में जाकर वहां चल रही डेरियों को तुरंत बंद कराएं।

नगर आयुक्त ने बताया कि सुबह जब वह भ्रमण पर निकले तो नेहरू नगर में होली चाइल्ड स्कूल के पास एक मकान के बेसमेंट में डेयरी संचालित होते देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सिंह को तलब किया। निगम दस्ते ने छह भैंसों पकड़ वाहन में लादकर नंदी पार्क में छोड़ दिया। नगर आयुक्त ने बताया कि अब इन भैंसों को संचालकों से जुर्माना वसूलकर छोड़ा जायेगा साथ ही डेयरी संचालकों से शपथ पत्र भी लिया जाएगा कि वे आवासीय क्षेत्रों में डेयरी का संचालन नहीं कराएंगे और शीघ्र ही यहां से हटा लेंगे।

### हर हाल में हटाई जाएंगी डेयरियां : मेयर

महापौर आशा शर्मा ने कहा है कि सभी चयनित किए गए डेयरी संचालकों को सीधे-सीधे कह दिया गया है कि वह या तो जल्द से जल्द आवासीय क्षेत्रों से दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर लें वरना उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जायगी। उन्होंने कहा कि डेयरियों के कारण गोबर नालियों, सीवर लाइन में बहाया जा रहा है जिसके कारण सीवर व नाली चौक होती हैं। साथ ही इससे बेहिसाब जल दोहन भी हो रहा है।

# सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने को पुलिसकर्मियों छुट्टियां रद्द

**गाजियाबाद।** छह दिसंबर को रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर विहिप द्वारा हर वर्ष शौर्य दिवस व मुस्लिम पक्ष द्वारा काला दिवस के रूप में मनाया जाता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने विवादित स्थल पर राममंदिर बनाए जाने को लेकर फैसला दिया है। ऐसे में छह दिसंबर को देखते हुए जिले सहित पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी।

मंडलायुक्त अनिता सी मेश्राम और आईजी पुलिस जोन आलोक सिंह ने जिला सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिले को पूर्व की तरह जोन व सेक्टर में बांटकर वहां सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने को कहा है। जनपद को दस सुपर जोन व 16 जोन सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी डीएम अजय शंकर पाण्डेय ने लगाई है।

# चार शवों का अंतिम संस्कार देख नम हुई आंखे

## सजना का शव दिल्ली ले गए परिजन, नहीं हुई अंतिम इच्छा पूरी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



हिंडन मोर्चरी पर विलाप करती संजना ( गुलशन ) की मां।

बुधवार को हिंडन स्थित श्मशान घाट पर उस वक्त हर किसी की आंखों से आंसू निकल पड़े जब इंदिरापुरम के कृष्णा अपरा सफायर सोसाइटी में बेटे रितिक, बेटी रीतिका की हत्या कर पत्नी परवीन व संजना के साथ आठवीं मंजिल से छलांग लगाने वाले गुलशन वासुदेवा का अंतिम संस्कार कर दिया गया। चार शवों का अंतिम संस्कार एक साथ हिंडन घाट पर हुआ जबकि संजना (गुलशन) का शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया। मरने से पहले पांचों शवों का एक साथ अंतिम संस्कार करने की मृतकों को इच्छा पूरी नहीं हुई।

संजना (गुलशन) का शव लेकर परिजन दिल्ली चले गए, जहां मुस्लिम रीति रिवाज से शव को दफ़नाया गया। संजना की मां नूरजहां का कहना है कि एक साल से उनकी बेटी ने उनसे बात नहीं कि थी, मिली तो सदा के लिए सो चुकी थी। घटना की जानकारी उन्हें कल ही मिल गई थी लेकिन, उन्हें उनकी बेटी के पास कोई नहीं लाया। भले ही उनकी बेटी दूर थी, मगर खुश थी। इस बात से वह भी खुश थीं।

बता दें कि मृतकों ने फ्लैट की दीवार पर सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें पांचों का अंतिम संस्कार एक साथ करने की इच्छा जाहिर की थी। साथ ही दीवार पर अंतिम संस्कार के लिए पांच पांच सौ के 10 हजार रुपये भी चस्पा किए थे।

# लापरवाही बरतने पर यीडा के दो अधिकारियों पर कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- जीएम यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण व तहसीलदार को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्य में लापरवाही बरतने पर यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के दो अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। साथ ही प्राधिकरण के सीईओ ने अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि कार्य में शिथिलता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीईओ मंगलवार को मासिक समीक्षा बैठक कर रहे थे।

यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण की महाप्रबंधक नियोजन मीना भार्गव व तहसीलदार जीत सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। सीईओ ने बताया कि प्राधिकरण की आवासीय स्कीम के कुछ आवंटियों ने बड़े भूखण्डों को छोटा करने के प्रार्थना पत्र दिये थे। कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राधिकरण को मिले थे। जिसमें से कुछ ने सरेंडर कर लिया। कुल 23 प्रार्थनापत्रों का नियोजन विभाग को निस्तारण करना था। नियोजन विभाग पिछले दो साल से आवंटियों को परेशान कर रहा था। कई बार अधिकारियों को चेतावनी भी दी लेकिन, स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ लिहाजा महाप्रबंधक मीना भार्गव के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की है।

इसी तरह तहसीलदार जीत सिंह को औद्योगिक सेक्टर-32 में चक बनाकर 51 हेक्टेयर जमीन किसानों से आपसी समझौते के आधार पर क्रय करनी थी। जब भी उन्होंने जमीन खरीद के बारे में पूछा, हर बार तहसीलदार ने झूठ बोला। पहले बताया कि 13 हेक्टेयर जमीन खरीद ली गई है, जब रिकार्ड मांगा तो पता चला कि मात्र दो हेक्टेयर जमीन ही खरीदी गई थी। कार्य में लापरवाही बरतने पर तहसीलदार जीत सिंह को भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।

# भीषण आग से दो दर्जन झुग्गियां जलकर खाक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव में मंगलवार रात करीब दो बजे लगी भयंकर आग से दो दर्जन से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। इस आग में एक महिला की भी मौत हो गई।

- हादसे में एक महिला की जलकर हुई मौत



बरौला गांव में झुग्गियों में लगी आग के बाद जला पड़ा सामान।

गौतमबुद्ध नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि बरौला गांव के पास विशाल मेगा मॉल के पीछे बनी झुग्गियों में मंगलवार रात करीब दो बजे अचानक आग लग गई। इस आग में दो दर्जन झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि घटना के समय झुग्गी में सो रही महिला कंचन 30 वर्षीय की जलकर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। झुग्गियों में आग लगने की वजह से इसमें रहने वाले लोगों को रात सड़क पर गुजारनी पड़ी। मासूम बच्चे सड़क पर कड़ाके की ठंड में ठिठुरते हुए देखे गए। घटना की सूचना पाकर शहर की कुछ सामाजिक संस्थाएं भी मौके पर पहुंचीं तथा प्रभावित लोगों को खाने-पीने की वस्तुएं और कपड़े आदि दिए।

# पेंशन योजना के लिए पंजीयन शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- 55 से लेकर दो सौ रु. तक देना है अशंदान

ममूरा गांव में कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) केंद्र पर श्रम विभाग और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत व्यापारियों का पंजीयन किया गया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष नरेश कुच्छल ने बताया कि श्रम आयुक्त, उप श्रम आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश पर 30 नवंबर से छह दिसंबर तक पेंशन सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के ऐसे व्यापारी की आयु के आधार पर 55 रुपये से लेकर दो सौ रुपये तक अंशदान जमा कर किसी भी जनसेवा केंद्र से पंजीयन करा सकते हैं।

जिनको 60 साल की आयु पूरी करने के बाद तीन हजार रुपये प्रतिमाह आजीवन पेंशन मिलेगी। साथ ही मृत्यु के बाद 1500 रुपये पत्नी को आजीवन देय होगा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के मनोज भाटी, अमर चौहान, अंकित कौशिक समेत कई व्यापारी भी मौजूद थे।

# गाड़ियों का शीशा तोड़कर सामान चुराने वाले 2 दबोचे

**नोएडा।** सेक्टर 144 में मंगलवार देर रात कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी करने वाले एक दक्षिण भारतीय गैंग की पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए और उनके पास से अवैध हथियार, 6 लैपटॉप एक स्कूटी बरामद की गई।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रणविजय सिंह ने बताया कि सूरजपुर थाने की पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश सेक्टर 144 के पास कारों का शीशा तोड़कर उनमें रखें लैपटॉप चोरी कर भाग रहे हैं। पुलिस ने जब बदमाशों का पीछा किया तो स्कूटी से भाग रहे बदमाशों ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। सिंह ने बताया कि जवाबी कार्रवाई पुलिस की गोली से राहुल और महेश नामक दो बदमाश घायल हो गए जिन्हें दबोच लिया।

# जिले के स्वास्थ्य विभाग को मिली दो मेडिकल वैन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम व सीएमओ।

आज भी कई इलाकों में दूर-दूर तक अस्पताल नहीं हैं। ऐसे इलाकों में अब लोगों को घर बैठे इलाज मिलेगा। इसके लिए सीएसआर के तहत जुबिलेंट कंपनी ने स्वास्थ्य विभाग को दो मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन दी है। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को डीएम बीएन सिंह और सीएमओ डॉक्टर अनुराग भार्गव ने जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मोबाइल मेडिकल यूनिट का लाभ दनकौर, डाढ़ा और दादरी में रहने वाले गरीब लोगों को मिलेगा। सीएमओ डॉक्टर अनुराग भार्गव ने बताया कि इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जनपद के जिन इलाकों में सीएचसी अथवा पीएचसी की सुविधा नहीं है वहां के लोगों को इलाज कराने के लिए दौड़भाग नहीं करनी होगी। वैन के अंदर चलने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिट अस्पताल की तरह है। इसमें एक डॉक्टर, नर्स, वार्ड ब्वॉय, लैब अटेंडेंट व फार्मासिस्ट की तैनाती की गई है। वैन के भीतर ईसीजी, लेजर प्रिंटर, खून, यूरीन, शुगर, ब्लड प्रेशर जांच मशीन, ऑक्सीजन, चार कुर्सियों के साथ एक बेड है। इसका लाभ विशेषतौर पर गर्भवती महिलाएं और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को आसानी से मिल सकेगा।

जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि डीएलएफ फ़ाउंडेशन के बाद अब जुबिलेंट कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन का लाभ जनपद के ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सकेगा।

# ठेकेदार को निगम में जुर्माने के साथ मांगनी पड़ी माफी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- बिना इजाजत रोड कटिंग पड़ी भारी

संजय नगर और राज नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर (आरडीसी) में रोड कटिंग करने पर आईजीएल ने निगम के खाते में एक लाख रुपए बतौर जुर्माना जमा करके अपने खिलाफ दर्ज केस वापस लेने का अनुरोध किया है।

हाल ही में आईजीएल ने राज नगर और संजय नगर सेक्टर 23 में निगम को बिना किसी सूचना दिए रोड कटिंग की थी। जिसके वहां से यातायात अवरुद्ध हो गया था। मामला जब नगर आयुक्त के संज्ञान में आया तो उन्होंने मौके पर जाकर इसकी जांच की और थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई और एक लाख का जुर्माना भी कंपनी पर लगा दिया।

अपने आप को घिरा देख बुधवार को कंपनी ठेकेदार ने एक लाख का चेक बतौर जुर्माना निगम के कोष में जमा करा दिया और भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति ना करने का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार



क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को शहर के गणमान्य लोगों के साथ बैठक करते बाबूगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम सिंह राठौर।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने को बैठक

**हापुड़।** बुधवार को एसपी संजीव सुमन के निर्देशन में थाना बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक उत्तम सिंह राठौर ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी सम्मानित लोगों को कोतवाली पुलिस द्वारा पब्लिक संवाद बनाने का भी भरोसा दिलाया। वहीं क्षेत्र में झूठी अफ़वाह फैलाने व माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष जगबीर सिंह व ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित क्षेत्र के सैंकड़ों सम्मानित लोग शामिल रहे।

### मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने इनके कब्जे से स्कूटी, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त लैपटॉप, बैग, लूटा हुआ माल बरामद किया गया है। एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि देररात करीब 11:45 बजे सूरजपुर पुलिस चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान सेक्टर 144 में स्कूटी सवार बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग के जवाब में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ चलाई गई गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। उन्हे जिला अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के नाम महेश और राहुल हैं। उन्होंने बताया कि इनसे दो तमंचे, कारतूस, स्कूटी, लैपटॉप, रॉड, बैग व लूटा हुआ माल बरामद किया गया है। बताया गया कि दोनों बदमाश गाडियों के शीशे तोड़ कर वारदातों को अंजाम देते थे।

### स्कूलों में पुस्तकालयों को दिए फर्नीचर

**धौलाना।** एनटीपीसी द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत 14 गांवों के सरकारी पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु कुर्सी, मेज तथा बुकसेल्फ फर्नीचर प्रदान किया गया। ग्राम रसूलपुर डासना स्थित पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष मानव संसाधन विजय लक्ष्मी मुरलीधरन ने मॉडल पुस्तकालयों को फर्नीचर सौंपते हुए कहा कि एनटीपीसी द्वारा समीपवर्ती क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जिसमें बच्चों की सुविधा के लिए सरकारी स्कूलों में पुस्तकालय की स्थापना की जा रही है। शीघ्र ही किताबों और कापियों की व्यवस्था भी की जाएगी। वहीं सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत एनटीपीसी के समीपवर्ती गांव प्यावली में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 275 ग्रामवासियों की जांच डा. नितिका जयंत व डा.सोनम प्रिया द्वारा की गई।

# उपभोक्ता को भेजा अनाप-शनाप बिल

**हापुड़/धौलाना।** बिजली विभाग ने सपनावत क्षेत्र के गांव छज्जूपुर निवासी किसान के घर 72449 रुपए का बिजली बिल भेजा है। साथ ही उसके साथ भेजे नोटिस में यह भी आरोप लगाया है कि बीते 28 सितंबर को चेकिंग के दौरान मीटर में कट लगाकर सीधे सप्लाई ली जा रही थी।

उपभोक्ता राजकुमार ने बताया कि वह साधारण किसान है और उसके घर में किसी प्रकार को कोई विद्युत उपकरण नहीं है। उसके मकान में मात्र बल्ब व ट्यूबलाइट हैं। पीड़ित ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है।

# दर्जनों वारदातों के आरोपी दो बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- 25-25 हजार का ईनाम था घोषित

कोतवाली व अल्फा टीम पुलिस के साथ शातिर बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक बाइक व अवैध हथियार बरामद किया है।

एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर कोतवाली व अल्फा टीम (क्राइम ब्रांच) पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र बजरिया कट पर चेकिंग की जा रही थी उसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा गया मगर दोनों रुकने के बजाय नया बस अड्डा की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो सांई उपवन की तरफ मुड़ गए। पुलिस द्वारा दोनों की घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया।

जवाबी फायरिंग में बदमाश नईम पुत्र कर्म इलाही निवासी मेन बाजार रावली रोड मुरादनगर गाजियाबाद और वसीम पुत्र शरीफ निवासी पीर वाली गली मुरादनगर गोली लगने से घायल हो गये। दोनों को गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया है।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, चार खोखा व चार जिन्दा कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। गिरफ्तार नईम और वसीम थाना मुरादनगर के वांछित बदमाश हैं। एसएसपी ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। नईम के विरुद्ध करीब एक दर्जन व वसीम पर दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।



मुठभेड़ में घायल हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर ले जाते पुलिसकर्मी।

# नोएडा की तर्ज पर जीडीए भी बढ़ाएगा किश्तों की अवधि

## अभी प्राधिकरण आवंटियों को केवल पांच वर्षों तक देता है भुगतान की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




गाजियाबाद विकास प्राधिकरण भी अब नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तर्ज पर आवंटित संपत्ति का भुगतान दस वर्षों तक लेने की तैयारी कर रहा है। बता दें कि अब तक जीडीए अपने आवंटियों को केवल पांच वर्ष की किश्तों में भुगतान की सुविधा प्रदान करता है जबकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने आवंटियों को दस साल की किश्तों में भुगतान की सुविधा देते हैं।

जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने बताया कि बोर्ड के समक्ष एक प्रस्ताव रखने की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी नोएडा और प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी अध्ययन कर रही है। उन्होंने कहा कि वह मानती हैं कि किश्तों पर भुगतान के लिए पांच वर्षों का समय बहुत कम है। ईडब्लूएस भवनों के लिए आवेदक की आय तीन लाख सालाना और एलआईजी के लिए छह लाख रूपए सालाना आय सीमा निर्धारित है। इतनी कम आय पर एनसीआर में परिवार चलाने के साथ मकान की किश्त देना काफी मुश्किल है।

हालांकि आवेदक जीडीए से किश्तों पर भुगतान की सुविधा लेने के बजाय बैंक से लोन लेकर एक मुश्त भुगतान करना ज्यादा मुनासिफ समझते हैं और बैंकों से 15 से 20 वर्षों तक ईएमआई के भुगतान की सुविधा ले लेते हैं, लेकिन बैंक से लोन मंजूर होना भी उतना आसान नहीं है। उन्होंने बताया कि कई आवेदक बैंक की औपचारिकताएं पूरी नहीं कर पाते। ऐसे में जीडीए अगर दस वर्षों तक किश्तों में भुगतान की सुविधा देगा तो उनके लिए बेहतर रहेगा। जीडीए वीसी ने बताया कि गरीब और जरूरतमंदों की सुविधा के लिए जीडीए बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव रखेगा और यदि बोर्ड से हरी झंडी मिल गई तो आने वाले दिनों में जीडीए के आवंटियों को भी नोएडा और ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर दस वर्षों तक किश्तों में भुगतान की सुविधा मिलने लगेगी।

# पहले चरण में दिव्यांगजनों के लिए समर्पित होंगे तीन पार्क

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- डीपीआर तैयार करने को कंसलटेंट की नियुक्ति

जीडीए ने महानगर के तीन पार्कों को दिव्यांग जनों को समर्पित करने का निर्णय लिया है। इन पार्कों में दिव्यांगजनों के लिए सुविधाजनक प्रवेश मार्ग से लेकर अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

हालांकि सामान्य जनों को भी इन पार्कों में जाने की अनुमति होगी लेकिन, दिव्यांगजनों और खासकर व्हील चेयर के साथ पार्क में जाने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा पार्क में ब्रेल लिपी में भी संदेश अंकित कराए जाएंगे। जीडीए दिव्यांग जनों को पसंद आने वाले खेल और खिलौनों की भी व्यवस्था इन पार्कों में कराने पर विचार कर रहा है। इसके लिए दिव्यांग जनों के लिए काम करने वाली संस्थाओं से विचार विमर्श किया जा रहा है। इसके डीपीआर बनाने के लिए एक कंसलटेंट की भी नियुक्ति की गई है।

जीडीए वीसी ने बताया कि इंदिरापुरम स्थित अबंतिबाई पार्क के अलावा मधुबन-बापूधाम और राजनगर योजना में भी एक-एक पार्क दिव्यांग जनों के हिसाब से विकसित किया जाएगा। पार्क में प्रवेश करने के लिए रैंप का निर्माण कराया जाएगा ताकि व्हील चेयर के साथ पार्क में प्रवेश किया जा सकेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

Umashankar

# कॉलोनियों में महिला के नाम होगी संपत्ति

## विधेयक में रजिस्ट्री के लिए महिला के साथ पति का नाम साथ जोड़ने का भी है विकल्प

- राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही ले लेगा कानून का रूप, 40 लाख लोगों को मिलेंगी सभी सुविधाएं : पुरी


राज्यसभा में बोलते केंद्रीय मंत्री हरदीप सिह पुरी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

संसद ने दिल्ली की 1731 अनधिकृत कालोनियों को नियमित करने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रावधानों के तहत इन कॉलोनियों में संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार परिवार की महिला सदस्य या महिला के साथ परिवार के किसी पुरुष सदस्य को संयुक्त रूप से दिया जाएगा।

पिछले कई दशक से लंबित इन कालोनियों को नियमित करने के संबंधी राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली (अप्राधिकृत कॉलोनी निवासी संपत्ति अधिकार मान्यता) विधेयक 2019 को विस्तृत चर्चा के बाद राज्यसभा ने मंजूरी प्रदान की। लोकसभा इस विधेयक को पिछले सप्ताह ही पारित कर चुकी है।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए आवास एवं शहरी विकास राज्मंत्री (स्वतंत्र प्रभाव) हरदीप सिंह पुरी ने स्पष्ट किया कि इन कालोनियों में संपत्ति के स्वामित्व के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर महिला या उसके पति अथवा परिवार के अन्य पुरुष सदस्य के नाम से संयुक्त रूप से संपत्ति का पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों द्वारा इन कालोनियों को अनधिकृत कहे जाने पर दर्ज कराई गई आपत्ति के जवाब में कहा कि यह नाम उन्होंने नहीं बल्कि कई दशक से प्रयोग में लाया जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वैसे भी इनके नियमित होते ही इनके माथे से अनधिकृत शब्द का धब्बा स्वत: हट जाएगा। पुरी ने कहा कि इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद कानून के रूप में इसके प्रवर्तन में आने पर इन कालोनियों में संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार मिल जाएगा और इसके साथ ही ये कालोनियां स्वत: नियमित भी जाएंगी। चर्चा के दौरान कांग्रेस के एल हनुमनथैया द्वारा दिल्ली के बाद देश के अन्य शहरों में मौजूद अनधिकृत कालोनियों और झुग्गी बस्तियों की समस्या को दूर करने की मांग पर पुरी ने कहा कि दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों के लिए निकाला गया फार्मूला देश के अन्य भागों में भी इस्तेमाल में लाया जा सकेगा।विपक्षी दल इन कालोनियों को नियमित करने के लिए तैयार की गई पीएम उदय योजना को जुमला बताकर सिर्फ 100 लोगों को स्वामित्व अधिकार देने की फर्जी खबरें सोशल मीडिया में फैला रहे हैं। इस योजना के तहत सभी 1731 कालोनियों के उपग्रह प्रणाली से नक्शे बनाकर सीमांकन किया जा रहा है। इनमें 1130 कालोनियों के नक्शे वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### 600 मैप हो चुके तैयार

पुरी ने बताया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण का एक पोर्टल इस संबंध में प्रभाव में आ चुका है जिसमें सारे मैप डाले जाएंगे। करीब 600 मैप तैयार भी हो चुके हैं। बाकी सभी मैप 31 दिसंबर तक पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगे। इसके अलावा 50 सहायता डेस्क भी स्थापित किए जाएंगे और जरूरत के अनुसार, इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि आवासीय कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए) को इन पर प्रतिक्रिया देने के लिए 15 दिन का समय मिलेगा। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री ने कहा कि इसके बाद स्वामित्व अधिकारों से वंचित लोग इस संबंध में बनाए गए एक अन्य पोर्टल पर रजिस्ट्री के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस विधेयक में इन अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें पॉवर ऑफ अटॉर्नी, विक्रय करार, वसीयत, कब्जा पत्र और अन्य ऐसे दस्तावेजों के आधार पर मालिकाना हक देने की बात कही गई है जो ऐसी संपत्तियों के लिए खरीद का प्रमाण हैं। इसके साथ ही ऐसी कॉलोनियों के विकास, वहां मौजूद अवसंरचना और जन सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रावधान भी विधेयक में किया गया है। इस विधेयक के कानून का रूप लेने के बाद, पंजीकरण तथा स्टैंप ड्यूटी में दी जाने वाली रियायत से दिल्ली की 1731 अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले 40 लाख से ज्यादा लोग लाभान्वित होंगे।



# सुरक्षा का मुद्दा संसद में उठाएं महिला सांसद : स्वाति मालीवाल

- ठोस कार्रवाई होने तक जारी रहेगा धरना, निकाला कैंडिल मार्च



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बुधवार को सभी महिला सांसदों से महिला सुरक्षा का मुद्दा संसद में उठाने का अनुरोध किया। इस दौरान धरने पर बैठे लोगों ने कैंडिल मार्च भी निकाला। उन्होंने महिला सांसदों से डीसीडब्ल्यू की मांगें पूरी करने का आश्वासन मांगा है। महिला सांसदों को लिखे पत्र में उन्होंने हैदराबाद में महिला पशु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या, राजस्थान में छह साल की बच्ची से बलात्कार और हत्या मामले का हवाला देते हुए कहा कि समूचे देश में बच्चियां और महिलाएं यौन उत्पीड़न की शिकार बन रही हैं।

पत्र में उन्होंने महिला सांसदों से डीसीडब्ल्यू की मांगों को उठाने का अनुरोध किया, जिसमें निर्भया बलात्कार मामले के दोषियों को तुरंत फांसी देने, दया याचिकाओं का समय रहते निपटारा और पुलिस संसाधन में इजाफा की मांग शामिल है। मांगों में त्वरित अदालतों की स्थापना और निर्भया कोष का उचित उपयोग भी शामिल है। संस्था ने पुलिस बल के डिजिटलीकरण और ऐसे मामलों में पुलिस की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए किसी सॉफ्टवेयर के निर्माण पर भी जोर दिया।

अगर वे संसद में इस मुद्दों को नहीं उठा सकतीं तो वे उनकी भूख हड़ताल की जगह पर आ सकती हैं। उन्होंने जोर दिया कि पिछले साल उनकी भूख हड़ताल के 10वें दिन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नाबालिगों से बलात्कार के दोषियों को मृत्युदंड की उनकी मांग के संदर्भ में एक अध्यादेश लागू किया था जिसमें 12 साल से कम उम्र की नाबलिग बच्चियों से बलात्कार के दोषियों को मृत्युदंड समेत कठोर दंड प्रावधान था।

## निर्भया के दोषी की दया याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय को 2012 के निर्भया सामूहिक दुष्कर्म मामले के दोषियों में से एक की दया याचिका खारिज करने की दिल्ली सरकार की सिफारिशें मिली है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दया याचिका खारिज करने की फाइल दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने गृह मंत्रालय को भेजी है। गृह मंत्रालय इस फाइल पर गौर करेगा और इसपर विचार तथा अंतिम फैसले के लिए इसे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेजेगा।युवती से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के गुनाह के लिए फांसी की सजा का सामना कर रहे दोषियों में एक विनय शर्मा ने राष्ट्रपति के सामने दया याचिका दायर की थी। निर्भया से 16 दिसंबर 2012 को सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। बुरी तरह जख्मी युवती की बाद में मौत हो गई थी। बलात्कार की इस बर्बर घटना के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया था और हर जगह विरोध प्रदर्शन हुए।

# स्थाई पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के खिलाफ डूटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शिक्षकों ने स्थाई पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में जारी परिपत्र के विरोध में बुधवार को कुलपति कार्यालय का घेराव किया।

वाइस रीगल लॉज इस्टेट में डीयू कुलपति का कार्यालय है। शुरूआत में शिक्षकों ने कार्यालय का घेराव किया और फिर इसके परिसर में प्रवेश किया। उन्होंने कार्यालय के काउंसिल हॉल में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। दिल्ली विश्वविद्यालय अध्यापक संघ (डूटा) ने हड़ताल आहूत की और शिक्षकों से कहा कि वह सभी आधिकारिक दायित्वों का बहिष्कार करें।

हड़ताल पर जाने का फैसला डीयू के 28 अगस्त को जारी परिपत्र के आधार पर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि मौजूदा शैक्षाणिक सत्र में स्थाई नियुक्तियों के पद पर केवल अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है। शिक्षक परिपत्र को वापस लिए जाने और तदर्थ शिक्षकों को शामिल करने के लिए नियमन की मांग कर रहे हैं।



# 'आप के अड़ियल रुख की शिकायत एलजी से करेंगे'




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के अंतिम सत्र में आप सरकार की तानाशाही चरम पर देखने को मिली। विपक्ष को भरोसा था कि अंतिम सत्र होने के कारण सरकार उसके द्वारा उठाये जाने वाले मुद्दों पर सदन में चर्चा करवायेगी। पर सरकार की रणनीति थी कि हर कीमत पर विपक्ष की आवाज को दबाया जाये। इस कारण सरकार विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों से भागती नजर आई। सरकार ने विरोधी पक्ष के सदस्यों को जनहित से जुड़े किसी भी मामले को सदन में रखने की अनुमति नहीं दी। नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा कि भाजपा विधायकों का प्रतिनिधि मंडल उपराज्यपाल अनिल बैजल से मिलकर सरकार के रवैये की शिकायत करेगा।

विजेन्द्र गुप्ता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह प्रजातंत्र के लिये यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने सदन के दोनों दिन विपक्ष द्वारा जनहित के किसी भी मामले को सदन में नहीं रखने दिया। उसने मनमाने ढंग से सदन को चलाती नजर आई और उसने विपक्ष की आवाज को कुचलने की कोशिश की।

## दंत चिकित्सक पर लड़की से छेड़छाड़ का आरोप

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी दिल्ली के कालकाजी इलाके में 52 वर्षीय एक दंत चिकित्सक ने उसके क्लिनिक में जांच के लिए आई नाबालिग से कथित तौर पर छेड़छाड़ की। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पीड़ित की मां की ओर से मिली शिकायत के अनुसार दंत चिकित्सक ने उसकी 15 साल की बेटी को 26 नवंबर और 28 नवंबर को गलत तरीके से छुआ था। पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिस्वाल ने बताया कि इस संबंध में रविवार को कालकाजी पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गंदे पानी से बढ़ रहे त्वचा रोग : लोचव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हर गांव और कस्बे में जिस तरह लगातार गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है, उससे लोग तरह-तरह के रोगों के शिकार हो रहे हैं। खासतौर पर गंदे पानी से त्वचा रोग सबसे ज्यादा बढ़ रहे हैं। दिल्ली प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष मनजीत लोचव ने ये बातें कहीं। बिजवासन विधानसभा के रंगपुरी पहाड़ी क्षेत्र में मनजीत लोचव के नेतृत्व में दिल्ली की केजरीवाल सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली गई। लोचव ने कहा कि दिल्ली सरकार को जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। वो सिर्फ जनता को गुमराह करने में लगी है। रैली में इंद्रपाल, प्रकाश वर्मा, गीता देवी, राजेन्द्र सिंह, रमा देवी, संतोष झा और रुख्सार खान सहित तमाम लोगों ने भाग लिया।



### अन्तरक्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अन्तरक्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2019 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्पोट्स कम्पलेक्स ईस्ट विनोद नगर, मयूर विहार फेस-2 में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी दिल्ली की महापौर अंजु कमलकांत उपस्थित थीं। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमहापौर संजय गोयल, स्थायी समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, नेता सदन, निर्मल जैन एवं अपर आयुक्त अल्का शर्मा ने की। इस अवसर पर कमलकांत ने प्रतियोगिता में भाग लेने आये सभी बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में अपनी पसंद का कोई एक खेल खेलना चाहिए क्योंकि इससे ना केवल स्वास्थ्य ठीक रहता है बल्कि यह जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का भी विकास करता है। उन्होंने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

### संस्कृत विषय में रोजगार की अपार सम्भावनाएं : भट्ट

**नई दिल्ली।** संस्कृत भाषा में लिखित साहित्यों में हर प्रकार का ज्ञान विज्ञान है । आज के विज्ञान को संस्कृत से ही मूल चिन्तन मिल रहा है । विज्ञान के सूत्रों का उल्लेख संस्कृत साहित्यों में मिलता है । संस्कृत विषय में रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं । ये विचार दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार द्वारा राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, लिंक रोड करोल बाग में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के मध्य मण्डल की छह दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर अकादमी के सचिव डॉ. जीतराम भट्ट ने व्यक्त किय । इस अवसर पर प्रतिभा विकास विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं मण्डल के संयोजक डॉ. हंसराज मोदी ने कहा कि मध्य मण्डल के सभी विद्यालयों को इन प्रतियोगिताओं के बारे में विभिन्न माध्यमों से जानकारी भेजी गई थी । मण्डल के अधिक से अधिक विद्यालयों को भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया गया । इस अवसर पर अनेक संस्कृत प्रेमी महानुभाव भी उपस्थित थे।

### सदर पहाड़गंज में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र केंद्र शुरू

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश ने शहरी व सदर पहाड़गंज क्षेत्रीय कार्यालय में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री जय प्रकाश ने कहा कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र केंद्र के उद्घाटन से अब नारिकों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पहले नागरिकों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, अब उन्हें सभी प्रमाण पत्र एक ही स्थान पर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वित्तीय संकट की परिस्थितियों के बाद भी विकास के पथ पर आगे बढ़ाना आसान नहीं है लेकिन नागरिकों के प्रति निगम की प्रतिबद्धता यह दिखाती है की उत्तरी दिल्ली नगर निगम समर्पित भाव से नागरिकों के लिए काम कर रही है।

### संगम विहार की बदहाली पर जौली के सीएम से सवाल

**नई दिल्ली।** भाजपा पूर्व विधायक विजय जौली ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के उस दावे को चुनौती दी जिसमें मुख्यमंत्री ने दिल्ली की अनधिकृत बस्तियों पर 8 हजार करोड़ रुपये खर्च कर इन्हें चमकाने का दावा किया था। ज्ञात रहे कल दिल्ली विधानसभा के वर्तमान सत्र में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अनधिकृत कॉलोनियों में तेज गति से पानी, नाली, सड़कें व सीवर की सुविधाएं वर्ष 2013 से 2019 तक उपलब्ध करवाने का दावा किया था।भाजपा नेता जौली ने प्रश्न करते हुए पूछा इतनी बड़ी धनराशि व पैसा कहॉ पर खर्च हुआ ? जबकि संगम विहार की सड़कें आज भी टूटी हुई व यहां के नागरिक उनकी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। जौली ने मुख्यमंत्री को चुनौती देकर संगम विहार की टूटी-फूटी पर 'ऊंट की सवारी' का निमंत्रण दिया।

## 4,204 नमूनों में 98 प्रतिशत पानी पीने योग्य : डीजेबी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने कहा कि उसने पिछले 10 दिनों में राष्ट्रीय राजधानी से पानी के 4,200 से ज्यादा नमूने एकत्र किए और इसमें से 98 प्रतिशत से ज्यादा पीने योग्य पाए गए।

उपाध्यक्ष दिनेश मोहनिया ने कहा, हमने पिछले 10 दिनों में समूचे शहर से पानी के 4,204 नमूने एकत्र किए। इनमें से 4,128 नमूने संतोषजनक पाए गए। भारतीय मानक ब्यूरो की रिपोर्ट में दिल्ली के पानी को पीने के लिए अनुपयुक्त बताए जाने की मंशा चुनाव के पहले अव्यवस्था पैदा करना है।

# महिलाओं के लिए रात्रि महोत्सव : वर्षा जोशी

**पीएनएस।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली नगर निगम परिषद (एनडीएमसी) ने बुधवार को करोल बाग में दो दिन महिलाओं के लिए रात्रि महोत्सव के आयोजन की घोषणा की। उनसे अनुरोध किया वे निडर होकर घरों से बाहर निकलें और सड़क पर खुलकर गीत-संगीत एवं महोत्सव का आनंद लें। दिल्ली में अजमल खां रोड पर अपनी तरह का यह पहला महोत्सव आयोजित होगा। इसका आयोजन बृहस्पतिवार और शुक्रवार को शाम सात बजे से रात 11 बजे तक होगा। सड़कों पर जश्न मनाने को लेकर मजबूत संदेश देने के लिए एनडीएमसी संयुक्त राष्ट्र महिला, दिल्ली पुलिस, राहगिरी फाउंडेशन, जगोरी एवं अन्य नागरिक समाज संस्थाओं के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। एनडीएमसी आयुक्त वर्षा जोशी ने कहा, हाल की घटनाओं ने समाज में कुछ लोगों की मानसिकताओं को उजागर किया है और यह महोत्सव इसी मानसिकता को बदलने के लिए है।

## यमुना किनारे लगेंगे सीसीटीवी : डीपीसीसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने बुधवार को राष्ट्रीय हरित अधिकरण को बताया कि यमुना किनारे गैरकानूनी ढंग से बालू का खनन रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं।

समिति ने अधिकरण को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में ऐसे नौ स्थान उत्तर पूर्वी जिले में, पांच दक्षिण पूर्वी जिले में, तीन मध्य जिले में और छह उत्तरी जिले में चिन्हित किए गए हैं। बैराज से 17 किमी तक गैरकानूनी ढंग से बालू का खनन नहीं है।

# निगम की मिलीभगत से बेसमेंट में चल रही थी क्लास: सौरभ भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निजी स्कूलों में सुरक्षा नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इसकी जांच रिपोर्ट दिल्ली नगर निगम को सौंप कर इन स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अनुरोध भी किया गया था। बावजूद इसके निगम ने आज तक इन सभी स्कूलों के खिलाफ कोई भी कार्यवाई नहीं की। यह बात आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से दिल्ली के चार प्राइवेट स्कूलोंए इंडियन स्कूल, केआर मंगलम स्कूल तथा समर फील्ड स्कूल का हवाला देते हुए कहा कि इन चारों स्कूलों के संबंध में याचिका कमेटी की एक रिपोर्ट भी विधानसभा में भी पेश की गई थी।

आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भी दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूल अभिभावकों से अधिक फीस की मांग कर रहे हैं।

# जेएनयू की संशोधित फीस की अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों से होगी तुलना



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति को जेएनयू में दूसरी बार संशोधित की गई शुल्क संरचना की अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों के साथ तुलना करने का निर्देश दिया है।

एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने मंगलवार को लिखे एक पत्र में तीन सदस्यी समिति को यह निर्देश दिया। अधिकारी ने कहा, हमने इस विषय पर स्पष्टीकरण मांगा है।

सदस्यों को विभिन्न विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना का विश्लेषण करना है और हमें उस बारे में जानकारी देनी है। उन्हें कोई समय सीमा नहीं दी गई है। गौरतलब है कि जेएनयू में सामान्य कामकाज को बहाल करने के लिए एचआरडी मंत्रालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने पिछले हफ्ते अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। छात्रावास शुल्क में वृद्धि को लेकर विश्वविद्यालय में जेएनयू प्रशासन और छात्रों के बीच गतिरोध चल रहा है।

जेएनयू ने इस मुद्दे पर गौर करने के लिए सात सदस्य एक आंतरिक समिति गठित की है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में सेवा शुल्कों में 50 प्रतिशत रियायत और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के छात्रों के लिए 75 प्रतिशत रियायत की सिफारिश की है।

# प्रगति मैदान में पांच सितारा होटल बनने का रास्ता साफ

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भूमि के मुद्रीकरण (मोनिटाइजेशन) को प्रदान की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रगति मैदान पर पांच सितारा होटल बनने का रास्ता साफ हो गया है। बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भूमि के मुद्रीकरण (मोनिटाइजेशन) को मंजूरी प्रदान की। यहां विश्व स्तरीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र के विकास कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस उद्देश्य के लिए 3.7 एकड़ अतिरिक्त भूमि के हस्तांतरण को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। आईटीपीओ को प्रगति मैदान पर 99 वर्ष के लीज होल्ड के आधार पर 3.7 एकड़ भूखंड को हस्तांतरित करने के लिए अधिकृत किया गया। पांच सितारा होटल के विकास और संचालन के लिए भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) तथा भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) एक विशिष्ट उद्देश्य कंपनी (एसपीवी) का गठन करेंगे। विशिष्ट उद्देश्य एसपीवी के लिए 611 करोड़ रूपए के मूल्य पर 99 वर्ष के लीज होल्ड के तहत 3.7 एकड़ भूखंड को हस्तांतरित करने के लिए भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) को अधिकृत किया गया है।



इसमें कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) परियोजना के कार्यान्वयन का कार्य तेजी से चल रहा है और इसके वर्ष 2020-21 तक पूरे होने की संभावना है। प्रगति मैदान पर होटल निर्माण कार्य जल्द समाप्त करने के लिए एसपीवी आवश्यक कदम उठाएगी, जिनमें लंबी अवधि की लीज के आधार पर होटल के निर्माण, संचालन और प्रबंधन के लिए पारदर्शी व प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के तहत तीसरा पक्ष विकासकर्ता व संचालनकर्ता का चयन शामिल है।

भारतीय व्यापार प्रोत्साहन संगठन (आईटीपीओ) प्रगति मैदान का पुर्नविकास कर इसे विश्वस्तरीय आईईसीसी बनाने के लिए एक मेगा परियोजना को लागू कर रहा है। होटल आईईसीसी परियोजना का मूल्य संवर्धन करेगा और भारतीय व्यापार व उद्योग को लाभ प्रदान करेगा।

## दुनिया के सबसे बड़े पेपर शो में पहुंचे लोग

प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर के नवनिर्मित आधुनिक प्रदर्शनी हॉल में दुनिया का सबसे बड़ा पेपर शो पेपरेक्स 3 से शुरू हुआ। यह प्रदर्शनी 6 दिसंबर चलेगी। प्रदर्शनी के 14 वें संस्करण में पल्प, पेपर और एलाइड इंडस्ट्रीज पर अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन में 28 देशों के लगभग 608 प्रतिभागियों की भागीदारी प्रदर्शकों और व्यापार प्रतिनिधियों के लिए एक नया अनुभव है। पेपरेक्स 2019 को मेसर्स हाईवे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया है। गेट 1 भैरों मंदिर की ओर और गेट 10 प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन की तरफ से आने वाले दर्शकों के लिए पंजीकरण के माध्यम से नि: शुल्क प्रवेश है।

# प्रदेश के साढ़े आठ हजार निजी स्कूलों में अब नहीं लगेंगी नर्सरी, एलकेजी की कक्षाएं

## मौलिक शिक्षा निदेशालय ने सभी शिक्षा अधिकारियों को जारी किए पत्र

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



**हरियाणा** के साढ़े आठ हजार प्राइवेट स्कूलों में वर्षों से चलाई जा रही नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाएं पूरी तरह से अवैध हैं। इनको लेकर किसी भी सरकार ने कभी कोई अधिकारिक नियम लागू नहीं किया। ऐसे में वर्षों से इतना बड़ा फर्जीवाड़ा आखिर किसकी शय पर होता आ रहा है। कौन निजी स्कूलों को इतनी छूट देता आया है। खैर, अब प्राइवेट स्कूलों में इन कक्षाओं के संचालन पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिये गये हैं। यानी अब नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी की कक्षायें प्राइवेट स्कूल नहीं लगा सकेंगे।

प्रदेशभर में लगभग साढ़े आठ हजार प्राइवेट स्कूल हैं। इन स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए तीन छोटी कक्षाओं का संचालन वर्षों से किया जाता है। इन कक्षाओं को नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी नाम दिया गया है। आपको जानकार हैरानी होगी कि ये सभी कक्षायें अवैध रूप से चलाई जा रही हैं। सरकार की ओर से इन कक्षाओं को लेकर कभी कोई अधिकारिक रूप से नियम लागू नहीं किये गये हैं। अभिभावकों से रकम ऐंठने का निजी स्कूलों ने यह आसान सा रास्ता निकाल रखा था। अभिभावकों की मजबूरी भी बन जाती थी उन्हीं स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने की। सरकार ने इन तीनों छोटी कक्षाओं को अवैध करार दिया है। बच्चे को सिर्फ और सिर्फ पहली कक्षा में ही दाखिल कराया जा सकता है। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी कुछ नहीं है। एक तरह से यह बच्चों का बचपन छीनने जैसा काम है। बच्चों द्वारा खेलकूद करके अपने बचपन का आनंद लेने के समय को स्कूलों में उनकी ग्रोथ के नाम पर खराब किया जाता रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

हरियाणा के मौलिक शिक्षा निदेशालय ने हरियाणा के सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी कक्षाओं को अब बिना किसी देरी के बंद करने के आदेश पारित किये हैं। मौलिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक की ओर से सभी मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर इस पर कार्रवाई की बात कही है। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग को भी इस बाबत सूचित किया गया है।

### शिकायत पर आरटीआई के बाद हुई कार्रवाई

**आपको** यह भी बता दें कि सरकार ने नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं को बंद करने के आदेश देने का कदम एक संगठन की पहल पर उठाया है। स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग नाम के इस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बृजपाल परमार की ओर से इसी साल यानी 10 जून 2019 को मौलिक शिक्षा निदेशालय को लिखित में शिकायत दी गई थी। उस शिकायत में कहा गया था कि हरियाणा स्कूली शिक्षा नियमावली के मुताबिक किसी भी मान्यता प्राप्त निजी में पहली से लेकर बारहवीं तक ही कक्षायें चलाई जा सकती हैं। जो कक्षायें नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नाम पर लगाई जा रही हैं, ये किसी भी नियम में शामिल नहीं हैं। मतलब पूरी तरह से यह कक्षायें अवैध हैं। इसलिए इन कक्षाओं को बंद किया जाना चाहिये। इस शिकायत पर मौलिक शिक्षा निदेशालय ने कार्रवाई करने की बजाय एक तरह से ठंडे बस्ते में डाल दिया था। शिकायतकर्ता बृजपाल परमार द्वारा इस बारे में जब आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांग गई तो विभाग हरकत में आया। अब विभाग की ओर से नोटिस जारी करके इन कक्षाओं को बंद करने के आदेश दिये गये हैं।

# गुरुग्राम में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़



**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में फिर से एक ऐसे कॉल सेंटर का पर्दाफाश हुआ है, जहां से लोगों को नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की जाती थी। गुरुग्राम के थाना साइबर अपराध की टीम ने यह कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मौके से काफी सामान भी बरामद किया गया है। साथ ही मौके से 14 युवक-युवतियों को काबू किया गया है।

गुरुग्राम के थाना साइबर अपराध को 15 अगस्त 2019 को राहुल कौशिक नाम के युवक ने शिकायत दी थी। शिकायत की जांच करते हुए थाना साइबर अपराध की पुलिस टीम ने अपने गुप्त सुत्रों की सहायता, पुलिस तकनीकी के साथ बेहद ही सावधानी से कार्रवाई की। मंगलवार को पुलिस ने यहां सोहना रोड स्थित स्पेज टावर में एनास्किवी इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड नाम के कॉल सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को वहां कुछ युवक-युवतियां मिले। पुलिस ने वहां पर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में पता चला कि वहां पर उनकी वेबसाइट पर लोगों के बायोडाटा फीड करने और उसी वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से धोखाधड़ी से पैसों का भुगतान कराया जाता है।

पुलिस ने मौके से 14 युवक-युवतियों को हिरासत में लिया है। यूपी के मुजफ्फनगर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी आमिर तुफेल, उत्तराखंड के देविदुरा जिला अल्मोड़ा निवासी मोहित सिंह, ओल्ड फरीदाबाद के सेक्टर-28 निवासी दिनेश शर्मा, फिदेड़ी रेवाड़ी निवासी लिल्लू, अर्जनगढ़ आयानगर दिल्ली निवासी अमित कुमार, यूपी के ओरावरी थाना शिवराजपुर निवासी पंकज कुमार, इमेलिया जिला मोहबा यूपी निवासी अर्चना श्रीनिवास हाल निवासी पालम विहार गुरुग्राम, पंजाब के लाधुक जिला फाजिल्का निवासी शिनू हाल निवासी सेक्टर-39 झाड़सा गुरुग्राम, नसियर जाट पानीपत निवासी वंदना हाल निवासी नजदीक मेदांता अस्पताल गुरुग्राम, दिल्ली की जेजे कॉलोनी निवासी चंचल कुशवाहा, कारीगोही रघुराज नगर जिला सतना मध्यप्रदेश निवासी हेमा विश्वकर्मा, प्रिया निवासी निहाल कालोनी न्यू पालम विहार गुरुग्राम, प्रीति निवासी सेक्टर-23 कार्टरपुरी गुरुग्राम और अंजलि निवासी नसीरपुर हरिजन बस्ती दिल्ली शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कार व बाइक की भिड़ंत में मामा-भांजे की मौत



**नूंह।** नूंह-मरोड़ा गांव के समीप बुधवार को बाइक व कार की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार दो मामा भानजा गंभीर रुप से घायल हो गए और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादशा इतना भयानक था कि देखने वाले लोगों के होश उड़ गए। हादशा होते ही लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस का देरी से पहुंचने पर लोगों ने घायलों को नूंह के नलहड़ मेड़िकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक समीम पुत्र दीन मोहम्मद (18) निवासी नूंह जलालपुर व सादिक अली पुत्र मुमताज अली (19) निवासी सुलतानुपर (भोपाल) अपने भानजे के साथ बाइक पर सवार होकर घासेड़ा से लौट रहे थे। जैसे ही वह मरोड़ा गांव के समीप पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचे तो सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक स्विफट कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए, लेकिन दोनों ने उपचार के दौरान नलहड़ मेड़िकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं इस हादशे से चंद कदम दूरी पर दो बाइकों की भिडंत से एक और हादशा हुआ, जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। बता दें कि फोरलाइन ना होने के चलते नूंह के गुरुग्राम-अलवर हाईवे पर आए दिन कोई ना कोई हादशा होता रहता है, लेकिन इसके बावजूद भी यहां के नेताओं ने अपनी आंखे बंद कर रखी हैं। चुनाव में तो इस मुददे को वोट बटोरने के लिए उठाया जाता है, लेकिन उल्लू सीधा होने के बाद सब भूल जाते हैं। जिसका खामयाजा आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां रहे लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### रवि कालरा को उप-राष्ट्रपति ने दिया राष्ट्रीय पुरस्कार

**गुरुग्राम।** बंधवाड़ी गांव निवासी रवि कालरा को बेसहारा विकलांगों, दिव्यजन लोगों की निष्काम सेवाओं के लिए दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मन्त्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। यह पुरस्कार भारत के विभिन्न राज्यों से आये 50 लोगों को उनकी सेवाओं एवं योग्यताओं के लिए दिया गया। जिसमें गुरुग्राम से रवि कालरा को दिव्यांगजनों की सर्वश्रेष्ठ नि:स्वार्थ उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की शिरकत उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा. थावरचंद गहलोत, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले, केंद्रीय राज्यमंत्री रतन लाल कटारिया, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सचिव शकुंतला डी. गैमलिन और उपमहानिदेशक किशोर बा. सुखाड़े ने शिरकत की। बता दें कि रवि कालरा पिछले 11 वर्षों से अनाथ मानसिक रूप से बीमार, दिव्यांगजन व वृद्ध लोगों की सेवा के लिए बंधवाड़ी गांव में आश्रम चलाते हैं। जिसमें 500 से अधिक लाचार दिवयांग लोग रहते हैं।

### कार्टरपुरी के बच्चे लेंगे ब्यूटी वेलनेस, आईटी की शिक्षा




**गुरुग्राम।** अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर के नाम से मशहूर गुरुग्राम के कार्टरपुरी गांव के सरकारी स्कूल में अब विद्यार्थी ब्यूटी वेलनेस, आई और आईटीईएस जैसे प्रोफेशन कोर्सेज की शिक्षा लेंगे। इसके लिए स्कूल में कैडमैन लैब की बुधवार को शुरुआत की गई है। 21वीं सदी में जरूरी हो गया है कि बच्चों को स्कूल के समय से ही तकनीकी शिक्षा का ज्ञान दिया जाये, ताकि वे आगे चलकर रोजगार लेने या फिर देने की दिशा में सार्थक पहल कर सकें। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान और कुंस्कैप्सकोलन की ओर से कार्टरपुरी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्किल लैब स्थापित की गई है। यह लैब केडमैन की ओर से स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने के बनाई गई है। इससे नौवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को ब्यूटी एंड वेलनेस, आईटी और आईटीईएस पढ़ने का मौका मिलेगा

### मनचलों को पकड़ने के लिए पुलिस बिना वर्दी मारेगी छापा

**सोहना।** पुलिस ने शहर में मनचले युवकों पर नकेल कसने के लिए विशेष मुहिम शुरू की है। पुलिस कर्मी सादे कपड़ों में मनचलों की धरपकड़ करेंगी। सोहना सिटी थाना पुलिस शहर में घूमने वाले मनचलों पर पैनी नजर रखेगी। शहर के बीच में स्थापित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाली बेटियों की सुरक्षा के लिए अब पुलिस कर्मी बिना वर्दी के ड्यूटी करेंगे। स्कूल व शहर की तंग गलियों में भी पुलिस कर्मी बिना वर्दी के गश्त करेंगे। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि सुबह 8 से 10 बजे और दोहपर बाद ढाई बजे से साढ़े तीन बजे के बीच में करीब आधा दर्जन पुलिस कर्मियों को बिना वर्दी तैनात किया गया है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के बाहर घूमने वाले मनचलों की हरकतों पर पुलिस नजर रखेगी। ताकि छात्राओं का पीछा करने वाला मनचले पकड़ में आ जाएं।


गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर में विधायक राकेश दौलताबाद का स्वागत करते ग्रामीण।

# हर तीन माह में दें प्रगति की रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सभी** अधिकारी आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। ताकि क्षेत्र के लोगों को सरकारी दफ्तरों के धक्के न खाने पड़ें। सभी विभाग के अधिकारी तीन माह का लेखा-जोखा प्रस्तुत करें। जिससे विकास कार्यो को गति तो दी ही जा सकती है, साथ में आ रही रूकावटों पर भी विशेष ध्यान दिया जा सकेगा।

यह बात बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश दौलताबाद ने बुधवार को फर्रुखनगर में कही। वे यहां मार्केट कमेटी, ब्लॉक कार्यालय तथा नपा परिसर में हुई आमजन, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों की बैठक लेने पहुंचे थे। उन्होंने आश्चर्य जाहिर किया कि कहने को तो फर्रुखनगर एक ऐतिहासिक शहर है, लेकिन पिछले 15 सालों में हर क्षेत्र में इसकी उपेक्षा होती रही है। जो एक चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि बादशाहपुर विस के गांव बादशाहपुर, झाडसा, गढ़ी हरसरू सभी में फर्रुखनगर के समान 10 से 12 हजार वोट हैं। लेकिन फर्रुखनगर में सबसे ज्यादा प्रशासन होने के बावजूद लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी टीम फर्रुखनगर के वर्तमान हालात की फोटो व विडियोग्राफी करेगी और आगामी तीन माह में उन कार्यों में क्या प्रगति हुई, इसकी रिपोर्ट सभी अधिकारी 11 दिसम्बर को लिखित रूप से तहसीलदार फर्रुखनगर को सौपेंगे।

कार्य में कोताही बरतने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री को लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी उन समस्याओं को जल्द निपटाये जो उनके स्तर की है। शेष समस्याओं के निदान के लिए सीएम सहाब से बैठक करके हल निकालेंगे। क्षेत्र के विकास में विकास राशि बाधा नहीं बनेगी। सरकार के पास बहुत पैसा है। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने उनका फूलमालाओं व पगड़ी बांधकर सम्मान किया।

## पंप संचालक बिजली का करंट लगने से घायल

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव महेन्द्रवाड़ा में जनस्वास्थ्य विभाग का पंप चालक करंट लगने से घायल हो गया। उसे सोहना के नागरिक अस्पताल से गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। बुधवार दोपहर महेन्द्रवाड़ा के पंप नंबर तीन पर तैनात चालक शशिभूषण त्यागी पानी चलाने के लिए पंप का बटन दबाया तो वह बिजली करंट लगने से पीछे फेंक दिया।

मौके पर दौड़कर आए लोगों ने शशिभूषण को बेहोशी की अवस्था में सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डाक्टरों ने हालात नाजुक होने पर गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

# पार्किंग के लिए पार्क के गेट को किया बंद, लोगों में रोष



**गुरुग्राम।** अपनी गाड़ियों की पार्किंग करने के लिए कुछ लोगों ने यहां सेक्टर-4 में पार्क के गेट को बंद कर दिया है। इससे वहां के निवासियों में रोष है। लोगों का कहना है कि पार्क के चार गेट हैं। इसी तरह से एक गेट पहले बंद कर दिया था। अब दूसरा गेट भी बंद कर दिया। यह गेट पार्क का मेन गेट था। अब बुजुर्गों का पार्क में जाना दुभर हो गया है।

शहर के सबसे पुराने सेक्टर-4 में अशोक शक्ति नाम से बने पार्क में रोजाना सैकड़ों लोगों का समय बीतता है। सेक्टर में करीब 200 परिवारों के 800 सदस्य हैं। एक तरह से यह पार्क लोगों खासकर बुजुर्गों के लिए आराम करने का बेहतर स्थान है। अपने वाहनों को पार्क करने के लिए कुछ लोगों ने अब इस पार्क के गेटों को ही बंद करना शुरू कर दिया है। पार्क के चार गेट में से एक गेट को तो पहले ही बंद किया जा चुका है, अब एक और गेट को तोड़कर दीवार बना दी गई है। यहां के निवासियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहां पर दबंगों द्वारा अपनी गाड़ियों की पार्किंग के लिए यह सब किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति उनके सामने बोलने से डरता है। पूर्व में भी यहां की नेबरहुड वेलफेयर एसोसिएशन नगर निगम के आयुक्त को पत्र देकर कहा था कि यहां पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। निगमायुक्त के साथ-साथ यह शिकायत पत्र मुख्यमंत्री हरियाणा, सेक्टर-4 पुलिस स्टेशन को भी दी गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब दूसरे गेट को भी बंद कर दिया गया है। इस गेट को बंद किये जाने के साथ बुजुर्गों की पार्क में एंट्री एक तरह से बंद ही हो गई है।

# वन-वे होंगी सड़कें, गैरपार्किंग पर कटेंगे चालान

## एसडीएम डॉक्टर चिनार ने नगर और पुलिस अधिकारियों की आपात बैठक में लिया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** शहर की मुख्य सड़कों को वनवे करने की मुहिम शनिवार से आरंभ होगी। अतिक्रमण करने वाले दुकानदार व वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जाएगा। सड़क पर खड़े होने वाले दो पहिया से लेकर बड़े वाहनों के चालान काटे जाएंगे।

बुधवार को एसडीएम डॉक्टर चिनार ने बुलाई आपात बैठक में सिटी थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार, एसीपी सतेन्द्र दहिया, सोहना व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव, हरिश नन्दा, रवि सिंगला, ललित शर्मा आदि लोगों से शहर को जाम से मुक्त करने को चर्चा की गई। पिछले एक माह पहले बनाई गई योजना को अमलीजामा न पहनाए जाने पर विचार किया गया कि किन कारणों से योजना सिरे नहीं चढ़ सकी। आखिर में अब पुलिस, नगरपरिषद और व्यापार मंडल संघ सुयुक्त रूप से एक मंच पर काम करके शहर को जाम से मुक्त कराने के लिए तैयार हुए।


शहर में यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर बैठक करते एसडीएम डॉक्टर चिनार।

**बड़े वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध :** शनिवार से शहर में यातायात के नियम बदल जाएंगे। शहर में आने के लिए बड़े वाहनों पर सुबह आठ से रात आठ बजे तक प्रतिबंध होगा। छोटे वाहन बस स्टैंड मार्ग से शहर में प्रवेश करेंगे। शहर से बाहर जाने का रास्ता अस्पताल मार्ग होगा। गुरुद्वारा व बस स्टैंड मार्ग से कोई भी वाहन शहर में नहीं आएगा। यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन का चालान काटा जाएगा।

**वाहन चालक पार्किंग का लाभ उठाएं :** शहर में स्थापित चार स्थानों पर पार्किंग सुविधा का वाहन चालक लाभ उठाएं। तावडू, पलवल, बल्लभगढ़, नूंह व मिडकौला से आने वाले वाहन चालक अपने वाहन को 33 केवीए पावॅर हाउस के बाहर खड़ा कर सकते हैं। चुंगी नंबर एक से आने वाले वाहन पुरानी तहसील परिसर में पार्क किए जाएंगे। बस स्टैंड परिसर में पार्किंग सुविधा पहले से ही लागू है। राजीव गांधी पार्क में बड़े वाहनों को पार्क किया जाएगा।

**बाइक व स्कूटी का भी कटेगा चालान :** यदि बाइक व स्कूटी भी शहर में सड़क या अन्य रास्ते पर खड़ी की जाएगी। तो उसका भी चालान कटेगा। साथ ही वाहन को कब्जे में लिया जाएगा। अतिक्रमण करने वाले दुकानदार का भी चालान काटा जाएगा और रेहड़ी वालों पर भी अंकुश लगेगा।

### क्या कहना है एसडीएम

**एसडीएम** डॉक्टर चिनार ने बताया कि शनिवार से शहर को जाम से मुक्त कर दिया जाएगा। जिसके लिए पुलिस और नगरपरिषद एक साथ मिलकर काम करेंगे। वहीं व्यापार मंडल संघ दुकानदार व व्यापारियों को दुकान और गोदाम से बाहर सामान बाहर न निकालने के लिए जागरूक करेगा।

# आईआईएफएल फाइनेंस का उत्तर भारत के 6 राज्यों में 'हर गोल्ड लोन पे गिफ्ट' ऑफर लॉन्च




**भारत** की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस सभी नए ग्राहकों को 'हर गोल्ड लोन पे गिफ्ट' ऑफर के साथ आकर्षक ऑफर प्रस्तुत कर रहा है। इस ऑफर के तहत 1 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2019 के बीच हर गोल्ड लोन पर ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे।

इस स्कीम के तहत 1 प्रतिशत प्रतिमाह की आकर्षक ब्याज दर प्रस्तुत की जा रही है और लोन की केवल 5 मिनट में तीव्र प्रोसेसिंग की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा गोल्ड पर अधिकतम लोन मूल्य एवं आसान डिजिटल पेमेंट भुगतानों की सुविधा भी दी जा रही है। यह ऑफर राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में आईआईएफएल की 352 से ज्यादा गोल्ड लोन शाखाओं पर उपलब्ध है। 'गोल्ड लोन पे गिफ्ट' के लॉन्च के बारे में श्री रवीश गुप्ता, नेशनल हेड- नॉर्थ ने कहा, "हमारा मानना है कि नया भारत न केवल बड़े सपने देखता है, बल्कि वह अपने इन सपनों को पूरा करना भी चाहता है। हम सपने पूरे करने की उनकी इस यात्रा में एक भरोसेमंद पार्टनर बनना चाहते हैं। आईआईएफएल सदैव से सर्वश्रेष्ठ उत्पाद प्रदान करने के लिए जाना जाता रहा है और गोल्ड लोन पे ये आकर्षक ऑफर हमारे नए ग्राहकों द्वारा बहुत सराहे जा रहे हैं।

इंडिया इन्फोलाईन फाईनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल फाईनेंस) एक व्यवस्थित महत्वपूर्ण नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी है, जो सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं करती और यह होम एवं प्रॉपर्टी लोन, गोल्ड लोन, सिक्योरिटी ? पर लोन, एसएमई बिजनेस एवं माईक्रो-फाईनेंस लोन का व्यवसाय करती है। आईआईएफएल फाईनेंस को क्राइसिल द्वारा एए (स्टेबल), आईसीआरए द्वारा एए (स्टेबल) एवं केयर द्वारा एए (पॉजिटिव) की लॉग टर्म क्रेडिट रेटिंग दी गई है।

# सोहना में अतिक्रमण हटाने का दुकानदारों ने किया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**शहर** में अतिक्रमण हटाने के लिए गए परिषद के कर्मचारियों और दुकानदारों के बीच हंगामा हो गया। दुकानदारों ने परिषद कर्मचारी पर अपशब्द बोलने का आरोप लगाया।

शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बुधवार दोपहर बाद परिषद कार्यालय की तरफ से करीब सौ कर्मचारी और अधिकारी शहर में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए गए थे। इस दौरान दुकानदारों ने परिषद के कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी की।

दुकानदार मुकेश का कहना है कि परिषद के कर्मचारी सामान हटाने के साथ-साथ बत्तमीजी से बोल रहे हैं। जिस दुकानदार का सामान हद में रखा है उसका सामान भी उठाया जा रहा है। दुकानदारों ने परिषद के दल में शामिल महिला कर्मचारी पर भी गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महिला कर्मचारी सफाई इंस्पेक्टर थी ने बताया कि उन्होंने ऐसा कुछ गलत नहीं कहा। उन्हें जो आदेश मिले हैं। उस आदेश के मध्येनजर दुकानदार को अपना सामान उठाने के लिए कहा था। इसी बीच दुकानदारों ने सड़क के बीच में ही हंगामा कर दिया। अतिक्रमण हटाए जाने का विरोध जताया। आखिर जैसे-तैसे मामले को शांत कराया। शहर के पुराना अलवर मार्ग, अग्रसेन मार्ग, अग्रसेन चौक, बाईपास चौक, पुराना लेबर चौक, खेल चौक से अतिक्रमण का सफाया किया।

# दिल्ली से डायरेक्ट वाराणसी और इंदौर, दो नए गंतव्य जोड़े

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**भारत** के सबसे भरोसेमंद, समय के पाबंद और सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन गोएयर ने आज अपने लगातार बढ़ते नेटवर्क के लिए 22 नई उड़ानों को जोड़ने की घोषणा की। इनमें दो नए गंतव्य, वाराणसी और इंदौर, और इसके मौजूदा नेटवर्क जैसे बेंगलुरु-कोच्चि, कोच्चि-हैदराबाद, दिल्ली-वाराणसी, अहमदाबाद-वाराणसी, दिल्ली-इंदौर, अहमदाबाद-इंदौर पर नए कनेक्शशन और दिल्ली-गोवा सेक्टर पर छह नये कनेक्शन्स शामिल हैं।

गोएयर के प्रबंध निदेशक श्री जेह वाडिया ने कहा: गोएयर इस वर्ष का समापन शानदार ढंग से करेगा- आक्रामक नेटवर्क विस्तार, एयरक्राफ्ट के बेड़े में बढ़ोतरी, नए गंतव्यों के संकलन के अलावा हमारे मौजूदा नेटवर्क पर छह नए कनेक्शन। पिछले 12 महीनों में हमारी नेटवर्क क्षमता 33 फीसदी बढ़ गई है, 17 नए एयरक्राफ्ट को बेड़े में शामिल किया है, जिसके परिणामस्वरूप 100 नई उड़ानें सामने आई हैं। हमने अपने नेटवर्क में 10 नए एयरपोर्ट जोड़े हैं - फुकेट, माले, अबू धाबी, मस्कट, दुबई, बैंकॉक, कुवैत, सिंगापुर, कन्नूर और आइजोल। अपनी स्थापना के बाद से हमने 78.6 मिलियन यात्रियों को उड़ाया है और हमारा उद्देश्य अगले दो वर्षों में 100 मिलियन के आंकड़े तक पहुंचना है। गोएयर ने 144 ए320निओ विमानों का पुख्ता ऑर्डर दिया है और हम भविष्य में औसतन एक महीने में कम से कम एक विमान प्राप्त करेंगे।" 20 दिसंबर 2019 से प्रभावी, गोएयर बेंगलुरु शहर को कोच्चि से जोड़ेगा, जिससे व्यापार और घूमने-फिरने वाले यात्रियों को समान रूप से मदद मिलेगी। बेंगलुरु के साथ, गोएयर दोनों शहरों के निवासियों को व्यापार संबंधों को मजबूत करने और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए कोच्चि को हैदराबाद से भी जोड़ेगा। ये उड़ानें प्रतिदिन संचालित होंगी।

# डीसी की फटकार के बाद चमकने लगा बीके अस्पताल

## दवाओं की अभी भी है भारी किल्लत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल का मंगलवार को जिला उपायुक्त अतुल कुमार द्विवेदी ने दौरा किया था और उन्होंने दो कर्मचारियों को निलंबित कर अपने तेवर दिखा दिए थे। उन्होंने एक बिस्तर पर दो-तीन मरीज, एक ही स्टैंड पर तीन-चार मरीजों की ड्रिप और शौचालयों की गंदगी देखकर तथा मरीजों की कई शिकायतें सुनकर चिकित्सकों व पीएमओ को स्थिति में सुधार करने की सख्त चेतावनी दी थी। इसके बाद अस्पताल में मरम्मत और साफ-सफाई का कार्य तेजी से किया गया, क्योंकि डीसी फिर से अस्पताल का दौरा कर सकते हैं। हालांकि दवाईयों का अभी भी अभाव बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को डीसी की फटकार के बाद अस्पताल में साफ सफाई से लेकर मरीजों के लिए अलग-अलग रूम बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बीती रात अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में कर्मचारियों ने साफ-सफाई करके कक्षों को चमका दिया और यहां बने काउंटरों को हटाकर वहां बिस्तर लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया। कर्मचारियों का कहना था कि दोबारा उपायुक्त आएंगे, तो उन्हें सब कुछ बदला हुआ मिलेगा। हालांकि डीसी की फटकार के बाद भी मरीजों को अलग करने की नीति पर कार्य नहीं किया गया। बुधवार को अपातकालीन कक्ष में महिला व पुरुषों को एक ही स्थान पर देखा गया। इसके अलावा बिस्तरों पर कई वार्ड में अब भी दो मरीज लेटे हुए पाए गए।





### सबसे अहम काम नहीं

इस अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज पहुंचते हैं और यहां अक्सर दवाओं का अकाल बना रहता है। डीसी के आदेश के बावजूद भी यहां बुधवार को भी दवाओं की कमी देखी गई। कई मरीजों को डॉक्टर के नुस्खे में लिखी कम दवाईयां ही वितरित की गईं।

### अस्पताल में ये हुईं तब्दीलियां

अक्सर बूढ़े की तरह खांसने वाली एक्स रे मशीन काम करती नजर आई। उसे ठीक करवा दिया गया और जमकर एक्स रे हुए। शौचालय के लिए ठेकेदार को पड़ी झाड़ का कमाल था कि शौचालय की मरम्मत का काम चल रहा है। टूटियों में पानी आना शुरू हो गया है।

# शॉट सर्किट से मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गौंछी** गांव स्थित एक मकान में शॉट सर्किट के कारण आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। संकरी गली होने की वजह से फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंच पाई। आस-पास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से उत्तरप्रदेश की रहने वाली सरोज नामक महिला गौंछी गांव में दो कमरों का एक मकान किराए पर लेकर परिवार के साथ रहती है। परिवार के लोग शहर में मेहनत-मजदूरी करने का काम करते हैं।



## आस-पास के लोगों ने किसी तरह पाया आग पर काबू

अन्य दिनों की तरह बुधवार को भी सभी अपने-अपने काम पर चले गए थे। इसके बाद सरोज अपने घरेलू कामों को निपटाने में व्यस्त थी। उसी दौरान उनके घर में रखे फ्रिज में शॉट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैलनी शुरू हो गई। सरोज के शोर मचाने पर आस-पास के लोग वहां पहुंच गए। किसी ने मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दे दी। फायर ब्रिगेड पहुंच तो गई, लेकिन गली सकंरी होने के कारण अंदर नहीं जा पाई। इस दौरान आसपास के लोगों ने पानी डाल डाल कर किसी तरह आग पर काबू पा लिया। इस घटना में हजारों रुपये का घरेलू सामान जल कर नष्ट हो गया है।



# कैंटर की चपेट में आकर एक शिक्षिका की मौत, दूसरी घायल

**फरीदाबाद।** गुरुग्राम रोड पर सैनिक कॉलोनी के निकट तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक कैंटर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते एक स्कूटी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार दो अध्यापिकाएं घायल हो गईं। दोनों को इलाज के लिए सेक्टर 21ए स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान इनमें से एक अध्यापिका की शाम को मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर 48 में रहने वाले सायरा और सोनिका गांव अनखीर स्थित सरकारी स्कूल में जेबीटी अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। इन दिनों शिक्षा विभाग की तरफ से विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण गांव पाली स्थित डाइट सेंटर में किया जा रहा है। अन्य दिनों की तरह बुधवार सुबह भी सायरा और सोनिका स्कूटी पर सवार होकर गांव पाली प्रशिक्षण लेने के लिए जा रही थी। उसी दौरान सैनिक कालोनी के निकट तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक कैंटर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी और वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने दोनों को सेक्टर 21ए स्थित एशियन अस्पताल में दाखिल करवा दिया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सोनिका को घर भेज दिया है। जबकि सायरा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे आईसीयू वार्ड में वैंटीलेटर पर रखा गया था। शाम को इलाज के दौरान सायरा ने दम तोड़ दिया।

# शैड की चादर टूटकर गिरी, दो घायल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## एक मजदूर गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग रेफर

## सेक्टर 24 स्थित एक कंपनी में हुई घटना

## मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**सेक्टर** 24 स्थित एक कंपनी के शैड की छत पर चढ़कर मरम्मत का काम कर रहे दो मजदूर बुधवार की दोपहर को चादर टूटने से सीधे जमीन पर आ गिरे। इस घटना में दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए है। इनमें से एक मजदूर की चिंताजनक हालत को देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर 24 स्थित एक कंपनी में पिछले कई दिनों से शैड की मरम्मत का काम चल रहा है। कंपनी ने मरम्मत का ठेका किसी ठेकेदार को दिया हुआ है। ठेकेदार के पास डबुआ कालोनी निवासी सलमान और सोनू पिछले कुछ दिनों से काम कर रहे हैं। बताया गया है कि बुधवार की दोपहर को ठेकेदार ने सुरक्षा के इंतजाम किए बिना दोनों को शैड की छत पर चादर बदलने के काम में लगाया हुआ था। उस दौरान एक चादर टूटने से सलमान और सोनू सीधा जमीन पर आ गिरे। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कंपनी प्रबंधकों द्वारा दोनों को तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां सोनू की चिंताजनक हालत को देखते हुए डाक्टरों ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जबकि सलमान का उपचार शुरू कर दिया गया है।



# सभी डीसीपी को एक घंटा खुला दरबार लगाने के आदेश

**फरीदाबाद।** प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज के आदेश के बाद पुलिस आयुक्त केके राव ने सभी डीसीपी को रोजाना 11 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय में खुला दरबार लगाने के निर्देश दिए हैं। बृहस्पतिवार से जिले में इसकी शुरुआत हो जाएगी। पुलिस आयुक्त खुद भी अपने कार्यालय में बैठकर लोगों की शिकायतें सुनेंगे।

पुलिस आयुक्त राव ने यह भी साफ किया है कि खुला दरबार का अर्थ यह नहीं है कि अधिकारी कार्यालय से बाहर बैठकर खुले में सुनवाई करेंगे। बल्कि इसका अर्थ यह है कि कोई भी व्यक्ति इस दौरान अपनी शिकायत लेकर अधिकारी से मिल सकते हैं। इस दौरान अधिकारी की कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने सभी डीसीपी को लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जब जरूरी होगा, तब अधिकारी कार्यालय के बाहर खुले में बैठकर भी लोगों की शिकायतें सुनेंगे।

राव ने कहा कि गृहमंत्री द्वारा की गई नई व्यवस्था से लोगों को काफी राहत मिलेगी। दरअसल, थाना व चौकियों में की जा रही कार्रवाई को लेकर लोगों के पास तमाम शिकायतें होती हैं। मगर उन्हें पता ही नहीं होता कि किस समय व किस अधिकारी से मुलाकात करनी चाहिए। अब 11 से 12 बजे के बीच लोग अपनी शिकायत लेकर अपने क्षेत्र के डीसीपी के पास जा सकते हैं। अधिकारियों को लोगों की शिकायत का तुरंत समाधान करना होगा। अगर लोग डीसीपी द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे पुलिस आयुक्त के पास जा सकते हैं। जिले में रोजाना 100 से अधिक शिकायतें पहुंचती हैं।

# गीता जयंती महोत्सव छह सितंबर से

**फरीदाबाद।** श्रीमद्भगवत गीता में वर्णित जीवन सार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गीता जयंती महोत्सव का आयोजन जिला स्तर पर स्थानीय सेक्टर 12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में छह से आठ दिसंबर तक किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अतुल कुमार ने स्थानीय लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में संबंधित अधिकारियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक ली और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये तथा संगठनों के प्रतिनिधियो के साथ सुझाव सांझे कर मार्गदर्शन किया। उन्होंने गीता जयन्ती महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि वे अपनी ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी व गंभीरता से करते हुए महोत्सव के सफल आयोजन को सुनिश्चित करें। श्रद्धा एवं भाव के इस महोत्सव में प्रवेश निशुल्क है।

# मानधन योजना के लिए लघु उद्यमियों और व्यापारियों को जागरूक करें: अतुल द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** उपायुक्त अतुल कुमार ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना व उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना के बारे में अधिक से अधिक लाभार्थियों को जागरुक करें और जिन विभागों को जो भी टारगेट दिये गये हैं, उन्हें निर्धारित समय पर पूरा करें।

उपायुक्त द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना तथा राष्ट्रीय पैंशन योजनाओं के क्रियान्वित करने के लिए सरकार प्रदेश और जिला स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। सभी विभागों के अधिकारी आपस में तालमेल बनाकर इन दोनों योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए दिए गए टारगेट को आगामी छह दिसम्बर तक पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ये दोनों योजनाएं श्रमिकों, छोटे दुकानदारों और लघु उद्योग चलाने वालों तथा जिन परिवारों की आय 15 हजार रूपये प्रति महीना या इससे कम है, तो उन परिवार के लोगों को भी इसमें शामिल करके उनका एनरोलमेंट करना सुनिश्चित करें।



उन्होंने पेंशन लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इन पेंशन स्कीमों का लाभ लेने के लिए लाभार्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच तथा आय 15 हजार रुपये मासिक से कम होनी चाहिए। इसके अलावा लाभार्थी ईएसआई व पीएफ का सदस्य भी नहीं होना। आयु के अनुसार अंशदान करने वाले श्रमिकों को निश्चित पेंशन की गारंटी सरकार की ओर से दी जाती है। उन्होंने कहा कि लघु व्यापारियों के लिए पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए 1.5 करोड़ से कम वार्षिक टर्न ओवर होना चाहिए। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए मासिक अंशदान 18 वर्ष आयु के लिए 55 रुपये व 40 वर्ष की आयु के लिए 200 रुपये प्रति मास होगा और इतना ही पैसा भारत सरकार द्वारा दिया जाएगा। अतुल कुमार ने कहा कि श्रम योगी मानधन योजना तथा राष्ट्रीय पैंशन योजना के लाभार्थियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य स्कीमों और योजनाओं के माध्यम से पैंशन या कोई दूसरी योजना से कोई भी प्रभावित नहीं होगा।

# नोटिस मिलने पर व्यापारी ज्वाइंट कमिश्नर से मिले

**फरीदाबाद।** एनआइटी के पांच नंबर में अतिक्रमण करने पर नगर निगम से नोटिस मिलने पर कई दुकानदारों ने एनआइटी नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रशांत अटकान के मिलकर गुहार लगाई। दुकानदारों ने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राम जुनेजा और पूर्व पार्षद प्रताप चावला के साथ मिलकर प्रशांत अटकान को स्थिति से अवगत कराया और बताया कि वे छोटे दुकानदार हैं और उनका इतना बड़ा कारोबार नहीं है कि ट्रेड लाइसेंस फीस भर सकें।

पांच नंबर सब्जी मंडी के आस-पास के दुकानदार कोई वाणिज्यिक कर नहीं देते हैं। पिछले दिनों नगर निगम की ओर से इन दुकानदारों को ट्रेड लाईसेंस के बारे में नोटिस दिए गए थे। यह शिकायत भी थी कि कई दुकानदारों ने दुकानों के बाहर अतिक्रमण किया हुआ है।वर्षों पूर्व नगर निगम ने पांच नंबर में 175 दुकानों को लीज पर दिया था। दुकानदारों की ओर से निगम को इसका किराया भी दिया जाता है। व्यापारी राम जुनेजा ने कहा कि सभी दुकानदार छोटे कारोबारी हैं। ऐसे में वह इतना नहीं कमाते हैं कि ट्रेड लाइसेंस की फीस चुका सकें।

**मौर्या इंडस्ट्रियल रिसोर्सेज लिमिटेड**
805, ई-ब्लॉक, इंटरनेशनल ट्रेड टॉवर, नेहरू प्लेस नई दिल्ली-110019
फोनः 011-26423911,
ईमेलः maurya1985@gmail.com
CIN: U65999DL1985PLC019988

**मैसर्स मौर्या इंडस्ट्रियल रिसोर्सेज लिमिटेड** के मामले में

**सार्वजनिक कंपनी को निजी कंपनी में बदलने के लिए**

क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट मामलों के मत्रालय के समक्ष, उत्तरी क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 धारा 14 और कंपनियों (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41 के मामलें में
और
**मैसर्स मौर्या इंडस्ट्रियल रिसोर्सेज लिमिटेड**, ई-805, इंटरनेशनल ट्रेड टॉवर, नेहरू प्लेस, साउथ दिल्ली-110019 में अपना पंजीकृत कार्यालय हैं के मामलें में। .......आवेदक

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी का इरादा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के तहत केंद्र सरकार को एक आवेदन करने का है, जो उपरोक्त नियमों के साथ पढ़ा गया है और विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में एक निजी लिमिटेड कंपनी में पविर्तित करने के लिए इच्छुक है। कंपनी को इस तरत के रूपांतरण के लिए प्रभाव प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए 30 नवंबर, 2019 को अतिरिक्त बैठक आयोजित की गई है।

कोई भी व्यक्ति जिसकी रूचि कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से प्रभावित होने की संभावना है तो वह अपनी रूचि के स्वरूप और संबंधित के विरोध के आधार बताते हुए हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों के पंजीकृत पोस्ट द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 पर वितरित या भेज सकता है। इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय में एक कॉपी के साथ नीचे दिए गए पते पर भेज सकता है:

**आवेदक की ओर से और उसके लिए**
**हस्ता/-**
**रजत अग्रवाल**
**निदेशक**
**स्थानः नई दिल्ली**
**तिथिः 04.12.2019** DIN: 000266205
**मौर्या इंडस्ट्रियल रिसोर्सेज लिमिटेड**
**ई-805, इंटरनेशनल ट्रेड टॉवर, नेहरू प्लेस, साउथ दिल्ली-110019**

# हैदराबाद मामला: सेक्टर-7 में निकाला कैंडल मार्च

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मानव** सेवा समिति और शक्ति मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों ने सेक्टर 7-10 मार्केट में कैंडल मार्च निकालकर हैदराबाद रेप एंड मर्डर केस पर रोष प्रकट करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और हत्यारों को तुरंत फांसी की सजा देने की मांग की।

मार्केट एसोसिएशन के प्रधान वासुदेव अरोड़ा और महिला सेल की चेयरमैन ऊषा किरण शर्मा ने कहा कि पहले निर्भया और अब यह डॉक्टर। महिलाओं के साथ ऐसा अत्याचार कब तक होता रहेगा। ऐसी घटनाएं संस्कारों की कमी का नतीजा हैं। आगे से ऐसी घटनाएं न हों। इसके लिए सभी सभ्य समाज को आगे आना होगा और अपने बच्चों खासकर लड़कों में अच्छे संस्कार का निर्माण करना होगा। समाजसेवी कैलाश शर्मा, सुरेंद्र जग्गा, वीके उप्पल, यशपाल भल्ला, ब्रजेश कुमार, किशन मोंगा, पवन अरोड़ा, हेमंत, टीटू व नरेश भटेजा, जगदीश वर्मा विनोद मग्गू, युगल किशोर, बाबा, जय भाटिया, जवाहर ने कहा कि निर्भया कांड के हत्यारों को अभी तक फांसी न होने से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। किसी को डर ही नहीं हैं। कैंडल मार्च में कमला वर्मा, मीरा माथुर, संतोष दहिया, सुष्मिता, नीलम, संगीता, पूनम व मंजू आदि मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



# देशभक्ति के गानों पर जमकर नाचे दिव्यांग

**फरीदाबाद।** एनआईटी दो स्थित सरकारी स्कूल में बुधवार को दिव्यांग दिवस मनाया गया, जिसमें देशभक्ति व पंजाबी गीतों पर दिव्यांग विद्यार्थियों ने जमकर नृत्य किया। विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

दिव्यांग दिवस के मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पहले दिन खेलकूद और दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुधवार को हुए कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा विभाग की डीपीसी अनीता शर्मा और सतेन्द्र शर्मा ने किया। जबकि मंच संचालन स्पेशन टीचर सरला रानी ने किया। जज के रूप में दो नम्बर स्कूल की प्रिंसीपल हेमलता, परविन्द्र सिंह और नीलम थीं। सरला रानी ने बताया कि प्रतियोगिता में नौवीं से 12वीं और छठी से आठवीं के छात्रों ने भाग लिया था।

# बल्लभगढ़ बाजार में अतिक्रमण करने पर काटे गए चालान

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**शहर** में व्यापक स्तर पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए दुकानदारों को एक हफ्ते पहले दिए गए अल्टीमेटम और मुनादी कराने के बाद बुधवार को प्रशासन ने मुस्तैदी से अतिक्रमण हटवाया। एसडीएम त्रिलोकचंद के नेतृत्व में एसीपी जयवीर राठी पुलिस फोर्स के साथ बाजार में अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंचे। काफी दुकानदारों ने बाहर रखे सामान को स्वयं हटा लिया और जिन लोगों ने नहीं हटाया, उनकी वीडियोग्राफी करवाकरचालान किए गए।

दो घंटे से अधिक समय तक बाजार में पैदल चलते हुए अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर आगे से इस तरह अतिक्रमण किसी दुकानदार के समक्ष पाया जाता है, तो भारी चालान के साथ पुलिस केस भी दर्ज होगा। प्रशासन तो अपना कार्य कर ही रहा है, लेकिन दुकानदारों को भी आम जनता की सहूलियत को देखते हुए अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। बललभगढ़ का बहुत बड़ा बाजार है और इसमें चलने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता है। गाड़ियों का अंदर जाना तो बड़ी बात है। दुकानदारों द्वारा सड़क पर दोनों तरफ सामान लगा दिया जाता है।



**PUBLIC NOTICE**

Be it known to public at large that my client Sh. R.P. Sharma S/o Late Sh. Mathura Dass Sharma & Smt. Veena Sharma W/o Sh. R.P. Sharma both resident of 7/D, Phase-1, Pocket-IV, Mayur Vihar, Delhi-110091, being aggrieved by the conduct and behavior of their son Vikram Sharma and their daughter-in-law Kanika Sharma both resident of 120D, Pkt-1, Phase-1, Mayur Vihar, Delhi has Disowned and Debarred them from all their immovable and movable properties with immediate effect and has severed all relations with them. My client shall not be liable in any manner whatsoever for the deeds and acts of the said couple in past and future.

V.P. Nahar, Advocate
Chamber No. 65,
Patiala House Court, New Delhi
Mob.: 9810658204

**PUBLIC NOTICE**

My clients Shree Chand S/o Late Shri Shoni Ram, his wife Smt. Manti Devi and Shri Krishan Kumar S/o Shree Chand all the R/o H. No. 9/4682, Gali No. 1, Ajeet Nagar, Gandi Nagar, Delhi-31 are absolute owner of the above said property have severed all his relations from their sons and brothers respectively Shri Jile Singh, his wife Smt. Poonam, Shri Charan Singh and his wife Smt. Seema due to their misbehavior, Misconduct, and disobedient attitude towards my clients and their respective wives and family members. My client Shree Chand also debars the above said sons and their wives from his all movable and immovable properties. My clients shall not be responsible for any acts, deeds, transactions done by their above named persons in future.

**Amit Kumar Pandey, Advocate**
**Ch. No. 501, Patiala House Courts**
**New Delhi-110001**
**Mob:- 9871450318, 9871450108**

# युवा उद्यमी हर्ष दहिया को 'एंटरप्रेन्योर ऑफ द इयर' अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हार्वेस्टो कं**पनी के निर्देशक और युवा उद्यमी हर्ष दहिया को संसद सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री केजे अल्फोंस द्वारा 'एंटरप्रेन्योर ऑफ द इयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हाल ही में आयोजित 50 वें नेशनल लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स के दौरान उन्हें दिया गया।

हर्ष दहिया इंग्लैंड की प्रसिद्ध कार्डिफ यूनिवर्सिटी से पढ़े हुए एमबीए और कंप्यूटर इंजीनियर हैं। इन्हे इंगलैंड में 'सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन सलाहकार' के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। हर्ष दहिया ने भारतीय किसानों के लिए मिट्टी परीक्षण तकनीक को सुलभ और सस्ती बनाकर भारतीय कृषि क्षेत्र में बहुत योगदान दिया है। हार्वेस्टो के उत्पादों का उपयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साइल हेल्थ कार्ड प्रोग्राम में भी किया जा रहा है। हर्ष दहिया ने हार्वेस्टो कंपनी की शुरआत देश के किसानों के लिए कुछ अच्छा करने के लिए की थी। हार्वेस्टो ने देश भर में 300 से ज्यादा युवाओं को कृषि-उद्यमी बनाकर उन्हें एक गरिमामय स्वरोजगार दिया है। हर्ष दहिया के नेतृत्व और परिश्रम से आज हार्वेस्टो की मशीन 30 से ज़्यादा देशों में काम कर रही हैं और हार्वेस्टो आज विश्व की अग्रणी मृदा प्रौद्योगिकी कंपनी है।

नेशनल लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री संतोष गंगवार, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु, पूर्व केंद्रीय मंत्री केजे अल्फोंस और पूर्व केंद्रीय मंत्री केवी थॉमस आदि कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




# विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी में सिखाएंगे जर्मन भाषा

**फरीदाबाद।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि पलवल जिला के गांव दुधोला में स्थापित 'श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी' में जर्मन भाषा सिखाने के लिए कोर्स शुरू किया जा रहा है। ताकि इसको सीखकर युवा रोजगारोन्मुख हो सकें। जर्मन भाषा विश्व की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में एक है।

कंवर पाल ने बताया कि हरियाणा सरकार ने विश्व में जर्मन भाषा के बढ़ते महत्व को देखते हुए 'श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी' में कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया है। इस कोर्स की विश्व स्तर की ट्रेनिंग दी जाएगी और पास आऊट युवाओं को प्लेसमैंट भी करवाया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता-700020
सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और एतएव उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | के सजीव कुमार/सोनिया जॉन (गारंटर)/रूम नंबर 202, होस्टल नंबर 1 टाउनशिप जिंदल इंडिया थर्मल पावर लिमिटेड, डेरांग अनुगुल तालचर उड़ीसा तालचर-759117/ एलबीबीबीएस00004124760/ एलबीबीबीएस00004120390 | सम्पत्ति सं. बी-24 का फ्रीहोल्ड निर्मित सम्पूर्ण चतुर्थ तल, छत के अधिकार के साथ तथा स्टिल्ट फ्लोर पर एक कार पार्किंग स्पेस सहित, बागडोल्ला द्वारका, सेक्टर-8, नई दिल्ली, परिमाप भूखंड परिमाप 100 वर्ग मीटर, प्लिंथ एरिया परिमाप 85.21 वर्ग मीटर। | 31-10-2019 रू. 70,93,088/- | 31/08/2019 |


सूचना की तामील हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 05-12-2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# सीमा सुरक्षा पर सेना पूरी तरह चौकस

## ● एलएसी की भिन्न धारणाओं की वजह से होता है चीन की ओर से उल्लंघन : राजनाथ

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर अलग-अलग धारणाएं होने की वजह से अतिक्रमण की घटनाएं होती हैं लेकिन सीमा सुरक्षा को लेकर किसी को चिंता की जरूरत नहीं है तथा सेनाएं पूरी तरह चौकस हैं।

शून्यकाल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने चीनी सेना के कथित रूप से भारतीय क्षेत्र में आने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ हमारा रुख आक्रामक रहता है, लेकिन उसे मदद देने वाले चीन के खिलाफ सरकार का रुख नरमी वाला लगता है। उन्होंने कहा कि चीन के मामले में सरकार का रवैया हताशा पैदा करने वाला है और उसके खिलाफ इतनी नरमी क्यों है? इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं सदन को और सदन के माध्यम से देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सीमा सुरक्षा को लेकर सेनाएं पूरी तरह चौकस हैं। वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा, सीमा सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह जागरुक है। किसी को चिंता की आवश्यकता नहीं है।

सिंह ने कहा कि चीन के साथ इस तरह की घटनाओं का मूल कारण दोनों देशों के बीच कोई निर्धारित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) नहीं होना है। एलएसी को लेकर दोनों देशों की अलग-अलग धारणाएं हैं और उसी के चलते कई बार चीनी पीएलए के जवान हमारी सीमा के अंदर आ जाते हैं तो कई बार हमारे लोग भी उस तरफ चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सेनाएं टकराव की स्थिति होने पर भी सूझबूझ का परिचय देती हैं और गतिरोध को बढ़ने नहीं देतीं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए कई प्रणाली हैं जिनमें अतिक्रमण, उल्लंघन के मुद्दों को सुलझाया जाता है। इनमें एनएसए के बीच वार्ता, राजनयिक स्तर पर वार्ता और संयुक्त सचिव स्तर पर वार्ता आदि शामिल हैं। सिंह ने बताया कि चीन की सीमा पर सुरंग आदि बुनियादी ढांचों का भी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा को लेकर समय-समय पर सरकार समीक्षा करती है और उसी अनुसार निर्णय भी लेती है।

## कैबिनेट ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय विधेयक को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय विधेयक को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद जावड़ेकर ने संवाददाताओं को बताया कि कैबिनेट ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय विधेयक को मंजूरी दे दी। इसे संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत संस्कृत के तीन डीम्ड विश्वविद्यालयों को केंद्रीय विश्वविद्यालयों में परिवर्तित किया जाएगा। जावड़ेकर ने कहा कि संस्कृत के लिए पहली बार केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है जो कि एक अच्छी पहल है।



बुधवार को नई दिल्ली में नौसेना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के वाइस चीफ और नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह

# मप्र में कांग्रेस की रैली रोकने के लिए भाजपा की महिला कार्यकर्ता लाठियां लेकर डटीं

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय का घेराव करने के लिए निकाली गई रैली को देखते हुए भाजपा की महिला कार्यकर्ताएं पार्टी मुख्यालय में उन्हें घुसने से रोकने के लिए हाथों में लाठियां लेकर खड़ी हो गईं। कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल मध्य सीट के विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को भाजपा से निष्कासित करने की मांग करते हुए शहर के महाराणा प्रताप नगर के बोर्ड ऑफिस चौराहे से रैली निकालकर भाजपा प्रदेश मुख्यालय का घेराव करने जा रहे थे।

कांग्रेस के घेराव के मद्देनजर एक सौ के करीब भाजपा की महिला कार्यकर्ता हाथ में लाठियां लेकर सुबह से ही अपने मुख्यालय में प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए तैनात थीं। साथ देने के लिए उनके पीछे भाजपा के पुरूष कार्यकर्ता भी खड़े थे। इससे दोनों दलों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती थी। लेकिन, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कांग्रेस की रैली को भाजपा मुख्यालय से करीब आधा किलोमीटर दूर सरगम टॉकीज के पास रोक दिया।

गोडसे के बारे में प्रज्ञा की विवादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें भाजपा से निष्कासित करने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने मीडिया को बताया, मैं मांग कर रहा हूं कि प्रज्ञा ठाकुर को बर्खास्त करो। आज भी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राकेश सिंह से अनुरोध करने जा रहा हूं कि आप बर्खास्त करिए। जब उनसे सवाल किया गया कि प्रज्ञा ने अपने बयान के बाद माफी मांग ली है, अब इसका क्या औचित्य है, तो इस पर उन्होंने कहा, इस माफी से हम लोग (कांग्रेस) संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा, भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे महात्मा गांधी के साथ हैं या गोडसे के साथ हैं।

भाजपा महिलाओं द्वारा लाठियां लेकर पहरा देने के सवाल पर मसूद ने कहा, यह अच्छी बात नहीं हैं। यह उनकी (भाजपा) संस्कृति है। हम तो गांधीवादी संस्कृति के लोग हैं। हम उनके दरबार जा रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि भाजपा के लोगों को हमारा स्वागत करना चाहिए था। अगर वे लाठी चलाना चाहते हैं तो यह उनकी मर्जी है। उधर, हुजूर विधानसभा सीट के भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा कार्यालय पर गलत निगाह रखने वाले खबरदार हो जाएं।

## भाजपा ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** में विपक्षी दल भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि बी आर आंबेडकर के महानिर्वाण दिवस छह दिसंबर को मनाने की तैयारियों पर चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं होकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे एवं कांग्रेस-राकांपा के मंत्रियों ने उनका अपमान किया है।

यह बैठक मुंबई स्थित सयाद्री अतिथि गृह में हुई थी। हर साल लाखों लोग मध्य मुंबई के दादर स्थित चैत्यभूमि पर आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित होते हैं जहां पर 1956 में उनका अंतिम संस्कार किया गया था। भाजपा नेता भाई गिरकर ने बुधवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मंत्री बैठक में शामिल नहीं हुए। महाराष्ट्र विधान परिषद सदस्य गिरकर ने कहा, यह डॉ. आम्बेडकर का अपमान है क्योंकि शिवसेना नेता सुभाष देसाई को छोड़कर कोई वरिष्ठ मंत्री नहीं पहुंचा। यह बैठक छह दिसंबर के कार्यक्रमों की योजना बनाने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आंबेडकर का कभी सम्मान नहीं किया, यहां तक कि उनके जिंदा रहने के दौरान भी। गिरकर ने कहा, कांग्रेस ने उस समय हुए चुनाव में आंबेडकर का समर्थन नहीं किया। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि वह अभी भी उनका अपमान जारी रखे हुए है। उल्लेखनीय है कि ठाकरे के नेतृत्व में गठित महाराष्ट्र विकास अघाडी की सरकार में कांग्रेस और राकांपा भी साझेदार है।

# निर्मला को निर्बला कहने पर अधीर रंजन ने खेद जताया

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को निर्बला कहने के लिए बुधवार को खेद प्रकट किया।

अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा के दौरान चौधरी ने कहा कि वित्त मंत्री मेरी बहन जैसी हैं और मैं उनके भाई की तरह हूं। मैं खेद प्रकट करता हूं। दरअसल, कार्पोरेट कर में कटौती से जुड़े कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2019 पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान चौधरी ने कहा था कि वह वित्त मंत्री का सम्मान करते हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें रोका जा रहा है और ऐसे में उन्हें निर्मला नहीं, निर्बला कहा जा सकता है। सत्ता पक्ष के सदस्यों खासकर वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा था कि चौधरी को इसके लिए खेद प्रकट करना चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण ने भी कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए कहा था कि भाजपा में हर महिला सबला है।

### अधीर ने संसदीय शिष्टमंडल कश्मीर भेजने की मांग की

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को मांग की कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल जम्मू-कश्मीर भेजा जाना चाहिए। सदन में अनुदान की अनुपूरक मांगों के प्रथम बैच पर चर्चा के दौरान चौधरी ने यह मांग उठाई और कहा कि हम चाहते हैं कि स्पीकर के नेतृत्व में सांसदों का एक शिष्टमंडल कश्मीर जाकर वहां के हालात का जायजा ले। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हसनैन मसूदी सहित विपक्ष के कई सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति का उल्लेख किया। मसूदी ने कहा कि सरकार जिस सामान्य स्थिति की बात कर रही है वो सचाई से दूर है। उनके दावे को खारिज करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि विशेष दर्जे को समाप्त करने के बाद क्षेत्र में स्थिति आमतौर पर शांतिपूर्ण रही है और पिछले दशकों में इस बार त्योहार का समय अधिक शांति से निकला।

## क्विक न्यूज

### मदरसों में भी मध्याह्न भोजन की सुविधा दी जाएगी: महतो

**मांडर, रांची (भाषा)।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के अध्यक्ष सुदेश महतो ने बुधवार को यहां कहा कि उनकी पार्टी यदि राज्य की सत्ता मे आती है तो मदरसो मे भी सरकारी विद्यालयों की भांति मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की जाएगी। महतो ने मांडर विधानसभा क्षेत्र मे आजसू की उम्मीदवार हेमलता उरांव के पक्ष मे आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अल्पसंख्यको के गरीब बच्चे बड़ी संख्या मे मदरसो मे शिक्षा लेते है और इन शिक्षा संस्थाओ मे मध्याह्न भोजन की व्यवस्था करने से इन गरीब लोगो का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि मदरसो के शिक्षको को भी सरकारी स्कूलो के समान वेतन दिया जाएगा। उन्होने कहा कि उनकी पार्टी निकट की कोयल नदी से पानी लाकर मांडर इलाके मे किसानो को सिंचाई की सुविधा देनी चाहती है। उन्होने कहा कि मांडर को सब्जियो का कटोरा माना जाता है इसलिए इस इलाके मे सिंचाई की व्यवस्था होने से किसानो की आर्थिक स्थिति मे बहुत सुधार होगा। महतो ने कहा कि मांडर से कलकत्ता तक सब्जियां जाती है और सिंचाई की सुविधा मिलने पर इस इलाके मे और ज्यादा सब्जियां उगाई जा सकेंगी। आजसू इस बार झारखंड विधानसभा की 81 मे से 53 सीटो पर चुनाव लड़ रही है। जबकि 2014 मे उसने भाजपा के साथ गठबंधन करके सिर्फ आठ सीटो पर चुनाव लड़ा था। इस बार आजसू भाजपा के साथ मिलकर चुनाव नही लड़ रही है।

### घूंघट प्रथा के खिलाफ अभियान चले : गहलोत

**जयपुर (भाषा)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के कई हिस्सो मे मौजूदा घूंघट प्रथा की आलोचना करते हुए कहा कि यह बेतुकी है और इसके खिलाफ अभियान चलना चाहिए। गहलोत बुधवार को अपने निवास पर आयोजित शबद-कीर्तन के अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा, आप देखते है राजस्थान जैसे प्रदेश मे घूंघट प्रथा है। एक महिला को आप घूंघट मे कैद रखो यह कहां की समझदारी है? उन्होने कहा, हिंदुस्तान के अधिकांश राज्यो मे यह प्रथा नही है। राजस्थान मे प्रथा है कही-कही पर और छोटी-मोटी प्रथाएं है तो मेरा मानना है कि समय आ गया है कि घूंघट हटाओ का अभियान चलना चाहिए। प्रदेश, देश की महिलाओ को आगे आना चाहिए और महिलाओ से ज्यादा पुरुष को आगे आना चाहिए। गहलोत ने कहा, घूंघट हो या बुर्का हो - आधुनिक समाज मे, दुनिया चांद तक पहुंच रही है, मंगल ग्रह पर जा रही है - तो (इसका) क्या तुक है। उन्होने कहा कि गुरुनानक देव ने उस जमाने मे महिलाओ के सशक्तिकरण की बात की, जो हमे संदेश देता है कि किस प्रकार से हम सब मिलकर उनकी सोच को आगे बढ़ाएं।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, राज्यपाल ने स्वीडन के राजा और रानी से की मुलाकात



मुंबई के राजभवन में बुधवार को स्वीडन के राजा कार्ल सोलहवें गुस्ताफ और रानी सिल्विया का स्वागत करते महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे एवं उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने बुधवार को स्वीडन के राजा कार्ल गुस्ताफ फोल्के ह्यूबर्टस तथा रानी सिल्विया रिनेट सोमरलाथ से मुलाकात की। यहां राजभवन में आयोजित दोपहर भोज पर ठाकरे और राज्यपाल की स्वीडन के शाही दंपति से मुलाकात हुई। इस मौके पर ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे, मंत्री सुभाष देसाई और उद्योगपति कुमार मंगलम बिरला, संजीव बजाज तथा अशोक हिंदुजा भी मौजूद थे। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री के रूप में प्रभार संभालने वाले ठाकरे की यह पहली अंतरराष्ट्रीय आधिकारिक बैठक थी। स्वीडन का यह शाही दंपति पांच दिन की भारत की सरकारी यात्रा पर है। उन्होंने सोमवार को दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। वे बृहस्पतिवार को देहरादून रवाना होंगे।

# फडणवीस को पेशी से दिनभर की छूट मिली

**हलफनामा मामला**

**भाषा।** नागपुर



**नागपुर** की एक अदालत ने चुनावी हलफनामा मामले में बुधवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पेशी से दिनभर की छूट प्रदान की। मामले में उन पर चुनावी हलफनामे में अपने खिलाफ दो आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाने का आरोप है।

अदालत ने इसके साथ ही मामले की सुनवाई की अगली तिथि चार जनवरी 2020 तय की। फडणवीस के अधिवक्ता उदय डाबले ने बुधवार को मजिस्ट्रेट अदालत से अपने मुवक्किल के लिए पेशी से छूट मांगी। यह छूट न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एस डी मेहता ने प्रदान कर दी। स्थानीय अधिवक्ता सतीश उके ने मामले में जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। उके ने इससे पहले मजिस्ट्रेट अदालत में एक अर्जी दायर करके फडणवीस के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया था। यद्यपि डाबले ने कहा कि राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता फडणवीस नागपुर में 16 दिसम्बर से शुरू होने वाले विधानमंडल के सत्र में व्यस्त होंगे। इसलिए उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि मामले की अगली सुनवाई विधानसभा सत्र के समापन के बाद रखी जाए।

राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से 21 दिसम्बर तक नागपुर में होना निर्धारित है। दोनों ओर से दलीलें सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने अगली सुनवाई की तिथि चार जनवरी तय की। इससे पहले डाबले ने अदालत से कहा कि फडणवीस कुछ अनिवार्य कार्य के चलते अदालत में पेश नहीं हो पाए। अधिवक्ता ने कहा कि फडणवीस की मंशा मुकदमे की सुनवाई अथवा कार्यवाही विलंबित करना नहीं है। डाबले ने कहा, वह कुछ जरूरी काम के चलते आज उपलब्ध नहीं हैं। उनकी पहचान को लेकर कोई विवाद नहीं है और वकील द्वारा उचित तरीके से उनका प्रतिनिधित्व किया गया है तथा उनकी अनुपस्थिति से अदालत की कार्यवाही बाधित नहीं होगी।

यद्यपि उके ने अदालत से आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का अनुरोध किया। याचिकाकर्ता ने कहा कि फडणवीस अदालत में पेश नहीं हुए क्योंकि उन्होंने बुधवार को पेशी से छूट मांगने का फैसला पहले ही कर लिया था। उके ने चार नवंबर को एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार में प्रकाशित एक खबर का हवाला दिया जिसमें फडणवीस के अधिवक्ता ने कहा था कि भाजपा नेता को तारीख पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने की जरूरत नहीं है और वह इसके लिए अतिरिक्त समय मांग सकते हैं। उके ने फडणवीस के अधिवक्ता के हवाले से कहा कि यद्यपि बाद में जो भी तारीख तय होती है उस पर उन्हें स्वयं अदालत आना होगा और स्वयं के लिए जमानत मांगनी होगी। याचिकाकर्ता ने कहा कि फडणवीस को निजी तौर पर या उनके वकील के जरिए अदालत में पेश होना था।

उके ने कहा कि यद्यपि उनके अधिवक्ता डाबले अदालत में फडणवीस के वकालतनामे या भाजपा नेता के हस्ताक्षर वाले किसी दस्तावेज के बिना ही पेश हुए। फडणवीस नागपुर से विधायक हैं। एक नवम्बर को मजिस्ट्रेट अदालत ने भाजपा नेता के खिलाफ कथित रूप से खुलासा नहीं करने को लेकर आपराधिक कार्यवाही के अनुरोध वाली उके की अर्जी बहाल कर दी थी। बम्बई उच्च न्यायालय ने उके की अर्जी खारिज करने वाले निचली अदालत के पूर्ववर्ती आदेश को बरकरार रखा था। यद्यपि उच्चतम न्यायालय ने एक अक्टूबर को मजिस्ट्रेट को उके की ओर से दायर अर्जी पर आगे बढ़ने का निर्देश दिया था।

## उत्तर प्रदेश की जेलों में हैं जम्मू कश्मीर के 234 कैदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के 234 कैदी उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद हैं। गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने एमपी वीरेंद्र कुमार के एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर, 2019 तक जम्मू कश्मीर की जेलों में 3248 लोग बंद थे जबकि उत्तर प्रदेश में 234 और हरियाणा में 27 कैदी बंद थे। रेड्डी ने बताया कि 2018 में जम्मू कश्मीर की जेलों में 2728 कैदी थे जबकि हरियाणा की जेलों में 41 लोग बंद थे। इन कैदियों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें पांच अगस्त को केंद्र द्वारा जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने सूचित किया है कि शांति भंग करने और राज्य की सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों से जुड़े अपराधों को रोकने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कश्मीर घाटी में चार अगस्त से 5161 लोगों को हिरासत में लिया गया था। इनमें से 609 लोगों को एहतियाती हिरासत में लिया गया है।

# ठाकरे के रिश्तेदार के आधिकारिक बैठक में उपस्थिति को लेकर विवाद

## ● भाजपा ने की आलोचना

**भाषा।** मुम्बई



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में उनके रिश्तेदार एवं शिवसेना की युवा इकाई युवा सेना के सचिव वरुण सरदेसाई की उपस्थिति को लेकर बुधवार को विवाद उत्पन्न हो गया। भाजपा ने इसे वैकल्पिक शक्ति केंद्र का उदय बताया।

सरदेसाई के अलावा मुख्यमंत्री ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे भी सोमवार को राज्य सचिवालय में आयोजित उक्त बैठक में मौजूद थे। आदित्य ठाकरे मुम्बई के वर्ली से शिवसेना के विधायक होने के साथ ही युवा सेना के प्रमुख भी हैं। युवा सेना उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की युवा शाखा है। कुछ तस्वीरों में सरदेसाई दो दिन पहले मुख्यमंत्री ठाकरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए दिखे थे। वरुण सरदेसाई मुख्यमंत्री की पत्नी रश्मि ठाकरे के भतीजे हैं। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के मुख्य प्रवक्ता माधव भंडारी ने कहा, ऐसा लग रहा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय के अलावा एक वैकल्पिक शक्ति केंद्र बनाया जा रहा है। ऐसा दोबारा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह नई सरकार द्वारा स्थापित की जा रही गलत परंपरा है।

भंडारी ने कहा, यह सरकार के कामकाज की गोपनीयता का भी उल्लंघन है। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ठाकरे सरकार पूरी तरह से एक नई सरकार है जिसे कोई प्रशासनिक अनुभव नहीं है। मलिक की पार्टी राकांपा ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास अघाडी सरकार में एक सहयोगी है। मलिक ने हालांकि यह भी कहा कि घटना की कोई पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इससे पहले सरदेसाई ने बैठक में अपनी उपस्थिति को कमतर करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है कि आधिकारिक बैठकों में किसे उपस्थित होना चाहिए। उन्होंने कहा, यह पर्यटन के विकास संबंधी बैठक थी और जो चर्चा हुई वह पहले से ही सार्वजनिक है।

## कोलकाता में हिंदू जागरण मंच के सदस्यो की पुलिस के साथ झड़प, 60 से अधिक गिरफ्तार

**कोलकाता (भाषा)।** यहां सियालदह में बुधवार को रैली निकालने से रोकने पर हिंदू जागरण मंच के सदस्यों की पुलिस के साथ झड़प हो गई जिससे मध्य कोलकाता में यातायात जाम हो गया। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैरीकैड को तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करने वाले मंच के सदस्यों पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने बताया कि 60 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त (मध्य) सुधीर कुमार नीलकांतम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को स्थिति से निपटने के लिए तैनात किया गया है। शहर में हिंदुत्व संगठनों के सदस्यों पर हमले की कथित घटनाओं के विरोध में सियालदाह से एस्प्लेनेड के बीच रैली निकाली जानी थी।



सुप्रीम कोर्ट द्वारा आईएनएक्स-मीडिया मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम को जमानत दिए जाने के बाद उनके समर्थकों ने बुधवार को चेन्नई में तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में खुशी मनाई

# भीड़ हिंसा को लेकर कानून में बदलाव पर विचार विमर्श

## राज्यों से मांगे गए सुझावः शाह

भाषा। नई दिल्ली



**गृह मंत्री** अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि भीड़ हिंसा के बारे में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों में बदलाव करने के बारे में एक समिति का गठन कर सभी संबद्ध पक्षों के साथ विचार विमर्श किया जा रहा है। शाह ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि इस बारे में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और राष्ट्रपति शासन वाले राज्यों के राज्यपालों को पत्र लिखकर सुझाव मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्यों से आपराधिक मामलों की जांच से जुड़े विशेषज्ञों और लोक अभियोजकों से इस विषय में सुझाव एकत्र कर अवगत कराने को कहा गया है।

इसके साथ ही पुलिस शोध एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) के तत्वावधान में एक समिति का गठन किया गया है जो आईपीसी और सीआरपीसी में आमूल चूल बदलाव के लिए विचार कर रही है। सभी पक्षों के सुझाव मिलने के बाद हम कार्वाई करेंगे तथा उच्चतम न्यायालय के फैसलों को भी ध्यान में रखा जाएगा। भीड़ हिंसा को रोकने के लिए दो राज्यों की विधानसभा से विधेयक पारित होने तथा राष्ट्रपति के समक्ष विचारार्थ पेश किए जाने के बारे में पूछे गए एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि मणिपुर और राजस्थान विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति द्वारा परामर्श की प्रक्रिया अभी चल रही है।

राय ने यह भी कहा कि आईपीसी में भीड़ हिंसा की अभी कोई परिभाषा तय नहीं है। इस मामले पर विचार विमर्श करने और सिफारिशें देने के लिए सरकार ने मंत्रियों का एक समूह गठित किया था जिसकी बैठक हो चुकी है। सरकार इस मामले से अवगत है। द्रमुक के तिरुचि शिवा ने पूछा था कि भीड़ हिंसा रोकने के लिए मणिपुर और राजस्थान द्वारा पारित विधेयकों को राष्ट्रपति की अनुमति के लिए भेजा गया है, इसकी मौजूदा स्थिति क्या है। राय ने इसके जवाब में कहा, मणिपुर और राजस्थान की विधानसभा द्वारा पारित दो विधेयक प्राप्त हुए हैं, जिन्हें राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा गया है। इस प्रकार के विधेयकों की जांच केन्द्रीय मंत्रालयों के साथ परामर्श कर की जाती है। अभी इस पर परामर्श चल रहा है। इस दौरान सभापति एम वेंकैया नायडू ने भीड़ हिंसा में समुदाय विशेष के लोगों को निशाना बनाए जाने की बात कुछ सदस्यों द्वारा सदन में उठाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, देश को बदनाम न करें और सदन में किसी समुदाय की बात न करें।



पूर्वी चंपारण में बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने छात्राओं को विभिन्न योजनाओं के तहत क्रेडिट कार्डों का किया वितरण

## दवा नियंत्रक ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से दवाओं की ऑनलाइन बिक्री रोकने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** देश के दवा नियामक ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने कहा है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार वे ऑनलाइन फार्मेसी द्वारा दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाएं। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। न्यायालय ने जहीर अहमद की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिसंबर 2018 में आदेश दिया था कि सरकार द्वारा ई-फार्मेसी को नियमित करने के लिए मसौदा नियम बनाने तक दवाओं की गैरकानूनी और बिना लाइसेंस की ऑनलाइन बिक्री को रोक दिया जाए। भारत के दवा महानियंत्रक (डीसीजीआई) द्वारा पिछले सप्ताह दिए आदेश में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी दवा नियामकों से कहा गया है कि अदालत के आदेश को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस समय देश में ऑनलाइन फार्मेसी बिना दवा लाइसेंस के काम कर रही हैं क्योंकि इस क्षेत्र के लिए अभी तक कोई नियम नहीं बनाए गए हैं। सरकार ने सितंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के दिए हलफनामे में कहा था कि वह सभी पक्षों की राय लेने के बाद ई-फार्मेसी को नियमति करने के लिए मसौदा नियमों को अंतिम रूप दे रही है।

## एआईयूडीएफ ने शाह को चिट्ठी लिख नागरिकता संशोधन विधेयक वापस लेने की मांग की

**गुवाहाटी।** ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट(एआईयूडीएफ) ने बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर नागरिकता (संशोधन) विधेयक संसद में पेश नहीं करने की मांग की। एआईयूडीएफ ने कहा कि यह असम और पूरे देश के लोगों के खिलाफ है। पत्र में कहा गया कि एआईयूडीएफ इस विधेयक का विरोध करता है क्योंकि इसका गंभीर असर देश के सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक पहलुओं पर पड़ेगा। एआईयूडीएफ ने पत्र में कहा, हम आपसे अपील करते हैं कि जरूरी कदम उठाएं ताकि इसे संसद की पटल पर पेश नहीं किया जा सके क्योंकि यह असम और पूरे देश के लोगों के हितों के खिलाफ है। सूत्रों ने बताया कि दिन में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी जिसमें धार्मिक उत्पीड़न का शिकार होने की वजह से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए गैर मुस्लिमों को यहां की नागरिकता देने का प्रावधान है।

नागरिकता कानून 1955 में संशोधन करने के लिए लाए जा रहे विधेयक को अगले दो दिनों में पेश किया जा सकता है। पत्र में कहा गया है कि एआईयूडीएफ 1985 में हुए असम समझौते के तहत नागरिकता देने की तय तारीख 25 मार्च 1971 रखने पर कायम है। इस पत्र की एक प्रति असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल को भी भेजी है। पत्र में कहा गया, एआईयूडीएफ का स्पष्ट रुख है कि जाति, समुदाय और धर्म आदि से परे रहकर 1971 के बाद आए सभी विदेशियों को असम से बाहर निकाला जाए।

पार्टी नेता ने कहा कि असम विविधता से भरा राज्य है जिसमें विभिन्न जनजातियों और जातियों के लोग रहते हैं जैसे बोडो, दिमसा, तिवा, मिसिंग, मोटक, मोरन, कूच-राजबंग्शी, मुस्लिम और हिंदू समुदाय। पत्र पर नौ नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। पत्र के मुताबिक सभी समुदाय के लोग सदियों से शांतिपूर्ण तरीके से एक साथ रहते आए हैं लेकिन इस विधेयक से असम में शांति भंग हो सकती है। पत्र को यहां पर मीडिया के लिए जारी किया गया। पत्र पर पार्टी के उपाध्यक्ष अट्टवाल मजीद और अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। एआईयूडीएफ ने कहा, देश के बंटवारे के बाद असम में पहले ही पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से आए 25 लाख पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत शरणार्थियों का बोझ है और राज्य और शरणार्थियों का बोझ नहीं सह सकता। असम में उद्योगों की कमी की वजह से राज्य बेरोजगारी की समस्या का हल करने में सक्षम नहीं है और प्रस्तावित विधेयक से लोगों की मुश्किल और बढ़ेगी।

## देवगौड़ा ने मतदाताओं से उपचुनाव में अयोग्य विधायकों को हराने की अपील की


**बेंगलुरु।** कर्नाटक में 15 विधानसभा सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार समाप्त होने के एक दिन बाद पूर्व प्रधानमंत्री एवं जद (एस) प्रमुख एच डी देवगौड़ा ने मतदाताओं से अयोग्य विधायकों को हराने और राज्य की गरिमा बनाए रखने की बुधवार को अपील की। देवगौड़ा ने कहा कि राज्य की जनता को उन अयोग्य विधायकों के खिलाफ अपना फैसला देने का पूरा अधिकार मिला है, जिन्होंने पैसों और सत्ता के लिए दलबदल किया। उन्होंने कहा, कर्नाटक की जनता के फैसले पर पूरे देश के लोगों का ध्यान है। मैं उनसे निवेदन करता हूं कि वे बगैर किसी प्रलोभन के अपना फैसला दें ताकि राज्य की गरिमा बनी रहे। उन्होंने कहा, कल (पांच दिसंबर को) होने वाले उपचुनावों में, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि जद (एस) के उम्मीदवारों को वोट दें और उन्हें आशीर्वाद दें। अयोग्य विधायकों को हराएं, उन्हें खरिज करें। सत्तारूढ़ भाजपा को 224 सदर्स्यीय विधानसभा में बहुमत में बने रहने के लिए उपचुनाव में 15 सीटों में कम से कम छह सीटों पर जीत दर्ज करनी होगी।

## कांग्रेस नेताओं को फर्जी मामलों में फंसाया गया है : मनीष तिवारी

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने आज यहां भाजपा की केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसने राजनीतिक विद्वेष की भावना से कांग्रेस नेताओं को फर्जी मामलों में फंसाया है। तिवारी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पी चिदंबरम को सर्वोच्च न्यायालय से मिली जमानत के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने बताया कि भाजपा की केन्द्र सरकार जिस तरह एजेंसियों का इस्तेमाल कर राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ फर्जी मामले बना रही है वह बहुत ही गलत है और इसके बहुत ही खतरनाक परिणाम होंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, चिदंबरम और अन्य कांग्रेस नेता राजनीतिक विद्वेष के शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा, जितने धन की गड़बड़ी का आरोप चिदंबरम जैसे शीर्ष नेता पर लगाया गया है वह गलत और शर्मनाक है क्योंकि इतना धन तो वह शीर्ष अदालत में किसी मुवक्किल के लिए खड़ा होकर चंद दिनों में ही कमा सकते थे। उन्होंने कहा, चिदंबरम 106 दिनों तक जेल में रहे और आज उन्हें उच्चतम न्यायालय से जमानत मिल गई है। जब वह आज जेल से बाहर निकलेंगे तो स्वयं बताएंगे कि आखिर उनसे हिरासत में रहने के दौरान कितने सवाल पूछे गए?

कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा ऐसे काम कर रही है जिसके दूरगामी परिणाम होंगे और साथ ही उन्होंने एक कहावत भी उद्धृत की, आप जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। देश की आर्थिक स्थिति पर पूछे गए सवाल पर कांग्रेस सांसद ने कहा, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पहले और दूसरे दौर की दस वर्षों की सरकार में देश का विकास दर 7.8 प्रतिशत रहा। अब क्या हाल है वह आपके सामने है। उन्होंने राज्य की जनता से कांग्रेस-झामुमो-राजद गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की जिससे यहां गरीबों के कल्याण के लिए काम किए जा सकें।

राष्ट्रीय नागरिक पंजी के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके तिवारी ने कहा कि जब यह मामला संसद में आएगा तो कांग्रेस का पक्ष स्पष्ट कर दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि झारखंड के विधानसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए कोई मुद्दे नहीं खड़े करने चाहिए और यहां के चुनाव यहां के स्थानीय मुद्दों पर ही लड़े जाने चाहिए। झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में से 31 के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं और गठबंधन के दूसरे सदस्य झामुमो 43 तथा राजद सात सीटों पर चुनाव लड़ रहा है।




जम्मू में हैदराबाद की बलात्कार व हत्या की घटना को लेकर दीवार पर हाथों से निशान बनाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए छात्राएं

## राकांपा का जातीय दंगों में दायर मुकदमों को वापस लेने की मांग नक्सलवाद का खुला समर्थनः भाजपा

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने 2018 में कोरेगांव-भीमा जातीय हिंसा के मामले को वापस लेने की राकांपा की मांग को नक्सलवाद का खुला समर्थन करार दिया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं विधायक धनंजय मुंडे ने मंगलवार को कोरेगांव-भीम हिंसा से जुड़े मुकदमों को वापस लेने की मांग करते हुए दावा किया था कि भाजपा के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए।

मुंडे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लिखी चिट्ठी में कहा कि पिछली सरकार ने उन बुद्धिजीवियों, कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और आम नागरिकों का उत्पीड़न किया जिन्होंने अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाई और उन्हें शहरी नक्सली करार दे दिया गया। राकांपा, शिवसेना नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास अघाडी सरकार में प्रमुख साझेदार है। कांग्रेस भी इस गठबंधन का हिस्सा है।

महाराष्ट्र भाजपा के प्रवक्ता माधव भंडारी ने कहा, राकांपा का मामलों को वापस लेने की मांग नक्सलवाद का खुला समर्थन है। यहां तक कि पुणे की अदालत ने माना कि प्रथमदृष्टया आरोपियों के खिलाफ सबूत हैं जिसकी वजह से अदालत ने उनकी जमानत अर्जी स्वीकार नहीं की। उन्होंने सवाल किया, आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। ऐसे में कोई कैसे मामलों को वापस ले सकते हैं? पेशवा और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुए युद्ध की 200वीं सालगिरह मनाने के लिए एक जनवरी 2018 को आयोजित संगोष्ठी एलगार परिषद में कथित भड़काऊ भाषण देने की वजह से पुणे जिले के कोरेगांव-भीमा गांव में हिंसा भड़की। इसके खिलाफ दलित संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनपर ज्यादती की और इस दौरान हिंसा एवं सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया जिसके बाद कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस सरकार जातीय हिंसा के मामले में कम गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे लोगों पर से मुकदमा वापस लेने का आदेश जारी कर चुकी है। संयोगवश, एलगार परिषद-कोरेगांव भीमा मामले में पुणे पुलिस की ओर से गिरफ्तार कुछ कार्यकर्ताओं पर प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) सहित नक्सली संगठनों से संबंध का आरोप हैं। इन वामपंथी कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त गैरकानूनी गतिविधि निषेध कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कैबिनेट ने जम्मू कश्मीर आरक्षण विधेयक संसद से वापस लेने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को आरक्षण प्रदान करने संबंधी विधेयक को वापस लेने को औपचारिक मंजूरी दे दी। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि राज्य पुनर्गठन कानून में ऐसे ही कोटे का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विधेयक को वापस लेने को मंजूरी दे दी क्योंकि अब यह अप्रासंगिक हो गया है। सरकार ने हाल ही में लोकसभा से जम्मू कश्मीर आरक्षण दूसरा संशोधन विधेयक 2019 को वापस ले लिया था। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि इसे निचले सदन से वापस ले लिया गया था क्योंकि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने संबंधी अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधानों को समाप्त करने के बाद बने दो केंद्र शासित क्षेत्रों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को कोटा प्रदान करने संबंधी केंद्रीय कानून का प्रावधान लागू होता है।

## चीन के विदेश मंत्री इस महीने भारत यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ सीमा वार्ता के लिए चीन के विदेश मंत्री वांग ई इस महीने भारत की यात्रा पर आएंगे। यह जानकारी कूटनीतिक सूत्रों ने बुधवार को दी। डोभाल और वांग सीमा वार्ता के लिए दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि हैं। डोभाल के साथ सीमा वार्ता करने के अलावा वह विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच गत अक्टूबर तक मामल्लापुरम में अनौपचारिक शिखर बैठक के बाद चीन के किसी वरिष्ठ नेता की पहली भारत यात्रा होगी। वांग की यात्रा के दौरान उम्मीद है कि दोनों पक्ष शिखर बैठक के दौरान किए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। चीन के विदेश मंत्री इस महीने भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। वांग विशेष प्रतिनिधि वार्ता के लिए गत सितम्बर में भारत की यात्रा पर आने वाले थे लेकिन यात्रा तब टल गई थी। दोनों पक्षों के बीच विशेष प्रतिनिधि वार्ता रूपरेखा के तहत 20 से अधिक दौर की वार्ता पहले ही हो चुकी हैं। विशेष प्रतिनिधि वार्ता की शुरूआत सीमा विवाद का जल्द हल निकालने के लिए की गई थी। भारत..चीन सीमा विवाद में 3,488 किमी लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा शामिल है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा होने का दावा करता है, भारत इसे खारिज करता है। दोनों पक्ष इस पर जोर दे रहे हैं कि सीमा मुद्दे का अंतिम हल होने तक सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखना जरूरी है।

## भाजपा को पवार के अनुभव को समझने में पांच साल क्यों लगे: शिवसेना

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साथ मिल कर काम करने की पेशकश किए जाने का शरद पवार द्वारा किए गए खुलासे के कुछ दिनों बाद शिवसेना ने हैरानी जताते हुए सवाल किया है कि राकांपा प्रमुख की उपयोगिता एवं अनुभव को समझने में भाजपा को पांच साल क्यों लग गए। शिवसेना के मुखपत्र सामाना में बुधवार को प्रकाशित एक संपादकीय में यह सवाल किया गया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से भाजपा क्या लाभ उठाने की कोशिश कर रही थी, जबकि (एनसीपी) को भगवा पार्टी के नेताओं ने नेचुरली करप्ट पार्टी (स्वभाविक रूप से भ्रष्ट पार्टी) कह कर संबोधित किया था। इसमें कहा गया है, खास बात है यह कि पवार की पार्टी से 54 विधायकों के चुने जाने के बाद उनके (पवार के) अनुभव से (भाजपा को) साक्षात्कार हुआ।

संपादकीय में कहा गया है, भाजपा की सभी कोशिशें सिर्फ शिवसेना को सत्ता में आने से रोकने के लिए थी। हालांकि, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सत्ता हासिल करने की भाजपा की योजना नाकाम कर दी। सामना में भाजपा को यह भी चेतावनी दी गई है, ये महाराष्ट्र है। फिर से पांव फिसला तो गिर पड़ोगे। पवार ने सोमवार को कहा था कि मोदी ने साथ मिल कर काम करने का प्रस्ताव दिया था लेकिन उन्होंने यह पेशकश खारिज कर दी थी।

राकांपा प्रमुख ने कहा था कि उन्होंने मोदी को यह स्पष्ट कर दिया कि यह संभव नहीं होगा। इस पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए शिवसेना ने कहा, हमें आश्चर्य है कि भाजपा को पवार की उपयोगिता एवं अनुभव को समझने में पांच साल क्यों लगे। गौरतलब है कि 21 अक्टूबर को हुए राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा 105 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। वहीं शिवसेना को 56, राकांपा को 54 और कांग्रेस को 44 सीटों पर जीत मिली। सामना में इस बात का जिक्र किया गया है कि मोदी ने शुरूआत में एनसीपी को नेचुरली करप्ट पार्टी और विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने महाराष्ट्र के विकास में पवार के योगदान पर सवाल उठाए थे।

शिवसेना ने सवाल किया, यदि यह सब सच था, तो राकांपा के अनुभव से भाजपा किस तरह का लाभ उठाना चाहती है? इसमें कहा गया है, विधानसभा चुनाव के पहले पवार को प्रवर्तन निदेशालय ((ईडी) का नोटिस भेजकर दबाव बनाया गया। पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल को भी जांच के लिए बुलाया गया। पटेल का यह मामला दो-तीन दशक पहले का है। लेकिन ईडी ने यह चुनाव के दौरान ढूंढ़ निकाला और उस प्रकरण का उल्लेख भाजपा नेता लोकसभा चुनाव के दौरान करने लगे। इसमें कहा गया है, विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनाने की यह भ्रष्ट तैयारी थी। लेकिन पवार दिल्ली (केंद्र सरकार) के दबाव की तरकीब के आगे नहीं झुके। ईडी ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में पवार के खिलाफ सितंबर में धन शोधन का एक मामला दर्ज किया था। शिवसेना ने कहा, पवार की तरह ही, उद्योगपति राहुल बजाज ने भी अपनी बात कही। देश के गृहमंत्री (अमित शाह) की उपस्थिति में बजाज ने कहा कि आपके शासन में खुलकर बोलने की और भयमुक्त होकर जीने की आजादी नहीं रही। संपादकीय में कहा गया है, ए हिम्मत के काम हमारे महाराष्ट्र में ही हुए क्योंकि हिम्मत से जीने का अनुभव महाराष्ट्र को दूसरे राज्यों से ज्यादा है।



जमशेदपुर में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के मुखिया हेमन्त सोरेन विधानसभा चुनाव का प्रचार करते हुए

# हैदराबाद बलात्कार प्रकरण

## जया बच्चन की शर्मनाक प्रतिक्रिया

**यदि** 26 वर्षीया पशु चिकित्सक से घृणित बलात्कार व उनकी नृशंस हत्या अमानवीय है तो उनके प्रति हमारी प्रतिक्रिया भी संवेदनशीलता व मानवीयता से वंचित है। जब लंबे समय से सांसद जया बच्चन जैसे लोग बलात्कारियों की भीड़ द्वारा हत्या की पैरवी संसद में करते हैं तो स्पष्ट होता है कि समाज लगभग विघटन के कगार पर पहुंच गया है और हम अपराध की अति के साथ निराशा में जवाबी क्रूरता की पैरवी करने लगे हैं। सुश्री बच्चन यह तथ्य कैसे अनदेखा कर सकती हैं कि वे सांसद के रूप में देश के कानून की खुली अवमानना के लिए प्रेरित करते हुए फर्जी अदालतों व स्वघोषित 'रखवालों' को बढ़ावा दे रही हैं? विधि निर्माता के रूप में क्या यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है कि वे महिला-विरोधी अपराधों के लिए कठोर दंड की पैरवी करें तथा प्रशासन की विफलता पर सवाल उठाएं? इस प्रकार की सनसनीखेज बातों से सरकार और उसके संस्थान अपनी जवाबदेही से बच जाते हैं तथा किसी अन्य चीज की ओर जनता का ध्यान बंटा देते हैं। इसके कारण बलात्कार व हत्या की भयावहता बहुत घट जाती है। सुश्री बच्चन के गुस्से ने महिला-अधिकार संरक्षण के बजाय उसे और नुकसान पहुंचाया है। इससे न केवल न्याय दिलाने वाली व्यवस्था से विश्वास घटता है, बल्कि उससे उम्मीद भी टूटती है। कठोर कानून बने हैं, पर उनका ठीक से क्रियान्वयन नहीं होता है। उनके जैसे बयानों से यह और हास्यास्पद तथा अविश्वसनीय हो जाएगा। उनसे यह भी पूछा जाना चाहिए कि वे उत्तर प्रदेश में बलात्कार पीड़ितों पर सवाल क्यों नहीं उठाती हैं जिसका प्रतिनिधित्व वे राज्यसभा में करती हैं? क्या वे उन्नाव या शाहजहांपुर बलात्कार मामलों से प्रभावित नहीं हुईं? यदि उन्होंने सदन में लगातार महिला-सुरक्षा मुद्दे उठाए होते तो उनका बयान इतना



अजीब न लगता।

पिछले कुछ दिनों में आई गैर-जिम्मेदार प्रतिक्रियाओं ने स्पष्ट रूप से दिवंगत महिला तथा उसके परिवार को न्याय दिलाने में बाधा डाली है। कुछ लोग देर रात महिला के काम करने पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि अन्य गलत तरीके से महिला के बारे में जिज्ञासा प्रकट कर रहे हैं। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीर पोस्ट कर उसका अपमान किया है। मानव आत्मा की जघन्य हत्या करते हुए हैदराबाद पीड़िता का नाम सर्च करने पर पोर्नोग्राफिक साइटों के स्क्रीनशाट खुलते हैं। इस प्रकार इंटरनेट का प्रयोग करने वाले भी पीड़िता के प्रति आपराधिक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। एक देश के रूप में हम भयंकर रूप से अपनी सोच से महिला-विरोधी हैं और समाज का हर वर्ग महिलाओं को अपनी विकृत कल्पना, गलत इच्छा व परपीड़ा का साधन समझता है। जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होता है तब तक महिला कल्याण के बारे में सारी बातचीत निरर्थक है। इस बात पर जोर देना आवश्यक है कि निर्भया कांड के बाद न्याय प्रदाता व्यवस्था मजबूत की गई है। लेकिन फास्ट-ट्रैक अदालतों में समुचित संख्या में जजों की कमी या प्रशिक्षित जांचकर्ताओं की समुचित संख्या न होने से कानून के क्रियान्वयन में अभी अनेक समस्यायें हैं। चार मामलों में से केवल एक में दोष सिद्ध होता है तथा अपराधी को सजा मिलती है, जबकि इसे 100 प्रतिशत तक पहुंचना चाहिए। निर्भया मामले के बाद महिला-विरोधी मामलों की रिपोर्ट संख्या बढ़ी है, लेकिन इसके बावजूद अनेक मामलों की रिपोर्ट नहीं होती है या उनको खबरों में स्थान नहीं मिलता है। मौत की सजा के प्राविधान के कारण बलात्कारी अपने शिकारों की हत्या भी कर देते हैं। हमें आरोपी को भीड़ के हवाले करने जैसी बातें करने के बजाय समाज में संस्थागत, व्यावहारिक व पुलिस सुधार करने होंगे।

# नागरिकों के मूल कर्तव्यों का महत्व

पिछले सात दशकों में भारत के संविधान में लिखे मूल अधिकारों पर बहुत अधिक जोर दिया गया है। अब समय आ गया है कि नागरिकों के मूल कर्तव्यों पर ध्यान दिया जाए।

**ए. सूर्यप्रकाश**
लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)






भारत ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर देश के राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों का ध्यान हमारे संविधान में लिखित नागरिकों के मूलाधिकारों तथा मूल कर्तव्यों के अध्याय पर आकर्षित किया।

महात्मा गांधी का संदर्भ देते हुए राष्ट्रपति ने कहा, 'हमारे अधिकारों का सच्चा स्रोत कर्तव्य है। यदि हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन करें तो अधिकार प्राप्त करना आसान होगा। यदि हम अपने कर्तव्यों का पालन न करें तथा केवल अधिकारों के पीछे भागें तो वे हमारी पहुंच से बाहर रहेंगे।' उन्होंने कहा कि मूल कर्तव्य लोगों को उनकी नैतिक जिम्मेदारियों की याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा, 'कहा जा सकता है कि हमारे संविधान की आत्मा उसकी प्रवेशिका में है जिसका एक हिस्सा मूलाधिकारों, निर्देशक सिद्धान्तों तथा मूल कर्तव्यों के बारे में है।'

पिछले सात दशकों में भारतीय संविधान के तीसरे भाग पर बहुत अधिक जोर दिया गया जो मूलाधिकारों पर है और यह उचित भी है। हमारे संविधान का यह हिस्सा वह नीव डालता है जिस पर हमारा लोकतंत्र खड़ा है। इस अध्याय के अनेक अनुच्छेद लोकतंत्र की आत्मा व उसकी विषयवस्तु है। इनमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता संबंधी अनुच्छेद 21, कानून के समक्ष समानता व कानूनों से समान संरक्षण संबंधी अनुच्छेद 14 तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संगठन बनाने की स्वतंत्रता, आवागमन की स्वतंत्रता, आदि शामिल हैं। यह हमारे लोकतांत्रिक देश के आधार स्तंभ हैं। सर्वोच्च न्यायालय इन अधिकारों के प्रहरी की तरह है। हालांकि, यह सब स्वागत योग्य है, पर अब समय आ गया है कि नागरिकों के मूल कर्तव्यों पर भी ध्यान दिया जाए जो अनुच्छेद 51ए में समाहित हैं। इस अनुच्छेद को 1976 में 42वें संशोधन के माध्यम से संविधान में जोड़ा गया था जिसे संसद ने क्रूर आपातकाल के समय पास किया था। विडंबना है कि यह अच्छा संशोधन था और इसी कारण इसे बनाए रखा गया। हालांकि, उस समय किए अनेक गलत प्राविधानों को बाद में हटा दिया गया था।

सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे संविधान का पालन करें तथा उसके आदर्शों व संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रगान का सम्मान करें। उनकी जिम्मेदारी है कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बने आदर्शों का सम्मान करें व उनका पालन करें तथा भारत की संप्रभुता, एकता व अखंडता का सम्मान करें, देश की रक्षा करें तथा आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें। इसके साथ ही उनको सद्भावना को प्रोत्साहित करते हुए भारत के सभी लोगों के बीच समान भाईचारे की भावना प्रोत्साहित करनी चाहिए, भले ही उनका धर्म, भाषा, क्षेत्र या अन्य विविधतायें चाहे जो हों। नागरिकों को महिलाओं के प्रति अपमानजनक व्यवहार का त्याग करते हुए हमारी साझी संस्कृति की समृद्ध विरासत का महत्व समझते हुए उसका संरक्षण करना चाहिए। हमें प्राकृतिक परिवेश का संरक्षण करते हुए उसका संवर्धन करना चाहिए जिसमें वन, झीलें, नदियां व वन्यजीव शामिल हैं। हमें जीवों के प्रति दया की भावना रखनी चाहिए। नागरिकों को वैज्ञानिक मिजाज, मानवतावाद तथा खोज एवं सुधार की भावना रखते हुए सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करनी एवं हिंसा का परित्याग करना चाहिए। भारत के सभी नागरिकों को व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए ताकि देश को लगातार उपलब्धियों के उच्च स्तर पर पहुंचाया जा सके। बच्चों के

> सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे संविधान का पालन करें तथा उसके आदर्शों व संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रगान का सम्मान करें। उनकी जिम्मेदारी है कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बने आदर्शों का सम्मान करें व उनका पालन करें तथा भारत की संप्रभुता, एकता व अखंडता का सम्मान करें, देश की रक्षा करें तथा आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें।

माता-पिता को अपने 6 से 14 वर्ष आयु वाले बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। जैसा कि इस सूची से देखा जा सकता है, जहां मूलाधिकारों ने हमारे लोकतंत्र को मजबूत किया है, वहीं मूल कर्तव्य हमारे समाज को मजबूत करने के लिए जरूरी हैं।

इन कर्तव्यों पर जोर देने से साझा भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा, भारत की एकता व अखंडता मजबूत होगी तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। मूल कर्तव्यों की समझदारी बेहतर होनी चाहिए क्योंकि भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, बल्कि सर्वाधिक विविधतापूर्ण समाज भी है।

इस संदर्भ में उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू का सुझाव है कि मूल कर्तव्यों को उचित स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए तथा इन कर्तव्यों को सभी शिक्षण संस्थाओं, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जाए ताकि उन पर गंभीर विमर्श चल सके।

चार साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित करने का निर्णय किया था। उनका विचार था कि इससे नागरिकों में संविधान के प्रति ज्यादा जागरूकता पैदा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों के मूल कर्तव्यों पर जोर दे कर संविधान दिवस मनाने के अपने अभियान में नया आयाम जोड़ा है। संविधान दिवस पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जहां पिछले सात दशकों में मूलाधिकारों पर बहुत जोर दिया गया, जब समय आ गया है कि नागरिक अपने कर्तव्यों पर भी ध्यान दें। उनका मानना है कि 'बिना अपनी जिम्मेदारियां पूरी किए हम अपने अधिकारों की रक्षा नहीं कर सकेंगे।'

दुनिया के कुछ ही देशों में हमारे संविधान की तरह मूल कर्तव्यों की इतनी व्यापक सूची है। लेकिन अनेक देशों ने देश की सुरक्षा को राष्ट्रीय कर्तव्य माना है। उदाहरण के लिए, नार्वे के संविधान का अनुच्छेद 109 सामान्य नियम के रूप में परिभाषित करता है कि देश के सभी नागरिक देश की रक्षा के लिए एक खास समय तक काम करने के लिए समान रूप से बाध्य हैं, चाहे जन्म या अन्य प्रकार से उनकी स्थिति जो भी हो। यह सिद्धान्त लागू करने तथा उसकी सीमायें निर्धारित करने का काम कानून के माध्यम से होता है।

डेनमार्क के संविधान के अनुच्छेद 81 के अनुसार, 'हथियार धारण करने में सक्षम देश के हर पुरुष को देश की रक्षा में व्यक्तिगत योगदान करना ऐसे कानूनों के अंतर्गत अनिवार्य है जिनका निर्धारण संविधान द्वारा किया गया है।'

वास्तव में फ्रांसीसी गणराज्य का आधार न केवल जनता के अधिकार, बल्कि उसके कर्तव्य भी हैं। इसमें कहा गया है कि समाज के रखरखाव के लिए उसके लोगों द्वारा अपने कर्तव्यों का ज्ञान व उनका पालन है।

हालांकि, मूल कर्तव्यों को न्यायालय के रिट आदेशों से लागू नहीं किया जा सकता है, पर सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक फैसलों में अनुच्छेद 51ए के सिद्धान्तों का रचनात्मक प्रयोग किया है। उदाहरण के लिए, सर्वोच्च न्यायालय का मानना है कि नागरिकों के लिए निर्धारित मूल कर्तव्य राज्य पर भी लागू होते हैं। उसने 1987 में एमसी मेहता बनाम भारतीय संघ मामले में कहा है कि अनुच्छेद 51ए के अंतर्गत केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर सप्ताह कम से कम एक घंटा देश की सभी शिक्षण संस्थाओं में प्राकृतिक परिवेश के संरक्षण तथा संवर्धन की शिक्षा पर देना सुनिश्चित करे।

एक अन्य मामले में उसने मूल कर्तव्यों का संदर्भ देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य उत्कृष्टता प्राप्त करना है। उत्कृष्टता का अर्थ योग्यता में बढ़ोत्तरी, निष्ठा, ईमानदारी से काम करना तथा अपनी गरिमापूर्ण व उल्लेखनीय उपस्थिति बनाना है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'संवैधानिक विधि-निर्माताओं ने इस महान देश के नागरिकों से अपने कर्तव्य आधे-अधूरे मन के बजाय शानदार तरीके से पूरे करने की इच्छा प्रकट की है।' इन कर्तव्यों का पालन संवैधानिक विधि के क्षेत्र में आता है। इस प्रकार अब समय आ गया है कि हमारे संविधान के इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद 51ए पर ध्यान दिया जाए। इस पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है। यह इसलिए आवश्यक है ताकि नागरिक अधिकारों व कर्तव्यों के बीच संतुलन विकसित करें।

# अब भी चमक रहा है भाजपा का सितारा

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



भाजपा के सहयोगियों की स्थिति अच्छी नहीं है। साझीदार के प्रति असंतोष की आवाजें तेज होती जा रही हैं, और यह स्थिति शिवसेना और भाजपा के रिश्तों में आई हालिया दरार के बाद ज्यादा स्पष्ट हो गई जिसकी परिणिति शिवसेना द्वारा राजग को छोड़ने एवं महाराष्ट्र में गठबंधन टूटने के रूप में हुई है।

हालांकि, भाजपा चिंतित नहीं है क्योंकि लोकसभा में उसके पास स्पष्ट बहुमत है, यद्यपि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सहयोगी दलों को अपने मंत्रिमंडल में जगह देने का विकल्प चुना था और 2019 के चुनावों में भाजपा का संख्या बल बढ़ने के बाद भी उसी परम्परा को बनाए रखा। मोदी सार्वजनिक रूप से कहते रहे हैं कि उनका विश्वास है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए गठबंधन अनिवार्य हैं और उनकी सरकार राष्ट्रीय आकांक्षाओं व क्षेत्रीय आकांक्षाओं को संयोजित करके चलती है। वाजपेयी सरकार के विपरीत, जिसे राजग सहयोगी दलों की ओर से लगातार मुश्किलें झेलनी पड़ती थीं, मोदी की नाव अधिक सुगमता के चल रही है। राजग अब पहले जैसा नहीं रहा क्योंकि सहयोगी दलों की स्थिति कमजोर हुई है। पिछले पांच वर्षों में, बहुत से सहयोगियों ने या तो गठबंधन छोड़ दिया है अथवा मोदी सरकार से विरोध जारी है। यहां तक कि वे भी जिन्होंने घोषणा कर दी है कि वे भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं, शिरोमणि अकाली दल और जदयू साझीदारी से किए गए बर्ताव से नाखुश हैं।

भाजपा के पांच मुख्य सहयोगी थे। शिअद, तेलगूदेशम पार्टी, शिवेसना, पीडीपी और जदयू। इनमें से तेदेपा ने 2018 में भाजपा का साथ छोड़ दिया, जबकि शिवसेना ने हाल ही में राजग से नाता तोड़ लिया और महबूबा मुफ्तीनीत पीडीपी को भाजपा ने स्वयं त्याग दिया। शिवसेना भाजपा की एकमात्र वैचारिक सहयोगी पार्टी है जबकि अकाली दल ही एक मात्र ऐसा दल है जिसका सामाजिक आधार भाजपा से मिलता है। सभी राजग सहयोगी अपने-अपने राज्यों में अपना आधार बचाने में लगे हुए हैं।

हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या भाजपा को सहयोगियों की आवश्यकता है? 543 लोकसभा सीटों में से 331 पर भाजपा को उनकी कोई



आवश्यकता नहीं है। हालांकि, उत्तर प्रदेश में उसके कुछ छोटे साझीदार हैं। उन 212 सीटों में जहां भाजपा गठबंधन सहयोगियों से स्वतंत्र है, बिहार व महाराष्ट्र अकेले ऐसे राज्य हैं जहां सहयोगी वरिष्ठ या समान साझीदार हैं। भाजपा का निर्णय सहयोगी दलों को साथ रखने का है क्योंकि पार्टी को अभी राज्यसभा में बहुमत पाना है। जब भाजपा 2014 में सत्ता में आई थी तो उसके पास उच्च सदन की कुल 245 की संख्या में 43 सांसद थे। वर्तमान समय में उसकी संख्या लगभग दूनी होकर 78 हो गई है। अपने सहयोगियों के साथ राज्यसभा में भाजपा के 115 सांसद हैं। उसे सदन में अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में कुछ छोटे दलों के सहयोगी की आवश्यकता है। राजग सहयोगी स्पष्ट रूप से वर्तमान व्यवस्था से असंतुष्ट हैं क्योंकि उनको लगता है वाजपेयी के समय के उलट अब साझीदारों से कोई विचार विमर्श नहीं किया जाता। वे राजग का एक अध्यक्ष व संयोजक चाहते हैं जो पहले उनके मामलों पर विचार करते थे। भाजपा नेता इसके अध्यक्ष होते थे जबकि संयोजक साझीदारों से चुना जाता था। मोदी युग ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है और इसकी मांग कई बार की जा चुकी है। वास्तव में, संसद के वर्तमान शीत सत्र से पहले लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने संकेत दिया था कि संयोजक की नियुक्ति या एक समन्वय समिति का गठन गठबंधन सहयोगियों के बीच विचारों के आदान प्रदान के लिए उचित होगा।

शिरोमणि अकाली दल नेता व राज्यसभा सांसद नरेश गुजराल ने भी कहा था, ''एक समय था जब भाजपा के साथ कोई गठबंधन में नहीं था। उस समय भी शिवसेना व शिअद उसके साथ थे। इसका यह अर्थ नहीं है कि जब आपको पूर्ण बहुमत मिल जाए तो सहयोगियों को आप कमतर साझीदार समझने लगें।'' अपना दल, जदयू व कुछ अन्य सहयोगी दलों ने भी ऐसी ही टिप्पणियां की हैं। राजग में 16 सहयोगी हैं, जिनमें भाजपा अकेली राष्ट्रीय दल है। मोदी युग में साझीदारों के साथ संबंध पहले जैसे हार्दिक नहीं रहे हैं। इसका कारण वोटों के लिए संघर्ष है। भाजपा महत्वाकांक्षी है और वह अपना विस्तार करना चाहती है जबकि सहयोगी दल अपना क्षेत्र सुरक्षित रखना चाहते हैं। यही कारण है कि शिवसेना ने पिछले महीने गठबंधन से किनारा कर लिया। इसके साथ ही, मोदी किसी को अपने हाथ मरोड़ने का मौका नहीं देते हैं। भाजपा ने राजग गठबंधन के लिए नई रणनीति बनाई है। मोदी ने कहा था कि भाजपा के दरवाजे हमेशा पुराने व नए साझीदारों के लिए खुले हैं। उदाहरण के लिए, तेदेपा एक बार फिर भाजपा के निकट आ रही है। शिवसेना किसी भी समय वापस आ सकती है। भाजपा को नए सहयोगी, खासकर उत्तर पूर्व मिल सकते हैं। अन्नाद्रमुक, टीआरएस, वाईएसआरसीपी तथा अन्य छोटे दल भी उसकी सहयोगी बन सकते हैं।

भाजपा ने अपना आधार बढ़ाया है और वह सबसे अमीर तथा सबसे बड़ा दल बनी है। उसने राज्यसभा में कांग्रेस को भी पीछे छोड़ दिया है। अधिकांश बड़े राज्यों में उसकी महत्वपूर्ण मौजूदगी है और अब वह अपने विस्तार के लिए दक्षिण तथा उत्तर-पूर्व की ओर देख रही है। भाजपा ने त्रिपुरा में वामपंथ को हटा दिया है तथा पश्चिम बंगाल व ओडिसा में कांग्रेस को किनारे धकेल दिया है, जहां वह सत्तारूढ़ दल की मुख्य चुनौती बन गई है। भाजपा का विजय अभियान जारी है। 17 राज्यों में उसकी सरकारें हैं। आज मोदी मजबूत स्थिति में है और सहयोगी दलों को भाजपा की जरूरत है भाजपा को सहयोगियों की नहीं जैसा कि अतीत में होता था। एक समय था जब भगवा पार्टी को अछूत माना जाता है मगर आज ऐसा नहीं है।

## आप की बात

### महाराष्ट्र का महात्मा

**आखिरकार** महीनो चले हाई वोल्टेज राजनैतिक ड्रामे का समापन महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री बनने के साथ हो गया। कहा तो जाता रहा है कि राजनीति में सम्भावनाओं की कोई सीमा नहीं होती और कोई स्थायी विरोधी या मित्र नहीं होता। मगर महाराष्ट्र में सीएम बनने को हुए सियासी घमासान ने आज की युवा पीढ़ी के लिए इसका जबरदस्त उदाहरण भी पेश किया। महाराष्ट्र में हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच जनता को तो एकबात तो समझ में आ गई होगी कि अगर कोई भी पार्टी अगर बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाती है तो ऐसी स्थिति में आपका वोट किसी के साथ भी साझा किया जा सकता है अर्थात आपने किसी भी विचारधारा का समर्थन किया हो व किसी पार्टी के विरोध में मत दिया हो पर पार्टी को सरकार बनाने से मतलब है। महाराष्ट्र में तीन पार्टियों ने मिलकर सरकार बनाई है ,जिसमें राकांपा और कांग्रेस तो पहले एक रहे हैं पर शिवसेना की विचारधारा इन दोनों से पूर्णत: विपरीत है ,पर लगता है सीएम बनने की चाहत में विचारधाराओं को ताक पर रख दिया जाता है , जैसे फडनवीस ने भी अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाकर सरकार बनाने का असफल प्रयास कर डाला।

– **अभिनव दीक्षित**, बांगरमऊ

### नया कश्मीर उभरने की उम्मीद

**जहां** तक जम्मू कश्मीर की आंतरिक स्थिति का सवाल है, यह उल्लेखनीय है कि शेख अब्दुल्ला के समय से राज्य के तथाकथित राजनेता वास्तव में कश्मीर घाटी के नेता था। उन्होंने अनुच्छेद 370 व 35ए बनाए रखने में निहित स्वार्थ विकसित कर लिया था ताकि जनसंख्या संरचना के दृष्टिकोण से राज्य को घेरेबंद किया जाए तथा उनके क्षेत्र के भीतर सेक्युलर व लोकतांत्रिक परंपरायें विकसित न होने पाएं। हालांकि, कुछ नेताओं ने कश्मीरी पंडितों के उत्पीड़न पर कुछ बातें जरूर कीं, लेकिन उन्होंने 30 वर्ष पहले राज्य से भगाए गए हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षित वापसी के लिए कुछ नहीं किया। वे इस बात से खुश थे कि घाटी पूरी तरह मुस्लिम बहुसंख्य क्षेत्र बन गई थी। सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 हटाने के निर्णय के बाद भारत को पता लगा कि ये प्राविधान कितने असंवैधानिक व भेदभावपूर्ण थे। लोगों को यह जान कर धक्का लगा कि जनता के कुछ वर्गों के लिए शिक्षा क्षेत्र व नौकरियों में आरक्षण के प्राविधान वहां लागू नहीं थे। इनमें आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग शामिल हैं, जिनके आरक्षण पर कभी राज्य में ध्यान नहीं दिया गया।

– **निरंजन कुमार**, प्रयागराज


### एनआरसी पर विवाद

**एनआरसी** पर व्याप्त अशांति का अर्थ केवल यह है कि हमारे विशाल एवं विधितापूर्ण देश में 'एक एजेंडा' नहीं चल सकता है। भाजपा इससे व्यथित है। असम की अंतिम एनआरसी सूची में 19 लाख नागरिक अवैध पाए गए हैं, जबकि पहले ऐसे लोगों की संख्या 40 लाख होने का अनुमान था। भाजपा सोचती थी कि बांग्लादेश के अवैध मुस्लिम आप्रवासियों की संख्या अधिक होगी, पर इनमें बांग्लाभाषी हिंदुओं की संख्या अधिक है जो पूर्वी भारत में भाजपा अभियान को गति देने के साथ असम, त्रिपुरा व बंगाल में उसकी जड़ें मजबूत कर रहे हैं। राज्य में भाजपा की स्थिति अत्यन्त असहज हो गई है जहां उसके विधायकों को भारी वोट धार्मिक आधार व बहुध्रुवीयता पर मिले थे। क्योंकि यह मुद्दा काफी चुनौतीपूर्ण है और अत्यंत पेचीदा हो चुका है। मामले की जटिलता को ध्यान में रखते हुए सरकार को बहुत सावधानी से चलने की आवश्यकता है वर्ना लाभ के बजाए नुकसान हो सकता है। अच्छी बात है सरकार ने सूची से बाहर छूटे लोगों को 'राज्यविहीन' नहीं घोषित किया है।

– **अविनाश वधावन**, कानपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया





**आपको** निर्मला के बजाय निर्बला कहना चाहिए क्योंकि आप सरकार की नीतियों में प्रभावी नहीं हो पा रही हैं।

– **अधीर रंजन चौधरी**
कांग्रेस नेता

**आप** कमजोर हैं क्योंकि आप एक परिवार की महिला की सेवा करते हैं और केवल उनके सम्मान और सुरक्षा हेतु संघर्ष करते हैं।

– **पूनम महाजन**
भाजपा सांसद





**कुछ** दिन के बाद सरकार अन्य उद्यमों की तरह रेलवे भी बेचना शुरू करेगी। यह सरकार बनाने के बजाय बेचने में माहिर है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

# सीएम करेंगे शिकायतों के समाधान की रैंडम जांच

## मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल के साफ्टवेयर को अपग्रेड करने के साथ ही अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ






**जन** शिकायतों के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री स्वयं रैंडम जांच करेंगे कि शिकायत का समाधान सही तरह से हुआ या नहीं, इसके लिए 20 प्रतिशत शिकायतों में से स्वयं सीएम शिकायतकर्ता को फोन करके उससे बात करेंगे। इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण को और बेहतर बनाने के लिए साफ्टवेयर को अपग्रेड किया जाएगा। अभी तक कई मामलों में शिकायतों का गुणवत्तापरक समाधान नहीं हो रहा है। लिहाजा अब अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

आम लोगों की शिकायतों के समाधान को अब केवल विभाग व जिलों के अफसरों के भरोसे नहीं छोड़ा जाएगा। अब ऐसे 20 फीसदी मामलों की रैंडम जांच होगी। परखा जाएगा कि समाधान बेहतर तरीके से हुआ है या नहीं? शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी महत्वपूर्ण होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद सीएम आफिस अब पूरा काम देखेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय का यह जिम्मा होगा कि वह यह देखे कि समस्याओं का समाधान कितना गुणवत्तापरक हुआ है। शिकायतों की निगरानी में अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आई तो उसकी जवाब देही तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी के निलंबन और उसे प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी जाएगी। विभागों और जिलों में अधिकारियों के चार श्रेणियों में हर स्तर पर शिकायत का समाधान परखा जाएगा और लापरवाही आने पर कार्रवाई निश्चित होगी। इस संबन्ध में सीएम कार्यालय में एक नीति बनाई गई है जिसे मंत्रिमंडल की मंजूरी का इंतजार है। जल्द ही यह नीति का प्रस्ताव मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित नीति में अधिकारियों की श्रेणी, दंड की प्रक्रिया, रैंडम जांच आदि के नियम बनाए गए हैं। इसके अलावा शिकायतों के गुणवत्ता परक समाधान के लिए और नियमों को प्रभावी बनाया जाएगा। सीएम के पास जो फीड बैक आ रहा है उसमें डीएम, एसपी, सचिव, प्रमुख सचिव स्तर से जो शिकायतें आती हैं वह सब मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर आन लाइन दर्ज होती हैं। इन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक समाधान नहीं हो पा रहा है। कई मामलों में शिकायतकर्ता को पता ही नहीं चलता है और शिकायत का निस्तारण भी हो जाता है जबकि सीएम ने कई बार बैठकों में अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा है कि शिकायकर्ता की संतुष्टि इस बात का पैमाना होगा कि समाधान अच्छे से हुआ है या नहीं, सीएम इसलिए रैंडम जांच करा रहे हैं जाकि यह देखा जा सके कि शिकायतों का समाधान गुणवत्ता परक हो रहा है अथवा नहीं।

# वरिष्ठ अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई कर योगी सरकार ने दिया बड़ा संदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश प्रवक्ता संजय राय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अलग-अलग मामलों में वन विभाग की प्रमुख सचिव कल्पना अवस्थी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक पवन कुमार तथा डीजी होमगार्ड गोपाल लाल मीणा को हटाकर सिद्ध कर दिया है कि चाहे कोई कितने ही बड़े पद पर आसीन हो यदि वह गलती करेगा तो उसके विरूद्ध कार्रवाई अवश्य होगी।

प्रदेश प्रवक्ता संजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में धारणा बन गई थी कि बड़ी सी बड़ी घटना या अपराध होने के बाद भी किसी बड़े अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हो सकती। यह धारणा अनायास नहीं बनी थी बल्कि प्रदेश में 14 वर्ष सपा-बसपा की सरकारों में ऐसा ही हुआ भी। जब बसपा की सरकार में अपराध व बड़ी घटनाएं होती थीं उस समय सपा के लोग अधिकारियों को जेल में भेजने का भाषण देते थे और जब सपा की सरकार होती थी तो बसपा जेल में डालने के लिए विरोध का झूठा स्वांग रचा करती थी। सरकार बनने के बाद दोनों ही पार्टियां घोटालों के मामले में मौन साधे रखती थीं क्योंकि उन्हें डर लगता था कि यदि हम भ्रष्टाचारियों व अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे तो जब दूसरी सरकार आएगी तब हमें भी जेल की हवा खानी पड़ेगी। चूंकि भ्रष्टाचार में दोनों ही पार्टियां आंकठ डूबी थी। इसलिए एक दूसरे को बचाती रही। प्रवक्ता ने कहा कि इसी सिद्धान्त के कारण सपा-बसपा सरकार में अधिकारी व मंत्री निर्भीक होकर लूट मचाये रहते थे और चोर-चोर मौसेरे भाई की उक्ति को चरितार्थ करते थे। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं पार्टी की नीतियों के कारण 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्ट एवं निष्क्रिय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के कारण यह आम धारणा बनी है कि योगी सरकार में कोई भी अधिकारी चाहे जितने ऊंचे ओहदे पर होगा तो भी गलती करने के बाद उस पर कार्रवाई अवश्य होगी। शीर्ष अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई से प्रदेश की जनता खुश है और यह जान रही है कि सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर ठीक प्रकार से कार्य कर रही है। इसी क्रम मे प्रदेश के लगभग 600 से अधिक अधिकारियों के विरुद्ध विभिन्न प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई की जा चुकी है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति आम जनता को प्रेरित करेंगे धर्मगुरु



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- एनीमिया मुक्त भारत, सघन मिशन इंद्रधनुष जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने की धर्मगुरुओं के साथ बैठक

**एनीमिया** मुक्त भारत, सघन मिशन इंद्रधनुष जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति आम जनता को प्रेरित करने में धर्मगुरु अपनी सक्रिय भूमिका निभायेंगे। धर्मगुरुओं की तरफ से यह कार्य प्रार्थना, प्रवचन, नमाज, तकरीर के दौरान किया जायेगा। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग और धर्मगुरुओं के बीच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र अग्रवाल ने धर्मगुरुओं से अपील की कि वह प्रार्थना सभाओं के माध्यम से एनीमिया की गिरफ्त में आने के कारण, उससे होने वाले नुकसान, बचाव के उपायों के साथ ही गर्भवती महिलाओं व दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को टीका लगवाने के लिये समुदाय के लोगों को प्रेरित करें।

बैठक में सीएमओ ने धर्मगुरुओं से कहा कि समुदाय में लोगों को परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाने के लिये जागरूक करें क्योंकि परिवार कल्याण तभी सम्भव होगा जब परिवार नियोजित होगा। बैठक के दौरान विधान परिषद सदस्य व क्रिश्चियन कालेज के शिक्षक डॉ. डेंजिल जे गोडिन ने कहा कि हम धर्मगुरुओं के साथ-साथ समाज के सभी लोगों की यह जिम्मेदारी है कि अपने साथ-साथ आस-पास के लोगों को जागरूक करें। धर्मगुरु के साथ कर्मगुरु बनकर लक्ष्य को प्राप्त करना है। बैठक में फादर पास्टर अमरजीत ने कहा कि हमारा शरीर मंदिर के समान है जिस तरह हम मंदिर को साफ रखते हैं उसी तरह हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखना है। हमारा समाज तभी स्वस्थ रह सकता है जब इसमें रहने वाले लोग स्वस्थ होंगे। हम सभी को समुदाय व समाज के विकास में पूरा सहयोग करना है। दारूल उलूम फिरंगी महल के मौलाना सूफियान निजामी ने कहा कि हम विभाग का पूरी तरह से सहयोग करेंगे, जिस तरह से देश को पोलियो से मुक्त किया है उसी तरह देश को एनीमिया से मुक्त करेंगे तथा परिवार नियोजन व टीकाकरण में भी समुदाय को जागरूक करेंगे। बैठक में ईदगाह इस्लामिक सेंटर के इमाम मौलाना मोहम्मद मुश्ताक़ ने कहा कि कुछ लोग अज्ञानतावश जागरूकता के अभाव में इन कार्यक्रमों का लाभ नहीं ले पाते हैं, हम अपनी तकरीरों व नमाज के माध्यम से समुदाय को सही संदेश पहुंचाएंगे। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरी ने कहा कि किशोरियों के साथ-साथ किशोरों की भी अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। धर्मस्थलों पर सभी आयु वर्ग के लोग आते हैं । सभी धर्मस्थलों को अपने पारम्परिक प्रसाद के स्थान पर पौष्टिक प्रसाद जैसे चना-गुड़ का उपयोग करना चाहिये क्योंकि यह आयरन से भरपूर होता है। यहियागंज गुरुद्वारा के ज्ञानी जी ने कहा कि जागरूकता से ही इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

# किसान विरोधी है भाजपा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। मुख्यमंत्री सिर्फ चेतावनी देकर आने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते हैं। उन्होंने कहा लगता है कि सरकार की साख लोकभवन तक ही सीमित होकर रह गई है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार गन्ना किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। चीनी मिल मालिक मनमानी कर रहे हैं। किसानों का बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं। 14 दिन में भुगतान न होने पर ब्याज भी देने का नियम होने के बावजूद किसानों को फूटी कौड़ी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि स्थिति यह है कि किसान को अपना गन्ना तौलाने के लिए कई-कई दिन लाइन में लगना पड़ता है जबकि बिचैलिया. माफिया अपना गन्ना तौलाकर आराम से चला जाता है। किसानों को कई मिलों ने बकाया नहीं दिया है तो भी अपनी फसल बेचने के लिए उन्हें मजबूरन मिल गेट पर आना पड़ता है। एक महीना पेराई सत्र शुरू हुए हो गया किसान अब भी परेशान हैं। मिलों के पास कुंतलों चीनी जमा होने के बाद भी हालत यह है कि बकाया न मिलने से गन्ना किसान के बच्चों की न तो फीस जमा हो पा रही है और नहीं शादी ब्याह की व्यवस्था हो पा रही है। फसल उगाने में उसे अलग से कर्ज लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों का अभी तक समर्थन मूल्य भी नहीं घोषित किया है जबकि गन्ना एक ऐसा उत्पाद है जिसका मूल्य निर्धारण शासन स्तर पर होता है। केवल समाजवादी सरकार ने किसानों को गन्ना के निर्धारित मूल्य में 40 रूपया बढ़ाकर दिया था। आज तो भाजपा राज में पर्ची वितरण से लेकर बकाया भुगतान तक में ऊपर से नीचे तक खेल हो रहा है।

# आर्थिक गणना के आंकड़ों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने सातवीं आर्थिक गणना का आंकड़ा संग्रहण एवं प्रथम स्तर का पर्यवेक्षण कार्य कॉमन सर्विस सेण्टर के द्वारा नियुक्त प्रगणकों-पर्यवेक्षकों के माध्यम से मोबाइल एप में निर्धारित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। आंकड़ा संग्रहण का कार्य प्रदेश के समस्त 75 जनपदों के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में किया जायेगा। आर्थिक गणना के कार्य में किसी भी प्रकार की भ्रान्ति न उत्पन्न हो, इसलिये उद्यमियों तथा व्यापारियों से मिलने से पूर्व उद्योग मण्डल तथा व्यापार मण्डल को सूचना अवश्य उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जनपदीय अधिकारी द्वारा भी सहयोग किया जाए।

उन्होंने कहा कि आर्थिक गणना के कार्य में एकत्रित आंकड़ों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कॉमन सर्विस सेण्टर द्वारा संग्रहीत आंकड़ों की उच्च गुणवत्ता एवं शत-प्रतिशत कवरेज कराने के लिये द्वितीय स्तर के पर्यवेक्षण का कार्य राज्य सरकार के अर्थ एवं संख्या प्रभाग एवं उद्योग विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 8 प्रतिशत तथा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 2 प्रतिशत सैम्पल के आधार पर पर्यवेक्षकीय कार्य किया जाए। बैठक में बताया गया कि कॉमन सर्विस सेण्टर द्वारा 4 राज्य स्तरीय एवं 5 सुपरवाइजर लेवर-2 का प्रशिक्षण आयोजित किये जा चुके हैं जिसमें अर्थ एवं संख्या प्रभाग के 681 एवं उद्योग विभाग के 109 अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आर्थिक गणना देश की भौगोलिक सीमाओं में स्थित समस्त उद्यमों, इकाइयों की सम्पूर्ण गणना है जिसमें कृषि उत्पादन एवं बागवानी को छोड़कर समस्त इकाइयों, उद्यम जो वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन या वितरण के कार्य में संलग्न है की गणना की जाती है। उद्यम से आशय एक इकाई, प्रतिष्ठान से है जो एक स्थान विशेष पर अवस्थित हो जहां मुख्य रूप से कोई आर्थिक गतिविधि संचालित हो रही होए जो ऐसी वस्तुओं, सेवाओं का उत्पादन कर रही हो जिसका कुछ भाग विक्रय के लिये हो।

# टीईटी परीक्षा-2019 के लिए शहरी इलाकों में ही बनेंगे परीक्षा केन्द्र

- अपर मुख्य सचिव ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी की गाइडलाइन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**22** दिसंबर को प्रस्तावित उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2019 के आयोजन को लेकर शासन स्तर पर गाइडलाइन जारी कर दी गयी है। यह गाइडलाइन प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर दोनों के लिए प्रभावी होगी। टीईटी परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण में राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। अपरिहार्य स्थिति में ही निजी कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण यथासम्भव शहरी इलाकों में ही बनाया जायेगा। जिससे समुचित सुरक्षा की गारंटी हो सके।

अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार के स्तर से जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि परीक्षा के संचालन की अध्यक्षता संबंधित जिले के जिलाधिकारी करेंगे। उनकी अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जायेगा। कमेटी में एसएसपी के अलावा डायट के प्राचार्य, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामिल होंगे। केन्द्र निर्धारण के समय परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संस्थागत सुविधाओं जैसे सीसीटीवी कैमरे, बड़े हवादार कमरे, पर्याप्त फर्नीचर, पंखे, पीने के पीने आदि पर ध्यान देने को कहा गया है। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षा केन्द्र को 200 गज की परिधि में धारा 144 लागू करने के साथ ही परीक्षा से जुड़े लोगों को छोड़कर अन्य लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के साथ निरीक्षक या अन्य कर्मचारी को मोबाइल, नोटबुक की अनुमति नहीं होगी। वहीं परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक, नामित पर्यवेक्षक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को भी कैमरा युक्त मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

# जनवरी में दक्षिण भारत की सैर कराएगा आईआरसीटीसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आईआरसीटीसी** नव वर्ष में दक्षिण भारत यात्रा का आयोजन करेगा। इस यात्रा के तहत पर्यटक दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिरों के साथ ही रमणीय स्थलों के सैर करने का मौका मिलेगा। 12 रात्रि एवं 13 दिन की इस यात्रा का आयोजन 5 जनवरी से 17 जनवरी के मध्य आयोजित होगा। यात्रा पर रवाना होने वाले पर्यटकों को प्रति व्यक्ति के हिसाब से 12285 रुपए की धनराशि का भुगतान आईआरसीटीसी को करना होगा। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अश्विनी श्रीवास्तव ने बताया कि दक्षिण भारत यात्रा के तहत श्रद्धालुओं को रामेश्वरम्, मदुरई, कन्याकुमारी, कोवलम्, तिरूवनन्तपुरम् (पद्मानभम् मंदिर), तिरूचुरापल्ली, तिरूपति बालाजी, पद्मावती एवं मल्लिकार्जुन का भ्रमण कराया जाएगा। विशेष ट्रेन के जरिए यात्रा पर रवाना होने वाले आमजनों को ट्रेन में सवार होने की सुविधा वाराणसी, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, इटावा, भिंड, ग्वालियरा व झांसी से मिल सकेगी। इसी पैकेज मूल्य के तहत ही यात्रियों के धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था, सुबह का नाश्ता, दोपहर एवं शाम का शाकाहारी भोजन एवं स्थानीय वाहनों द्वारा स्थानीय भ्रमण की सुविधा भी दी जाएगी। दक्षिण भारत की यात्रा पर रवाना होने वाले पर्यटक गोमतीनगर पर्यटन भवन स्थित आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय कार्यालय के साथ ही आईआरसीटीसी की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से अपने टिकटों की बुकिंग कर सकेंगे।

# 16 तौल लिपिकों के लाइसेंस निलम्बित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- घटतौली पर अंकुश लगाने के लिए गन्ना क्रय केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**पेराई** सत्र 2019-20 में गन्ना क्रय केन्द्रों पर घटतौली व गन्ना माफियाओं पर अंकुश लगाने के क्रम में की गई कार्रवाई के तहत 16 तौल लिपिकों के लाइसेंस निलम्बित किए गए। इसके साथ ही 1433 क्रय केन्द्रों को निरीक्षण कर 107 सामान्य तथा 11 गम्भीर अनियमितताएं पाई गईं। यह जानकारी गन्ना आयुक्त संजय भूस रेड्डी ने दी। गन्ना आयुक्त ने बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गन्ना तौल को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने तथा गन्ना माफियाओं पर अंकुश लगाने सम्बन्धी दिये गये निर्देशों के क्रम में गन्ना मंत्री सुरेश राणा द्वारा अभियान चलाकर गन्ना क्रय केन्द्रों पर गन्ना घटतौली रोकने एवं गन्ना माफियाओं पर कार्रवाई की गई। इसके तहत वर्तमान पेराई सत्र के लिए क्रय केन्द्रों की विस्तृत जांच के लिये व्यापक स्तर पर अधिकार प्रदान किये गये हैं तथा क्रय केन्द्रों पर तैनात तौल लिपिकों के पाक्षिक स्थानान्तरण ईआरपी के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा रेण्डम आधार पर सुनिश्चित कराये जा रहे हैं। वर्तमान पेराई सत्र 2019-20 में विभाग द्वारा घटतौली रोकने के लिए प्रदेश में गन्ना क्रय केन्द्रों के कुल 1433 निरीक्षण कर 62 प्रकरणों में नोटिस जारी किये गये हैं। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि गन्ना माफियाओं एवं चीनी मिल द्वारा की जा रही गन्ने की अवैध खरीद की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करायी जा रही हैं, जिसके तहत फर्जी एसएमएस प्रेषित कर अवैध गन्ना खरीद में लिप्त पाये जाने पर चीनी मिल बेलवाड़ा के प्रधान प्रबन्धक एवं प्रबन्धक आईटी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 420 एवं 120 बी के तहत एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

# सभी जिला व तहसील मुख्यालयों पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## गन्ना किसानों को 450 रुपए प्रति कुंतल गन्ना मूल्य, समस्त बकाया का भुगतान व बंद चीनी मिलें चलाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** सरकार की नीतियों के खिलाफ और गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को पूरे प्रदेश में जिला व तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। जिसके तहत कांग्रेस नेताओं ने लखनऊ में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के आवाह्न पर हुए इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने गन्ना किसानों को 450 रुपए प्रति कुन्तल गन्ना मूल्य दिए जाने, गन्ना किसानों के बकाए गन्ना मूल्य का भुगतान किए जाने एवं बन्द चीनी मिलों को चालू किए जाने की मांग के साथ ही एक हजार से अधिक किसानों को पराली जलाने पर जेल भेजे जाने को लेकर विरोध जताया। लल्लू ने खुद मेरठ में जिमखाना मैदान से कलेक्ट्रेट तक आयोजित विरोध मार्च व घेराव का नेतृत्व किया। लल्लू ने कहा कि जो लोग मंचों पर या सदनों में कहा करते थे कि हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है आज ऐसी कौन सी स्थिति आ गयी है कि ब्याज तो ब्याज आज मूलधन भी नहीं दे पा रहे है। गन्ने के मूल्य का निर्धारण नहीं हुआ है लगभग 6 हजार करोड़ रुपए गन्ना मूल्य जो बकाया है उसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने आज सड़क पर बैठकर आन्दोलन शुरू किया। कांग्रेस नेताओं का कहना हैकि अगर यह सरकार कुम्भकर्णी नींद से नहीं जागी तो सदन और लखनऊ के गलियारों में भी इस मुद्दों को उठाने का काम किया जाएगा। इधर लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं प्रभारी लखनऊ रमेश कुमार शुक्ल, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, निवर्तमान जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी, निवर्तमान शहर अध्यक्ष बोधलाल शुक्ला आदि काफी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के अन्य जनपदों में राष्ट्रीय सचिव बाजीराव खाड़े फतेहपुर, फैजाबाद में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. निर्मल खत्री, झांसी में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, बुलन्दशहर में पूर्व सांसद कमलकिशोर कमाण्डो, रामपुर में पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के नेतृत्व में आन्दोलन किया गया। इसी प्रकार सभी जिलों में शहर और जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा प्रदर्शन किया गया।

# परिजनों को सुरक्षा, एक करोड़ की मदद व सीबीआई जांच कराए सरकार: मोना

- कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता ने पूछा सवाल, आखिर किसको बचाने का प्रयास कर रही सरकार

**मैनपुरी में नवोदय विद्यालय की छात्रा की मौत का मामला**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मैनपुरी** में नवोदय विद्यालय की छात्रा की मौत के मामले में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए पूछा है कि आखिर किसको बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिजन लगातार दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मात्र डीएम, एसपी को हटाने मात्र से दोषी सरकार अपने कर्तव्यों की इतिश्री नहीं कर सकती। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराने और मृतका के परिवार को सुरक्षा व एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की। मोना बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहीं थीं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर असंवेदनशीलता के गंभीर आरोप लगतो हुए कहा कि 2017 के बाद एनसीआरबी का डाटा क्यों सार्वजनिक नहीं किया गया। सरकार पिछले दो वर्षों से इन आंकड़ों को क्यों छिपाए है? यदि सब कुछ सही है तो उसको सार्वजनिक करने से सरकार क्यों डर रही है। एनसीआरबी का डेटा सरकार के कार्यकाल में अपराध का आइना होता है। मैनपुरी मामले में उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष के नाते उनका सरकार से यह सवाल हैकि वह बताए कि कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, वर्किंग वूमेन हास्टल, नवोदय विद्यालय, नारी निकेतन, किशोर आवास इत्यादि सरकार द्वारा संचालित व संरक्षित संस्थानों में बालिकाओं व महिलाओं की वास्तविक संख्या क्या है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार के क्या प्रयास हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की तरफ से वीमेन गर्ल एण्ड चाइल्ड सेफ्टी इन्डेक्स की स्थापना की भी मांग की है। मोना ने कहा कि यदि सरकार के पास महिला एवं किशोरियों की सही संख्या ही नहीं होगी तो वह उनकी सुविधा एवं सुरक्षा का इंतजाम कैसे करेगी।

# कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था पर सरकार को घेरा

## ● भाजपा ने भावी पीढ़ियों के लिए सरकार के कदम गिनाए

**भाषा।** नई दिल्ली



लोकसभा में बोलते कांग्रेस नेता शशि थरूर

**लोकसभा में** बुधवार को कांग्रेस ने पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के मोदी सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर सवाल खड़ा किया, वहीं भाजपा ने केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ऐसे कदमों से न केवल अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए जीवन भी सुगम होगा। सदन में वर्ष 2019-20 के लिए अनुदान की पूरक मांगें-प्रथम बैच पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सदस्य शशि थरूर ने कहा कि आर्थिक विकास से जुड़े आंकड़ों में गिरावट इस बात का प्रमाण है कि सरकार अर्थव्यवस्था को संभाल पाने में नाकाम रही है।

उन्होंने जीडीपी में गिरावट और राजस्व में कमी आने का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार को अब सुधार करना चाहिए और देश को सही दिशा में आगे ले जाना चाहिए। थरूर ने कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में औसत विकास दर सात फीसदी से अधिक थी, लेकिन इस सरकार में यह गिरकर 4.5 फीसदी पहुंच गई है। उन्होंने यह आरोप लगाया कि इस सरकार के आने के बाद तीन करोड़ नए लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए।

थरूर ने सरकार के पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य पर पर सवालिया निशान लगाते हुए पूछा कि इसे हासिल करने के लिए सरकार का रोडमैप क्या है? कांग्रेस नेता ने कहा कि पहले के वित्त मंत्री ने बजट के संदर्भ में बहुत सारी घोषणाएं कीं थीं, लेकिन सरकार लक्ष्य पूरा करने में विफल रही। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में करोबार के अनुकूल माहौल बनाने, मुद्रा योजना के जरिए धन मुहैया कराने, कारपोरेट कर में कटौती करने, छोटो कारोबारियों को प्रोत्साहित करने सहित अर्थव्यवस्था की मजबूती और आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसे कदम उठाए हैं जिससे एक सुंदर देश बनेगा और भावी पीढ़ियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनेक ऐसे कदम उठाए हैं जिनसे आम आदमी का जीवन सुगम हुआ है।

उन्होंने कहा कि आज देहात में जाकर देखें तो वहां लोगों की प्रसन्नता का स्तर पिछले 70 साल में सर्वाधिक है। रूड़ी ने कहा कि 21 हजार करोड़ रुपए की अनुपूरक मांगों में जम्मू कश्मीर के लिए 8000 करोड़ रुपए मांगे जा रहे हैं। यह राज्य केंद्र सरकार के दिल के करीब है। जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लिए अनेक परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की कार्यावधि को कुछ महीने के लिए बढ़ाया गया है क्योंकि जम्मू कश्मीर के लिए और भी सहायता देनी है।

भाजपा सांसद ने कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाकर इस सरकार ने जम्मू कश्मीर को वोट की राजनीति से बाहर किया, भ्रष्टाचार से बचाया, जाति-धर्म के भेदभाव से बाहर किया है।



मुंबई में नेवी डे पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते नौसेना के जवान



मंदार(झारखंड) में एक चुनावी सभा के दौरान लोगों से मिलते भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा

# रेल मंत्री ने परिचालन खर्च में बढ़ोतरी की एक वजह सातवें वेतन आयोग के लागू होने को बताया

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेल मंत्री** पीयूष गोयल ने भारतीय रेल के परिचालन खर्च में बढ़ोतरी से जुड़ी कैग रिपोर्ट की पृष्ठभूमि में बुधवार को कहा कि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद खर्च में ज्यादा वृद्धि हुई है। मंत्री ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के गौरव गोगोई के पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कैग की रिपोर्ट के बारे में बातें की गई हैं, लेकिन मैंने बाहर बात नहीं की। अब इस बारे में मैं सदन में बात करना चाहता हूं।



उन्होंने कहा कि सातवें वेतन आयोग के लागू होने से बड़ा खर्च आया है। इसके तहत 22,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च हुई है। मंत्री ने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर, पर्वतीय और दूसरे सुदूर इलाकों में रेलवे को बड़ा निवेश करना पड़ता है। यह सामाजिक प्रतिबद्धता से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जब छठा वेतन आयोग लागू हुआ तो उस वक्त भी परिचालन खर्च में 15 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई थी। वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने पर परिचालन खर्च में बढ़ोतरी एक सामान्य चलन है। गौरतलब है कि संसद में पेश नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे का परिचालन अनुपात (ऑपरेटिंग रेशियो) 2015-16 में 90.49 प्रतिशत और 2016-17 में 96.5 प्रतिशत रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रेल का परिचालन अनुपात वित्त वर्ष 2017-18 में 98.44 प्रतिशत रहने का मुख्य कारण इसका संचालन खर्च बढ़ना है।

### एसी चेयर कार रेलवे के लिए मुनाफे वाली सेवा बनकर उभरीः कैग

**नई दिल्ली (भाषा)।** कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पारंपरिक लाभकारी एसी थ्री टायर श्रेणी के अलावा वातानुकूलित चेयर कार सेवा भारतीय रेलवे की एकमात्र मुनाफेवाली सेवा के रूप में उभरी है। उसने कहा है कि यह वंदे भारत एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस जैसे एसी चेयर कार ट्रेनें शुरू करने को सही ठहराता है जिनमें शयनयान श्रेणी सेवाएं नहीं हैं।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली।** रुद्रपुर से लौट रहे एक बाइक सवार युवक को रास्ते में ही ट्रक ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर ट्रक के चालक और मालिक के बीच कार्रवाई शुरू कर दी। नवाबगंज थाने के गांव मुड़िया सहाय निवासी 24 वर्षीय महिपाल पुत्र रामपाल की कल शाम सेमीखेड़ा भोजीपुरा में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि महिपाल उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित जय हिंद फैक्ट्री में काम करता था और कल दिन में काम से छुट्टी मिलने के बाद वह मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौटने के लिए रुद्रपुर से चला था। लेकिन रास्ते में जब भोजीपुरा के सेमीखेरा इलाके में पहुंचा तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक का पीछा किया तो उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और मृतक के घरवालों को सूचना दी। जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पत्नी का नाम रोशनी है। वह ढाई माह के बेटे का पिता था।

## दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल में तेल भरवाने जा रहे एक युवक को तेजी से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया युवक को इलाज के लिए घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत के बाद पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भोजीपुरा थाने के गांव सुरला निवासी श्रीनाथ के 22 वर्षीय बेटे कमलेश कि बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर उसके घर वालों ने बताया कि कमलेश भोजीपुरा स्थित अस्पताल में चालक के तौर पर काम करता था और कल शाम लगभग 3 बजे को अपनी मोटरसाइकिल में तेल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप पर गया था। लेकिन रास्ते में ही पीछे से आ रहे किसी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और घरवालों को सूचना दी। देर रात इलाज के दौरान कमलेश ने दम तोड़ दिया था। उसकी पत्नी का नाम पुष्पा है वह 8 माह की बेटी का पिता था। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## उधार की रकम मांगने पर युवक से मारपीट

**बरेली।** पुराना टीवी बेचने के बाद खरीदार से रुपए मांगने गए एक युवक को खरीदार और उसके साथियों ने शराब पिलाने के बाद लाठी-डंडों से पीटा जिससे उसके हाथ की हड्डी टूट गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।सुभाष नगर थाने के गाना निवासी राजीव पाठक पुत्र सुरेश चंद्र पाठक को आज दोपहर उसके घरवाले घायल अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उन्होंने बताया कि राजीव ने कुछ दिनों पहले मोहल्ले के ही रहने वाले अर्जुन के हाथों अपने घर का पुराना टीवी बेचा था अर्जुन ने टीवी की कीमत कुछ दिनों बाद देने के लिए कहा था लेकिन जब उसने रुपए नहीं दिए तो राजीव आज सुबह अर्जुन के घर रुपए मांगने पहुंचा जहां पर अर्जुन का साथी प्रधान व दो अन्य लोग भी मौजूद थे सभी ने राजीव के साथ बैठकर शराब पी और नशे में हो गया तब अर्जुन और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी जिसके हाथ टूट गई शोर सुनकर मौके पर पहुंचे और उसे बताया घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद उस को अस्पताल लाया गया।

## पेड़ काटने को लेकर मारपीट कई घायल

**बरेली।** किराए के मकान में रहने वाले किरायेदारों के बीच पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे कई लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। बारादरी थाना इलाके के मोहल्ला काजी टोला निवासी अनीता कुरैशी उसके बेटे बिलाल कुरेशी बेटी बबली इसी मकान में किराए पर रहने वाले मोहम्मद असीम की पत्नी रेशमा और रईस की पत्नी मेहरून्निसा को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। हमलावर फरार बताए जाते हैं।

## बजाज फिनसर्व की फ्लेक्सी लोन सुविधा

गाज़ियाबाद। शादी विवाह व अन्य मौके पर होने वाले नियोजित व अनियोजित व्यय को देखते हुए बजाज फिनसर्व के लिए लाया है पर्सनल लोन के कुछ खास फीचर्स। इस लोन के साथ फ्लेक्सी लोन की सुविधा मिलती है, जिसमें आप प्राप्त की गई ऋण राशि में किसी विशेष राशि का उपयोग कर सकते हैं और सिर्फ इसी राशि के लिए ब्याज का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा, आपके पास शुरूआती अवधि के लिए किश्तों पर ब्याज चुकाने का विकल्प होता है, जिससे आपकी ईएमआई 45 फीसदी तक कम हो जाती है।

# शिक्षा के तीन सोपान कक्षा मंच मैदानः राजेश दीक्षित

## ● माया ज्ञानोदय संस्कार अकादमी बिरधा में चतुर्थ क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**ललितपुर।** कस्बा बिरधा के आवासीय विद्यालय माया ज्ञानोदय संस्कार अकादमी में विद्यालय स्तरीय चतुर्थ क्रिकेट टूर्नामेन्ट का भव्य शुभारम्भ प्रधानाचार्य किसान इंटर कॉलेज राजकुमार शर्मा ने किया। विद्यालय के संस्थापक प्रबन्धक राजेश दीक्षित ने कहा की बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये विद्यालय में अनेक प्रकार की गतिविधि बच्चों के मध्य कराई जाती है, जिससे बच्चों के अन्दर छिपी प्रतिभा बाहर आ सके। शिक्षा के तीन सोपान कक्षा मंच और मैदान। सभी क्षेत्रो में बच्चों को पारंगत किया जा रहा है। खेल से शारीरिक विकास होता है। क्रिकेट भारत का एक लोकप्रिय खेल है और बच्चों की मांग पर इस आयोजन को लगातार चार बर्षो से कराया जा रहा है। राजकुमार शर्मा ने कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का



क्रिकेट मैच का विधिवत शुभारंभ करते अतिथि प्रधानाचार्य

विकास होता है। खेल-खेल की भावना से खेले इसमें हार जीत तो लगी रहती है। खेल के माध्यम से आपसी प्रेम व्यवहार और भाई चारा बढ़ता हैं और समानता का भाव प्रकट होता है। विद्यालय स्तरीय इस क्रिकेट टूर्नामेन्ट में विद्यालय की 16 टीमे प्रतिभाग कर रही है एक दिन में दो मैच खेले जा रहे है प्रत्येक मैच 10 ओवर का हो रहा है। आज का मैच रवि तिवारी और शिवम तिवारी की टीम के मध्य हुआ, जिसमें शिवम तिवारी की टीम ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन शुरुवात में ही रवि तिवारी ने पहले ही ओवर में 1 रन देकर विपक्षी टीम के चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिए। जिससे शिवम तिवारी की तीन मात्र 44 रन पर ही सिमट गई और रवि तिवारी की टीम ने आसानी से 4 विकेट खो कर 45 रन का लक्ष्य हासिल किया। रजत पंथ ने 15 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई और मेंन ऑफ द मैच रवि तिवारी रहे।

# महाराजा मर्दन सिंह स्कूल में शिक्षकों की गुटबाजी हावी

## ● शिक्षक को हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी

**ललितपुर।** कस्बा तालबेहट में कभी बुंदेलखंड के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों में शुमार मर्दन सिंह इंटर कॉलेज अपने शैक्षिक वातावरण के चलते प्रसिद्ध लिए था। मगर बीते वर्षों में शिक्षकों की गुटबाजी और राजनीति के चलते छात्रों को शैक्षिक वातावरण का लाभ मिलना बंद हो गया और शिक्षक आपसी गुटबाजी के चक्कर में छात्रों को पढ़ाना भूल गए। हालात यहां तक बिगड़े कि शिक्षकों की आपसी गुटबाजी और मारपीट की घटनाओं ने शिक्षकों के दो गुटों के ऊपर संगीन मामलों में मुकदमा दर्ज तक किए गए। विगत कई दिनों से स्कूल में छात्रों को शिक्षक नहीं पढ़ा रहे थे जिससे उनका शैक्षिक सत्र लगातार पिछड़ रहा था। इस बात से नाराज छात्रों ने व्यायाम शिक्षक के साथ आमरण अनशन तहसील के गेट पर शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप है कि मर्दन सिंह इंटर कॉलेज के ज्यादातर शिक्षक गुटबाजी में व्यस्त रहते हैं। क्लासों में पढ़ाने नहीं आते जिससे उनकी पढ़ाई पिछड़ रही है और एक शिक्षक बार-बार हरिजन एक्ट लगाने की धमकी देकर व्यायाम शिक्षक का मानसिक उत्पीडन करते हैं, जिससे हम सब छात्र परेशान हो चुके हैं। वही व्यायाम शिक्षक सन्दीप सिंह का आरोप है कि स्कूल के शिक्षक द्वारा बार-बार हरिजन एक्ट की धमकी दी जाती है। जब उनसे कहा जाता है कि क्लासों में पढ़ाने को जाओ तो उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर परेशान किया जाता है। कक्षाओं में शिक्षक पढ़ाने नहीं जाते हैं जिससे मर्दन सिंह इंटर कॉलेज की शैक्षिक की स्थिति लगातार खराब हो रही है इन छात्रों के भविष्य के लिए उन्हें आमरण अनशन को मजबूर होना पड़ा।

## महिलाओं की सुरक्षा को तत्पर है ललितपुर पुलिस : एसपी

**ललितपुर।** जनपद में विशेष पुलिस बल दस्ता जो शक्ति मोबाइल के नाम से संचालित है। पुलिस अधीक्षक कैप्टन मिर्जा मंजर बेग द्वारा महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए चलाई जा रही है। आज के परिपेक्ष में हमारे पुलिस वालों को यह देखने की आवश्यकता है कि हमारी महिलाएं, बच्चियां सुरक्षित अपने घर पहुंचे। इस बात को मद्देनजर रखते हुए एसपी ने सभी को अवगत कराया है कि किसी महिला की यदि कहीं पर भी स्कूटर खराब हो जाती है या अकेले स्टेशन या बस स्टैंड से आ रही है और रात्रि का समय हो और सुरक्षित घर जाना चाहती हो तो शक्ति मोबाइल जिसका मोबाइल नंबर 7839870546 है। इस पर कॉल कर करें और शक्ति मोबाइल टीम आपको सुरक्षित घर तक पहुंचाएगी। इस मोबाइल नंबर से सभी को संज्ञानित करें। एसपी ने कहा कि ललितपुर पुलिस महिलाओं, बालिकाओं की सहायता, सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर है।

# पेज एक का शेष

### तीन देशों के ...

सरकार इसे अगले दो दिनों में संसद में पेश करेगी और अगले सप्ताह इसे पारित कराने के लिए आगे बढ़ाएगी। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों ने इसकी तीखी आलोचना की है। नागरिकता (संशोधन) विधेयक पर विरोध जताते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि इससे संविधान का मूलभूत सिद्धान्त कमतर होता है। थरूर ने कहा, मुझे लगता है कि विधेयक असंवैधानिक है क्योंकि विधेयक में भारत के मूलभूत विचार का उल्लंघन किया गया है। वो लोग जो यह मानते हैं कि धर्म के आधार पर राष्ट्र का निर्धारण होना चाहिए...इसी विचार के आधार पर पाकिस्तान का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि हमने सदैव यह तर्क दिया है कि राष्ट्र का हमारा वह विचार है जो महात्मा गांधी, नेहरूजी, मौलाना आजाद, डॉ. आंबेडकर ने कहा कि धर्म से राष्ट्र का निर्धारण नहीं हो सकता। यह विधेयक लोकसभा में पारित हो जाएगा क्योंकि निचले सदन में भाजपा को बड़ा बहुमत है। राज्यसभा में भी उसे कोई गंभीर अवरोध की संभावना नहीं है क्योंकि अतीत में उसे बीजद, टीआरएस, वाईएसआर कांग्रेस जैसे दलों का समर्थन मिला है। गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं ने इस विषय पर राजनीतिक दलों एवं पूर्वोत्तर के नागरिक समूहों से व्यापक चर्चा की है और उनकी चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया है।

### लोकसभा ...

श्रेणियों के लिए नौकरियों में इस तरह का आरक्षण देने का फैसला संबंधित राज्य सरकारें करती हैं। सूत्रों ने बताया कि एंग्लो इंडियन समुदाय को अभी आरक्षण की इस व्यवस्था से बाहर रखा गया है। अगर बाद में जरूरत महसूस हुई तब इस पर फिर से विचार किया जाएगा। विधेयक में एंग्लो इंडियन समुदाय के प्रावधान के बारे में पूछे जाने पर जावड़ेकर ने हालांकि कोई स्पष्ट जवाब न देते हुए कहा कि विधेयक पेश होने के बाद इसका ब्यौरा मिल जाएगा। मंत्री ने बताया कि संसद में अनुसूचित जाति के 84 सदस्य और अनुसूचित जनजाति के 47 सदस्य हैं। भारत में विधानसभाओं में अनुसूचित जाति के 614 सदस्य और अनुसूचित जनजाति के 554 सदस्य हैं।

### दिल्ली में ...

जोड़ने के लिए आरडब्ल्यूए और बाजार संघों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगह-जगह सरकार की ओर से लगाए गए सीसीटीवी भी फ्री वाई-फाई से जुड़ेंगे।आगामी 16 दिसंबर से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन, कश्मीरी गेट आईएसबीटी, आईटीओ बस स्टैंड, मंडी हाउस बस स्टैंड, दिल्ली सचिवालय, इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन, दिल्ली विश्वविद्यालय बस स्टैंड और सराय काले खां बस स्टैंड जैसी प्रमुख जगहों पर फ्री वाई-फाई शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2015 के विधानसभा चुनाव में फ्री वाई-फाई उनके घोषणा पत्र का अहम वादा था, जो आज पूरा हुआ। जैसे उन्होंने बेसिक लाइफ लाइन सर्विसेज के नजरिये से 200 यूनिट बिजली और 20 हजार लीटर पानी मुफ्त दिया है। उसी तरह इंटरनेट भी करने जा रहे हैं।

**बस स्टॉप पर 4,000 व अन्य जगह 7,000 हॉटस्पॉटः** वाई-फाई से छात्रों के अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में खूब मदद मिलेगी। ज्यादा से ज्यादा कनेक्टिविटी के लिए शहरभर के बस स्टैंड पर 4,000 और बाजार, अपार्टमेंट आदि में 7,000 हॉट स्पॉट लगाए जाएंगे। इनका अनुपात इस तरह होगा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 हॉटस्पॉट लगें। योजना पर लगभग सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार कंपनी को प्रति हॉट स्पॉट हर माह शुल्क देगी।

**कैसे करेंगे इस्तेमालः** वाई-फाई का इस्तेमाल करने के लिए एक ऐप बनाया गया है। इसमें उपभोक्ता से कुछ जरूरी व्यक्तिगत जानकारी मांगी जाएगी, उसे भरने के बाद फोन में ओटीपी आएगा। वह ओटीपी डालने के बाद इंटरनेट का कनेक्शन चालू हो जाएगा। खास यह कि यदि यूजर एक सप्ताह तक अपने हॉट स्पॉट्स के जोन से निकल कर दूसरे के जोन में जाते भी हैं तो इंटरनेट कटेगा नहीं। यह स्वतः ही दूसरे हॉट स्पॉट से जुड़ जाएगा।

### कॉलोनियों को ...

ये कालोनियां स्वतः नियमित भी जाएंगी। पुरी ने कहा कि इस योजना के तहत सभी 1731 कालोनियों के लगभग नौ लाख परिवारों के 40 लाख से अधिक लोगों को मालिकाना हक मिलेगा।

### आईटीबीपी जवान ...

के बाद ही जानकारी मिल सकेगी कि जवानों ने रहमान पर गोली चलाई है या नहीं। इस संबंध में जानकारी ली जा रही है। इससे पहले पुलिस ने आशंका जताई थी कि रहमान जवाबी कार्रवाई में मारा गया है। सुंदरराज ने बताया कि दोनों घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा जा रहा है।

### पी चिदम्बरम ...

जाने संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दलील के बारे में पीठ ने कहा, मौजूदा स्थिति में अपीलकर्ता न तो राजनीतिक ताकत है और न ही सरकार में किसी पद पर है, जिससे वह हस्तक्षेप करने की स्थिति में हो। इस स्थिति में पहली नजर में इस तरह के आरोप स्वीकार नहीं किए जा सकते। इस बीच, कांग्रेस ने आईएनएक्स मीडिया धन शोधन मामले में पार्टी के वरिष्ठ नेता चिदंबरम को जमानत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सच की आखिरकार जीत हुई। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया, सच्चाई की आखिरकार जीत हुई। सत्यमेव जयते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के वरिष्ठ नेता चिदंबरम को कई दिनों तक हिरासत में रखने को बदले की कार्रवाई बताया।

### सूडान में...

अनुसार सूडान सरकार ने कहा कि दुर्घटना में 23 लोग मारे गए और 130 से अधिक घायल हुए। प्रारंभिक रिपोर्ट में घटनास्थल पर आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न होने की बात सामने आई है। सूडान सरकार ने कहा, वहां पर ज्वलनशील पदार्थों का अनुचित तरीके से भंडार किया गया था जिसके कारण आग फैल गई। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है।

### डॉक्टर ने...

पुलिस को बुधवार की सुबह करीब पौने आठ बजे दोनों के शव कार में मिलने की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि कार के दरवाजे अंदर से बंद थे। डॉ. कुकरेजा ड्राइविंग सीट पर बेसुध पड़े थे और उनकी बगल वाली सीट पर सुदीप्ता औंधे मुंह गिरी हुई थीं। ऐसे में पुलिस ने कार के शीशे को तोड़कर दरवाजा खोला तो देखा कि डॉक्टर कुकरेजा की कनपटी में गोली लगी थी, जबकि सुदीप्ता की छाती के ऊपर गोली लगने का निशान था। डॉक्टर की लाइसेंसी रिवॉल्वर ड्राइविंग सीट के नीचे कार में ही पड़ी थी।

### पांच लोगों.........

नजदीकी लोगों को कम समय में अधिक लाभ देने का लालच देकर प्रॉपर्टी के कारोबार में पैसा लगवाता था। राकेश ने पूछताछ में यह स्वीकार किया है कि उसने अपने साढ़ू गुलशन से प्रॉपर्टी में मोटी रकम निवेश कराई थी। इसके लिए गुलशन ने कई करीबी लोगों से कर्ज लिया था। राकेश का यह भी कहना है कि जिन लोगों से पैसा लेकर गुलशन ने उसके साथ प्रॉपर्टी के कारोबार में लगाया था, उनमें से अधिकांश को वह नहीं जानता। गुलशन के करीबी दोस्त पेशे से सीए प्रवीण बख्शी का पैसा भी उसने प्रॉपर्टी में इनवेस्ट किया था। गुलशन और प्रवीण बख्शी ने उस पर दवाब बनाकर कई चेक पर हस्ताक्षर भी कराए थे और 100 रुपये के स्टांप पर एग्रीमेंट भी कराया था।

राकेश ने पुलिस को बताया कि वह पूरा पैसा पांच प्रतिशत के ब्याज पर लेता था और इसके हिसाब से उसके साढ़ू गुलशन को पैसा वापस करना था। उसने 98 लाख रुपये वापस कर दिए थे, लेकिन गुलशन और प्रवीण बख्शी का कहना था कि अब भी एक करोड़ 39 लाख रुपये ब्याज सहित शेष हैं।

# 370 खत्म होने के बाद कश्मीर में स्थिति शांतिपूर्ण रही है



भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** बुधवार को जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं होने के नेशनल कांफ्रेंस सांसद हसनैन मसूदी के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि विशेष दर्जे को समाप्त करने के बाद क्षेत्र में स्थिति आमतौर पर शांतिपूर्ण रही है और पिछले दशकों में इस बार त्योहार का समय अधिक शांति से निकला। लोकसभा में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में विशेष दर्जे संबंधी अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के बाद प्रदेश में स्थिति आमतौर पर शांतिपूर्ण रही है और इंटरनेट पर रोक लगाने से अनेक अप्रिय घटनाओं को रोकने में मदद मिली है। नेशनल कांफ्रेंस सहित कई दलों के नेताओं को हिरासत में लेने के आरोपों पर सिंह ने कहा कि नजरबंदी की असली परिभाषा तो वह है जब जवाहरलाल नेहरू की सरकार के समय शेख अब्दुल्ला को हिरासत में लेकर 2000 किलोमीटर दूर कोडइकोनाल में रखा गया था। उन्होंने गृह मंत्री अमिह शाह को दयालु गृह मंत्री बताते हुए जम्मू कश्मीर में नेताओं की गिरफ्तारी से संबंधित नेशनल कांफ्रेंस सदस्य मसूदी के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। जम्मू कश्मीर में इंटरनेट पर पाबंदी के संबंध में मंत्री ने कहा कि इससे अप्रिय घटनाओं को रोकने में मदद मिली है जिसमें आतंकी घटनाएं भी शामिल हैं। उन्होंने इस संबंध में कुछ घटनाओं का भी जिक्र किया जहां इंटरनेट बंद होने के कारण सुरक्षा बल, आतंकियों से निपटने में सफल रहे। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि संविधान के अंतर्गत 854 केंद्रीय कानून हैं लेकिन इनमें से प्रदेश में करीब 200 कानून ही लागू हो रहे थे। पहले भ्रष्टाचार निवारक कानून लागू नहीं था, बाल विवाह पर रोकथाम संबंधी कानून लागू नहीं था, दहेज पर रोकथाम संबंधी कानून लागू नहीं था और गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून लागू नहीं था। मंत्री ने कहा कि अब ये कानून वहां लागू होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सदस्य ने सदन को भ्रमित करने का प्रयास किया। इससे पहले मसूदी ने कहा कि सरकार जम्मू कश्मीर में जो सामान्य स्थिति होने का दावा कर रही है, वह सचाई से दूर है। उन्होंने यह भी कहा कि पांच अगस्त के बाद जम्मू कश्मीर में कारोबार पर बहुत बुरा असर पड़ा है और सरकार ने इन अनुदान की मांगों में उसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया है।उन्होंने यह भी मांग की कि इस सदन में जम्मू कश्मीर की स्थिति पर चर्चा करानी चाहिए।बीजद के बी महताब, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी और राकांपा की सुप्रिया सुले ने भी कश्मीर के हालात के विषय को उठाया।

● लोकसभा में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए पीएम कार्यालय में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने दिया जवाब

## कश्मीर में पथराव के पीछे हुर्रियत कार्यकर्ताओं का हाथ : सरकार

**नई दिल्ली।** गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि कश्मीर घाटी में पथराव की घटनाओं के पीछे अलगाववादी समूहों और कार्यकर्ताओं का हाथ रहा है जो हुर्रियत कॉन्फ्रेन्स से जुड़े हैं।रेड्डी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि प्राप्त खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद संबंधी गतिविधियों, पथराव और सुरक्षा बलों पर हमलों आदि के लिए सीमा पार से हवाला माध्यम से धन भेजा जा रहा है।उन्होंने बताया जांच से खुलासा हुआ है कि कश्मीर घाटी में पथराव की घटनाओं के पीछे हुर्रियत से जुड़े विभिन्न अलगाववादी संगठन और कार्यकर्ताओं का हाथ रहा है। रेड्डी ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अब तक आतंकवाद के वित्त पोषण संबंधी मामलों में 18 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।

## कश्मीर में हालात और सामान्य होने पर चरणबद्ध तरीके से इंटरनेट सेवा बहाल होगी : उपराज्यपाल

भाषा। श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** के उपराज्यपाल जी सी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कश्मीर में हालात और सामान्य हो जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से इंटरनेट सेवा बहाल की जाएगी।केंद्र ने पांच अगस्त को संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने की घोषणा की थी। मुर्मू ने कहा, हम इसकी (इंटरनेट पर पाबंदी) समीक्षा कर रहे हैं तथा (हालात) और सामान्य होने पर चरणबद्ध तरीके से इसे (बहाल) करेंगे। हमने अपने प्रशासन के साथ चर्चा की है और इस पर विचार कर रहे हैं। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में शीरी के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में पुलिस रंगरूटों की पासिंग आउट परेड के बाद मुर्मू संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उपराज्यपाल ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद घाटी के हालात को बहुत अच्छा बताया।उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि स्थिति बहुत अच्छी है, इसमें बहुत सुधार हुआ है। पुलिसकर्मी अच्छा काम कर रहे हैं और यहां सभी बलों के बीच काफी अच्छा तालमेल है। लोगों की भागीदारी बहुत अच्छी है, वे बाहर आ रहे हैं और विकास में दिलचस्पी ले रहे हैं। उधर, उपराज्यपाल ने ऊर्जा दक्षता कवायदों के तहत केंद्र प्रशासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर में सभी सरकारी इमारतों की छत पर सोलर सिस्टम मुहैया कराने के लिए निर्देश जारी किया है। एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रशासनिक परिषद की पहली बैठक के दौरान मंगलवार को मुर्मू ने ए निर्देश दिए। बैठक में केंद्रप्रशासित क्षेत्र में बिजली की स्थिति की समीक्षा की गई। बिजली विकास विभाग के आयुक्त सचिव हृदेश कुमार ने जम्मू कश्मीर में बिजली की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कश्मीर क्षेत्र में छह और सात नवंबर को बर्फबारी के बाद बिजली आपूर्ति बहाल करने की स्थिति के बारे में भी बताया गया।



नागपुर में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले अपने वजन के बराबर गणेश टेकड़ी मंदिर में खाद्यान्न दान करते हुए

## प्रदर्शन करने का प्रयास करने पर तृप्ति देसाई को एहतियातन हिरासत में लिया गया

भाषा। हैदराबाद,



**यहां एक** महिला पशु चिकित्सक से सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले के विरोध में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चन्द्रशेखर राव के कार्यालय-सह-आवास के निकट प्रदर्शन करने का प्रयास करने वाली महिला अधिकार कार्यकर्ता तृप्ति देसाई और छह अन्य को बुधवार को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया। सामाजिक संगठन भूमाता ब्रिगेड की संस्थापक देसाई कुछ सदस्यों के साथ विरोध प्रदर्शन करने के लिए मौके पर पहुंची। पुलिस ने उन्हें रोक लिया और तुरन्त उन्हें अपने वाहनों से ले गई।प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राव शादी समारोह में शामिल हो रहे हैं लेकिन उनके पास पीड़िता के परिवार के सदस्यों से मिलने का समय नहीं है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात का कोई समय नहीं लिया था और वे प्रगति भवन के निकट एकत्र हो गए। तेलंगाना सरकार के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाकर उन्होंने कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को खराब करने का प्रयास किया और इसलिए उन्हें एहतियातन हिरासत में ले लिया गया। इससे पूर्व देसाई ने कहा कि मुख्यमंत्री को पीड़िता के आवास पर जाना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया, हम मुख्यमंत्री से जवाब मांगेंगे। देश में इस वीभत्स कृत्य को लेकर लोगों में आक्रोश है, लेकिन यहां की सरकार इस घटना को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मामले की जल्द से जल्द सुनवाई के लिए एक त्वरित अदालत का गठन करने के लिए कहा।मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में देसाई ने मांग की कि आरोपियों को फांसी पर लटकाया जाना चाहिए और महिला को न्याय मिलना चाहिए।गौरतलब है कि 25 वर्षीय महिला पशु चिकित्सक से चार लोगों ने सामूहिक बलात्कार करके उसकी हत्या कर दी और शव जला दिया।महिला का जला हुआ शव उनके लापता होने के एक दिन बाद 28 नवम्बर की सुबह यहां के निकट शादनगर में मिला था।चारों आरोपियों को 29 नवम्बर को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपियों की उम्र 20 से 24 वर्ष के बीच है। सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं और यहां चेरलापल्ली केन्द्रीय जेल में बंद हैं।

## बच्ची से बलात्कार के आरोप में व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

**कासरगोड (केरल)।** यहां की एक अदालत ने 2018 में चार साल की एक बच्ची के यौन उत्पीड़न के जुर्म में 46 साल के एक व्यक्ति को बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।सत्र अदालत के न्यायाधीश पी एस शशिकुमार ने दोषी वी एस रवींद्रन पर 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। राज्य में ऐसा यह पहला मामला है जिसमें यौन उत्पीड़न से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम में संशोधन के बाद सजा सुनाई गई है। मामला अप्रैल 2018 का है।न्यायाधीश ने कहा, दोषी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 ए बी के तहत मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाती है। आईपीसी की धारा 376 ए बी में 12 साल से कम उम्र की लड़कियों से बलात्कार के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है।

## क्विक न्यूज

### तूतीकोरिन में अग्रिम संचालन अड्डे पर विचार कर रही है नौसेना : रियर एडमिरल

**चेन्नई।** नौसेना के रियर एडमिरल के. जे. कुमार ने कहा कि नौसेना तूतीकोरिन में संचालन को मजबूत करने के लिए क्षेत्र में एक अग्रिम संचालन अड्डे की स्थापना पर विचार कर रही है।तमिलनाडु एवं पुडुचेरी नौसेना क्षेत्र के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग कुमार ने यहां बुधवार को पत्रकारो को बताया कि नौसेना ने 51 जहाजो के लिए ऑर्डर दिया जिनके अगले 10 साल मे सेवा में शामिल किए जाने की संभावना है। उन्होने कहा, हमारे पास विस्तार की कुछ योजनाएं है... हम लोग तुतीकोरिन मे एक अग्रिम संचालन अड्डे का निर्माण करना चाहते है जिससे मन्नार की खाड़ी मे हमारी गतिविधियां और संचालन बढ़ेगा।

### चार वर्षीय बालिका से दुष्कर्म और हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**महू, (मप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस ने त्वरित कार्वाई करते हुए चार साल की बालिका के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में 28 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का रविवार की रात को अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह महू कस्बे के एक निजी अस्पताल के पास सेना के एक पुराने बंगले मे पुलिस ने उसका शव बरामद किया। इन्दौर पुलिस रेज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) वरुण कपूर ने बुधवार को यहां संवाददाताओ को बताया कि स्टेशन रोड स्थित शंकर खिलौना गार्डन में रहने वाले अंकित विजयवर्गीय (28) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और पुलिस को बताया कि बालिका जब पुल के नीचे अपने माता-पिता के साथ सो रही थी तब उसने लड़की को उठाया और फिर उसे सुनसान बंगले मे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### 24 होम्योपैथिक दवाएं लोगों तक पहुंचाएगी राज्य सरकार

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने 24 तरह की होम्योपैथी दवाईयो को आमजन तक पहुंचाने का फैसला किया है और इसमें ट्रपिल ए यानी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी और एएनएम की मदद ली जाएगी। चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होने कहा कि राज्य सरकारी होम्योपैथी कॉलेज खोला जाएगा। वे यहां एक कॉलेज मे होम्योपैथी के सार्वजनिकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि अन्य चिकित्सा पद्धतियो के साथ लोगो मे होम्योपैथी के प्रति भी विश्वास बढ़ रहा है।



हैदराबाद में गैंगरेप के बाद डॉ. प्रियंका की हत्या किए जाने को लेकर गुवाहाटी राजभवन के सामने कैंडिल मार्च निकालतीं असम प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता

## जम्मू-कश्मीर के वकीलों ने प्रदर्शन तेज किया, भूख हड़ताल शुरू

भाषा। जम्मू

**अचल संपत्तियों** से जुड़े दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण करने की शक्तियों से न्यायिक अदालतों को वंचित करने के राज्य सरकार के फैसले का विरोध कर रहे वकील बुधवार को भूख हड़ताल पर चले गए।जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन (जेकेएचसीबीए) के सदस्य एक महीने से ज्यादा समय से इस फैसले का विरोध कर रहे हैं।संगठन के अध्यक्ष अभिनव शर्मा ने बताया कि संगठन के आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से विरोध को आगे जारी रखने के फैसले के बाद आज से भूख हड़ताल शुरू हुई।उच्च न्यायालय और राज्य के कई हिस्सों में निचली अदालतों में एक नवंबर से काम प्रभावित है क्योंकि वकील हड़ताल पर हैं। वह राज्य सरकार के फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## नाबालिग से बलात्कार के दोषी को उम्रकैद

भाषा। कोटा

**राजस्थान की** एक अदालत ने कोटा में दो साल पहले 14 साल की एक लड़की से बलात्कार के दोषी व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उस पर 40,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। कोटा की पॉक्सो अदालत ने मंगलवार को सुनाए गए फैसले में दोषी व्यक्ति के साथी को भी तीन साल की कैद की सजा सुनाई और उस पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया। विशेष लोक अभियोजक ललित कुमार शर्मा ने कहा कि न्यायाधीश जगेंद्र कुमार अग्रवाल ने अपराध को अत्यंत नृशंस करार दिया और कन्हैया लाल को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) कानून की संबंधित धाराओं और भारतीय दंड संहिता की धारा 363 और धारा 366 के तहत दोषी पाया। दोषी व्यक्ति की उम्र 21-22 साल के आस-पास है। उन्होंने बताया कि लाल के साथी सत्यनारायण को भी धारा 363 और 366 के तहत दोषी पाया गया। लड़की की मां की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक 23 नवंबर,2017 की रात जब बच्ची घर से बाहर शौच के लिए गई थी, लाल ने चाकू का डर दिखा उसे अगवा कर लिया था। शर्मा ने बताया कि बाद में लाल मोटरसाइकिल से उसे एकांत स्थान पर ले गया और उससे बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि बाद में सत्यनारायण, लाल के पास आया और वे नाबालिग को दूसरी जगह ले गए और लाल ने दोबारा उससे बलात्कार किया। शर्मा ने बताया कि दोनों ने बाद में पीड़िता को उसके घर के पास छोड़ दिया।

2जी स्पेक्ट्रम मामला

## याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पीठ गठन पर होगा विचार

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बुधवार को कहा कि 2जी स्पेक्ट्रम आबंटन घोटाले से संबंधित मामले की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पीठ गठित करने के बारे में वह विचार करेगा। इस मामले में निचली अदालत ने 2017 में पूर्व संचार मंत्री ए राजा और द्रमुक सांसद कनिमोई सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया था।प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की तीन सदस्ईय पीठ के समक्ष जांच एजेन्सियों की ओर से सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने अनुरोध किया कि 2जी प्रकरण से संबंधित तमाम याचिकाओं की सुनवाई के लिए एक पीठ गठित की जाए।पीठ ने कहा, हम जनवरी में पीठ गठित करेंगे। इस समय दिल्ली उच्च न्यायालय 2जी स्पेक्ट्रम आबंटन प्रकरण में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ केन्द्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की अपीलों पर अलग-अलग सुनवाई कर रहा है। शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन सेन्टर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटीगेशंस



और भाजपा नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी की याचिका पर दो फरवरी, 2012 को 2जी स्पेक्ट्रम आबंटन के 122 लाइसेंस रद्द करते हुए कहा था कि इनका आबंटन मनमाने और असंवैधानिक तरीके से किया गया है। ए आबंटन तत्कालीन दूरसंचार मंत्री ए राजा ने किए थे। हालांकि, विशेष अदालत ने 21 दिसंबर, 2017 को राजा, कनिमोई और अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। अदालत ने दिवंगत एम करुणानिधि की पत्नी दयालु अम्मल, विनोद गोयनका, आसिफ बलवा, फिल्म निर्माता करीम मोरानी, पी अमृतम और कलैंगनर टीवी के निदेशक शरद कुमार सहित 17 अन्य को प्रवर्तन निदेशालय के मामले में बरी कर दिया था।

## उपचुनाव के बाद मंत्रिमंडल विस्तार कर सकते हैं मुख्यमंत्री : लक्ष्मण सावदी

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी ने बुधवार को कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा राज्य में 15 विधानसभा सीटों पर पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं।उन्होंने अथानी में पत्रकारों से कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से स्वीकृति मिलने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा। सावदी ने कहा, सभी पहलुओं पर विचार के बाद मुख्यमंत्री यह तय करेंगे कि किसे शामिल किया जाए। वह (मुख्यमंत्री) इस बारे में सोच रहे हैं। वह हाई कमान से भी सलाह लेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार के समय भाजपा के वरिष्ठ विधायकों जैसे उमेश कट्टी और बासनगौड़ा पाटिल यत्नाल के नाम पर विचार किया जा सकता है क्योंकि वे वरिष्ठ हैं। मंत्रिमंडल में इस समय मुख्यमंत्री समेत 18 मंत्री शामिल हैं, जबकि इसमें 34 मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है और अब भी इसमें 16 पद रिक्त हैं। उपचुनाव के नतीजे नौ दिसंबर को घोषित होंगे।

## कोरेगांव-भीमा के गलत मामलों को वापस लेने के पक्ष में है अघाड़ी सरकार: पाटिल

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र सरकार** में मंत्री एवं राकांपा नेता जयंत पाटिल ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र विकास आघाडी (एमवीए) सरकार 2018 के कोरेगांव-भीमा हिंसा से संबंधित मामलों में गलत तरीके से फंसाए गए लोगों को राहत देने के पक्ष में है।पाटिल ने कहा, हालांकि इस संबंध में फैसला लेने का अधिकार मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का है क्योंकि मंत्रियों को अब तक विभाग आवंटित नहीं हुए हैं।पाटिल ने यहां पत्रकारों से कहा, हमें कई लोगों से ज्ञापन मिला था जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें कोरेगांव-भीमा (हिंसा) मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। ऐसे कदम पहले भी उठाए गए थे। उन्होंने कहा, सरकार चाहती है कि किसी के साथ अन्याय नहीं हो... सरकार किसी को परेशान नहीं करना चाहती... सरकार का मकसद मामलों में गलत तरीके से फंसाए गए लोगों को राहत देना है। पाटिल ने कहा कि हिंसा मामले में अगर कोई




जानबूझकर भूमिका निभाएगा तो सरकार उसका समर्थन नहीं करेगी। एक जनवरी, 2018 को पुणे जिले में कोरेगांव-भीमा गांव में हिंसा भड़क उठी थी जिससे एक दिन पहले ही एल्गार परिषद ने पेशवाओं और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच मशहूर लड़ाई के 200 साल पूरा होने के अवसर पर एक सम्मेलन का आयोजन किया था जिसमें कथित रूप से भड़काऊभाषण दिए गए थे।उन्होंने कहा, लेकिन इससे भ्रम पैदा करने की जरूरत नहीं है और सबसे महत्वपूर्ण तो यह है कि मैं कोई महाराष्ट्र का गृह मंत्री नहीं बना हूं। जब तक विभाग आवंटित नहीं किए जाते तब तक सारे अधिकार मुख्यमंत्री के पास हैं। उल्लेखनीय है कि राकांपा विधायक धनंजय मुंडे ने मंगलवार को कोरेगांव-भीमा हिंसा से संबंधित मामलों को वापस लेने की मांग की थी और दावा किया था कि भाजपा के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती राजग सरकार ने सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत घटना में नामित लोगों के खिलाफ गलत मामले लगाए थे। उद्धव ठाकरे को लिखे पत्र में मुंडे ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाने वाले बुद्धिजीवियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों को प्रताड़ित किया तथा इनमें से कई पर शहरी नक्सली होने का आरोप लगाया गया।

## इस साल 1800 एनजीओ के एफसीआरए प्रमाण पत्र रद्द किए गए : केंद्र

एजेंसी। नई दिल्ली

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि इस साल 1808 गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के एफसीआरए पंजीकरण रद्द किए गए हैं।राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2017-18 का अनिवार्य वार्षिक ब्यौरा पेश नहीं करने के लिए एफसीआरए के तहत पंजीकृत 1808 संगठनों के पंजीकरण प्रमाण पत्रों को हाल ही में निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच साल के दौरान करीब 14,500 संगठनों के पंजीकरण प्रमाण पत्रों को निरस्त किया गया है। ए एनजीओ विदेशी चंदा (विनियमन) कानून के तहत पंजीकृत थे। राय ने एक अन्य सवाल के जवाब में इस बात से इंकार किया कि सरकार एमनेस्टी इंटरनेशनल की गतिविधियों की जांच करने के लिए कोई समिति बना रही है।

# बांड में निवेश किया जाने वाला ईटीएफ मंजूर

भाषा। नई दिल्ली

● इसी महीने बाजार में आने का अनुमान

● सीतारमण ने कहा, बांड ईटीएफ सुरक्षा तरलता और अनुमान लगाने योग्य कम कर वाली आय मुहैया कराएगा

**सरकार ने** भारत बांड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) नाम से एक साझा निवेश कोष शुरू करने प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी जिसके यूनिटों में निवेश करने वालों का पैसा सार्वजनिक उपक्रमों और सरकारी संठनों के बांड में लगाया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को यह निर्णय लिया। इस ईटीएफ की नए कोष की पेशकश (एनएफओ) दिसंबर में ही पेश होने का अनुमान है। भारत बांड ईटीएफ देश में पहला कॉरपोरेट बांड ईटीएफ होगा।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा, विस्तृत दायरे वाले इस ईटीएफ के सृजन तथा इसकी शुरुआत से हमें उम्मीद है कि निवेशकों का आधार बड़ा होगा। उन्होंने कहा कि जैसी घोषणा बजट में की गई थी, यह देश में बांड बाजार के विस्तार में मदद करेगा। फिलहाल सरकार की ओर से इस समय संचालित ईटीफ में निवशकों का पैसा चुनिंदा सरकारी कंपनियों के शेयरों में लगाया जाता है। ऐसे कोष के यूनिट शेयरबाजारों में खरीदे बेचे जा सकते हैं। सीतारमण ने इस बांड ईटीएफ के निर्णय के बारे में कहा कि इस कोष के शुरू होने पर सरकारी कंपनियों तथा अन्य सरकारी संगठनों के लिए अतिरिक्त धन जुटाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इस ईटीएफ में सरकारी कंपनियों या किसी सरकारी संगठन द्वारा जारी किए गए बांड होंगे और इनका शेयर बाजारों में कारोबार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसकी एक यूनिट का अंकित मूल्य एक हजार रुपए रखा जाएगा ताकि इसमें छोटे निवेशक भी निवेश कर सकें। सीतारमण ने कहा कि हर ईटीएफ की परिक्वता तिथि होगी। अभी इनके लिए तीन साल और 10 साल की दो परिपक्वता श्रेणियां होंगी। निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने संवाददाताओं से कहा, हम इसी महीने एनएफओ शुरू होने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर छह महीने में ईटीएफ की पेशकश होगी तथा एनएसई इसके सूचकांक की संरचना करेगा।

वित्तमंत्री ने कहा, बांड ईटीएफ सुरक्षा, तरलता और अनुमान लगाने योग्य कम कर वाली आय मुहैया कराएगा। यह खुदरा निवेशकों को छोटी मात्रा में बांड में निवेश करने की सहूलियत देगा जिससे उन्हें बांड बाजार की आसानी से कम लागत वाली पहुंच मिलेगी। इससे वैसे खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ेगी जो अभी नकदी की कमी तथा पहुंच नहीं होने के कारण बांड बाजार में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि इन बांड की मांग बढ़ने से इसे जारी करने वाले कम ब्याज पर ऋण ले सकेंगे, जिससे एक अवधि के लिए उनका ऋण अदायगी का बोझ कम होगा।

## टीवीएस ने जयपुर में एक्सएल100 का नया संस्करण पेश किया

**जयपुर।** प्रमुख दुपहिया वाहन कपंनी टीवीएस ने एक्सएल100 का कंफर्ट आईटच संस्करण बुधवार को यहां पेश किया। राजस्थान में इसकी शुरुआती शोरूम कीमत 40,143 रुपए होगी। कंपनी के उप-महाप्रबंधक एन आर विग्नेश ने यहां संवाददाताओं को बताया कि इस नए संस्करण एक्सएल100 कंफर्ट आईटच में कई नए फीचर हैं जिनमें मोबाइल चार्जिंग की सुविधा, मोटरसाइकिल जैसा फ्रंट हाइड्रालिक संस्पेंशन व सिंक ब्रेकिंग प्रौद्योगिकी शामिल है। उन्होंने बताया कि टीवीएस एक्सएल100 पांच संस्करणों में उपलब्ध है। राजस्थान में टीवीएस एक्सएल100 का कंफर्ट आईटच की शुरुआती शोरूम कीमत 40,143 रुपए होगी। उन्होंने कहा कि देश भर में 1.25 करोड़ लोग टीवीएस के विभिन्न वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं।




## दो महीने बाद नवंबर में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में लौटी तेजीः पीएमआई

**नई दिल्ली।** भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में दो महीने की गिरावट के बाद नवंबर में तेजी लौट आई। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को इसकी जानकारी दी गई। आईएचएस मार्किट का भारतीय सेवा कारोबार गतिविधि सूचकांक नवंबर में सुधरकर 52.7 पर पहुंच गया। अक्टूबर में यह 49.2 पर था। सूचकांक के 50 से ऊपर रहने से यह पता चलता है कि गतिविधियों में विस्तार हुआ है, जबकि 50 से नीचे का सूचकांक गतिविधियों में संकुचन दर्शाता है। हालांकि यह अभी भी 54.2 के दीर्घकालिक औसत से नीचे बना हुआ है। आईएचएस मार्किट की प्रधान अर्थशास्त्री पॉलिएना डी लीमा ने कहा, सेवा क्षेत्र ने सितंबर और अक्टूबर महीने में दर्ज की गई सुस्ती से उबरने का संकेत दिया है। हालांकि नवंबर के पीएमआई से भी पता चलता है कि मांग को लेकर सतर्कता बनी हुई है और क्षेत्र की स्थिति अभी भी बहुत अच्छी नहीं है। उन्होंने सतर्क करते हुए कहा कि भले ही सेवा क्षेत्र नवंबर में अच्छे से आगे बढ़ा है और दिसंबर में भी विस्तार के ही संकेत मिल रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही सेवा क्षेत्र की नाजुक स्थिति के भी संकेत मिलते हैं। लीमा ने कहा, बिक्री तथा गतिविधियों में विस्तार की दर ऐतिहासिक मानक की तुलना में कम है और कारोबार को लेकर भरोसा भी नरम बना हुआ है। सर्वेक्षण के अनुसार, नवंबर में लागत में ठोस वृद्धि हुई है और मुद्रास्फीति 13 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि देश में सेवा के लिए वसूला जाने वाला औसत मूल्य मामूली बढ़ा है और इसकी वृद्धि की दर जुलाई के बाद से सबसे कम रही है।

## प्रबंधन से अलग हुए गूगल के दोनों सह-संस्थापक सुंदर पिचाई बने अल्फाबेट के भी सीईओ

भाषा। वाशिंगटन

**गूगल के** सह-संस्थापकों लैरी पेज और सर्गेइ ब्रिन ने खुद को मातृ कंपनी अल्फाबेट के सक्रिय प्रबंधन से अलग कर लिया है। अब अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पद भारतीय मूल के सुंदर पिचाई संभालेंगे।

अल्फाबेट और गूगल के प्रबंधन में हुए इस फेरबदल से पिचाई दुनिया के सबसे शक्तिशाली सीईओ में से एक बन गए हैं। अल्फाबेट ने मंगलवार को बताया कि पेज और ब्रिन क्रमशः सीईओ और अध्यक्ष का पद छोड़ रहे हैं। इसके बाद गूगल के मौजूदा सीईओ पिचाई (47) अब अल्फाबेट के सीईओ का पद संभालेंगे। यह फेरबदल ऐसे समय हुआ है जब गूगल को कंपनी के वृहद आकार, सूचनाओं की गोपनीयता एवं सुरक्षा को लेकर कंपनी का रवैया तथा समाज पर संभावित प्रभाव को लेकर जांच के बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है। दोनों सह-संस्थापकों ने एक सार्वजनिक पत्र में कहा कि अब अल्फाबेट अच्छे से स्थापित हो चुकी है और गूगल समेत अन्य सहायक कंपनियां स्वतंत्र तरीके से प्रभावी परिचालन कर रही हैं, ऐसे में यह स्वाभाविक समय है कि प्रबंधन के स्वरूप को सरल बनाया जाए। उन्होंने कहा, हम उन लोगों में कभी नहीं रहे कि जब कंपनी को चलाने का बेहतर तरीका उपलब्ध हो, तब भी प्रबंधन में बने रहें। और अब अल्फाबेट तथा गूगल को दो अलग सीईओ के साथ एक अध्यक्ष की जरूरत नहीं है। आने वाले समय में सुंदर गूगल के साथ अल्फाबेट के भी सीईओ होंगे। वह गूगल का नेतृत्व करेंगे तथा अल्फाबेट के अन्य कारोबार में निवेश का प्रबंधन करेंगे। दोनों सह-संस्थापक अल्फाबेट के निदेशक मंडल में बने रहेंगे। पिचाई ने कहा कि इस बदलाव से अल्फाबेट की संरचना या उसके काम पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने लिखा, मैं गूगल पर अपना ध्यान केंद्रित करता रहूंगा और साथ ही कम्प्यूटिंग के दायरे को बढ़ाने, गूगल को हर किसी के लिए अधिक मददगार बनाने के अपने काम को करता रहूंगा। उन्होंने अपने ईमेल में कहा, साथ ही मैं अल्फाबेट और प्रौद्योगिकी के जरिए बड़ी चुनौतियों से निपटने के उसके दीर्घकालिक उद्देश्य को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, सुंदर ने अल्फाबेट की स्थापना के वक्त, गूगल के सीईओ रहते हुए और अल्फाबेट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य के नाते 15 वर्ष तक हमारे साथ निकटता से काम किया है। अल्फाबेट की स्थापना के बाद से अब तक हमने किसी और पर इतना भरोसा नहीं किया और उनके अलावा गूगल और अल्फाबेट का भविष्य में कोई इतने अच्छे तरीके से नेतृत्व नहीं कर सकता।

## पश्चिम बंगाल सरकार ने 800 टन प्याज आयात का आर्डर दिया, दाम 150 रुपए किलो के करीब पहुंचे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने मिस्र से 800 टन प्याज के आयात के लिए नेफेड को आदेश दिया है। राज्य सरकार ने कहा है कि उसे यह खेप दिसंबर अंत तक मिल जानी चाहिए ताकि राज्य में प्याज की उचित दाम पर आपूर्ति की जा सके। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने प्याज आयात का यह आर्डर मुंबई बंदरगाह तक पहुंचा कर 55 रुपए किलो के भाव पर दिया है। यह आर्डर भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) के जरिए मंगाया जा रहा है और उसी को इसका वितरण करने को कहा गया है। पश्चिम बंगाल सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने कुल 800 टन प्याज के आयात का आर्डर दिया है जिसमें से 200 टन प्रति सप्ताह के हिसाब से खेप दिसंबर माह में ही आ जाएगी। मुंबई बंदरगाह पर आ कर इसकी लागत 55 रुपए किलो पड़ेगी और वहां से कोलकाता पहुंचते पहुंचते यह प्याज 65 रुपए किलो तक पड़ जाएगा। प्याज का आयात मिस्र से किया जा रहा है। सूत्रों ने पीटीआई -भाषा से कहा कि नासिक थोक बाजार में बढ़िया किस्म के प्याज का दाम 5,400 रुपए प्रति 40 किलो तक पहुंच जाने की रिपोर्ट मिलने पर यहां शहर की पोस्ता थोक मंडी में बुधवार को दाम 125 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया। इससे यह संकेत मिलता है कि सबसे अच्छे किस्म का प्याज खुदरा बाजार में धीरे धीरे 150 रुपए किलो के भाव की ओर बढ़ रहा है। राज्य सरकार की एजेंसियां हालांकि स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। राज्य सरकार ने प्याज की तंगी की स्थिति के लिए केन्द्र पर दोष मढ़ा है।


## कार्वी मामलाः सैट का बैंकों को राहत से इनकार, सेबी के पास वापस भेजा

भाषा। मुंबई

**प्रतिभूति** अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने बुधवार को कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. के मामले में शीर्ष बैंकों को राहत देने से इनकार किया। इन ऋणदाताओं ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग के पास मौजूद प्रतिभूतियों को वापस ग्राहकों को स्थानांतरित करने के फैसले को चुनौती दी थी। सैट ने इस मामले को सेबी के पास वापस भेजते हुए नियामक से 12 दिसंबर तक आदेश देने को कहा है। आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और इंडसइंड बैंक ने दलील दी थी कि इनमें से कई प्रतिभूतियों का इस्तेमाल उनसे कर्ज लेने के लिए किया गया। बैंकों का कहना था कि न्यायाधिकरण या तो ए प्रतिभूतियां उन्हें वापस दिलाए या उनके कोष को सुरक्षित रखने के लिए इन्हें एस्क्रो खाते में डाले।

यह मामला कार्वी के पास मौजूद प्रतिभूतियों से संबंधित है। ब्रोकरेज द्वारा कथित रूप से इनका इस्तेमाल कर्ज लेने के लिए किया गया। कंपनी ने उनके पास मौजूद मुख्तारनामे का इस्तेमाल कर यह कर्ज लिया। सोमवार को 83,000 ग्राहकों की प्रतिभूतियों को उन्हें लौटा दिया गया। इसके बाद बजाज फाइनेंस ने सैट का दरवाजा खटखटाया। उसके आगे और स्थानांतरण के मामले में अंतरिम राहत मिल गई। निजी क्षेत्र के बैंक भी मंगलवार को इस याचिका में शामिल हो गए और इस पर लंबी सुनवाई हुई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कार्वी ब्रोकिंग पर 22 नवंबर को और स्टॉक ब्रोकिंग गतिविधियों के संदर्भ में और ग्राहक जोड़ने पर रोक लगाई थी।

सैट की एमटी जोशी और सी के जी नायर की पीठ ने बुधवार को कहा कि बजाज फाइनेंस की याचिका के मामले में आए आदेश के अलावा इसमें ऋणदाताओं को और राहत नहीं दी जा सकती। पीठ ने ऋणदाताओं से छह दिसंबर तक सेबी के पास नई याचिका देने को कहा। सैट ने सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत बरुआ से कहा है कि वह संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 12 दिसंबर तक अपना आदेश दें। बजाज फाइनेंस के मामले में सैट ने मंगलवार को सेबी से कहा था कि वह उसकी दलील को बुधवार तक सुने और दस दिसंबर तक नया आदेश पारित करे।




## भारती एयरटेल के बोर्ड ने चार अरब डॉलर जुटाने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के निदेशक मंडल ने बुधवार को चार अरब डॉलर तक का कोष जुटाने की मंजूरी दे दी। कंपनी यह राशि अपनी हिस्सेदारी बेचकर या ऋण के जरिए जुटाएगी।

एक अधिकारी ने बताया कि बोर्ड ने तीन अरब डॉलर जुटाने की मंजूरी दी है। इसके अलावा एक अरब डॉलर अतिरिक्त जुटाने की भी मंजूरी दी है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने एक या अधिक पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी), इक्विटी शेयरों की सार्वजनिक या निजी पेशकश, अनिवार्य परिवर्तनीय डिबेंचरों या अन्य परिवर्तनीय प्रतिभूतियों-वॉरंट-एडीआर-जीडीआर या सब मिलाकर दो अरब डॉलर जुटाने की मंजूरी दी है। इसके अलावा कंपनी को एक अरब डॉलर विदेशी ऋण के जरिए जुटाने की मंजूरी मिलेगी। शेयर बाजारों को दी जानकारी में कंपनी ने कहा है कि इसके अलावा वह एक अरब डॉलर बिना गारंटी वाले या गारंटी वाले, सूचीबद्ध या गैर सूचीबद्ध, विमोच्य गैर परिवर्तनीय डिबेंचरों या इसी तरह की अन्य प्रतिभूतियों के जरिए भारतीय रुपए में सामूहिक रूप से एक या अधिक किस्तों में एक अरब डॉलर और जुटाएगी।

## देश का साइबर सुरक्षा बाजार 2022 तक तीन अरब डॉलर होगाः रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**देश का** साइबर सुरक्षा बाजार सालाना 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 2022 तक 3.05 अरब डॉलर या 21,600 करोड़ रुपए पर पहुंच जाएगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। अभी यह 1.97 अरब डॉलर या 14,000 करोड़ रुपए है। पीडब्ल्यूसी इंडिया और डेटा सिक्योरिटी काउंसिल आफ इंडिया (डीएससीआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में डिजिटल भुगतान मूल्य के हिसाब से सालाना 20.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2023 में 135.2 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा। 2019 में डिजिटल लेनदेन 64.8 अरब डॉलर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के कारोबारी माहौल के डिजिटलीकरण और डिजिटल इंडिया मिशन तथा आदि की मदद से साइबर सुरक्षा बाजार सालाना 15.6 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2022 तक 3.05 अरब डॉलर होगा। यह वैश्विक दर का करीब डेढ़ गुना है।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के आईपीओ को अंतिम दिन अब तक 126 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार को अंतिम दिन में अब तक 126.36 गुना अभिदान मिला है। आईपीओ में निवेशकों की भारी मांग देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के पास साढ़े तीन बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार , 750 करोड़ रुपए के आईपीओ के तहत कुल 12.39 करोड़ शेयरों की पेशकश की गई है। इस पर।,566 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिली हैं। आईपीओ को मंगलवार को दूसरे दिन तक 4.86 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के तहत मूल्य दायरा 36-37 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एंकर निवेशकों से 303.75 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

## प्रधान ने अंगुल एल्युमीनियम पार्क का काम फिर से शुरू करने की मांग की

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के अंगुल एल्युमीनियम पार्क के काम को फिर से शुरू करने की केंद्र सरकार से अपील की है। यह परियोजना पार्क के बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाने से जुड़ी है। प्रधान ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए निजी हस्तक्षेप की मांग की है। बुधवार को पत्र की प्रति मीडिया में जारी की गई। उन्होंने पत्र में कहा कि एल्युमीनियम क्लस्टर में विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने की क्षमता है। इसे ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ओडिशा में खनिज क्षेत्र को विकसित करने और राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं आपसे इस मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग करता हूं कि आप अपने मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों को काम की समीक्षा करने और परियोजना को फिर से शुरू करने के निर्देश दें। प्रधान ने कहा कि एल्युमीनियम पार्क में बुनियादी ढांचे के उन्नतिकरण के लिए परियोजना को अगस्त 2015 में मंजूरी दी गई थी , इसकी अनुमानित लागत 99.60 करोड़ रुपए थी। इसमें 33.44 करोड़ रुपए का केंद्रीय अनुदान भी शामिल है।

## जनवरी से महंगे हो जाएंगे टाटा मोटर्स के यात्री वाहन

भाषा। जैसलमेर

**टाटा मोटर्स** जनवरी से यात्री वाहनों की कीमतें बढ़ाने वाली है। कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी के अध्यक्ष (यात्री वाहन कारोबारी इकाई) मयंक पारीक ने यहां पीटीआई भाषा से एक साक्षात्कार में कहा, भारत स्टेज-छह उत्सर्जन मानकों के अनुकूल वाहनों को बाजार में लाने के कारण जनवरी से कीमतें बढ़ाई जाएंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कीमतें कितनी बढ़ाई जाएंगी। पारीक ने कहा, हम अभी इसकी गणना कर रहे हैं, आमतौर पर यदि कोई बदलाव होता है तो कीमतें 10 से 15 हजार रुपए तक बढ़ती हैं। अभी दो चीजें हो रही हैं, एक तो भारत स्टेज-छह और दूसरा कमोडिटी की बढ़ती कीमतों का दबाव। मारुति सुजुकी इंडिया ने भी मंगलवार को कहा था कि वह बढ़ी लागत के कारण जनवरी से कीमतें बढ़ाएगी। टोयोटा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मर्सिडीज-बेंज जैसी कंपनियां भी वाहनों के दाम बढ़ाने वाली हैं। हालांकि, हुंदै मोटर इंडिया और होंडा कार्स इंडिया ने कहा है कि वे जनवरी से कीमतें नहीं बढ़ा रही हैं, लेकिन जब भारत स्टेज-छह के अनुकूल वाहन बाजार में उतारे जाएंगे तो कीमतें बढ़ेंगी।

### हुंदै ने तरुण गर्ग को बनाया बिक्री, विपणन का प्रमुख

**नई दिल्ली।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने तरुण गर्ग को बिक्री, विपणन एवं सेवा का निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि गर्ग ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग तथा भारतीय प्रबंधन संस्थान (लखनऊ) से पढ़ाई की है। उनके पास बिक्री, विपणन, नेटवर्क विकास तथा पुरानी कारों के कारोबार का 25 साल का अनुभव है। गर्ग इससे पहले मारुति सुजुकी इंडिया में विपणन, कल-पुर्जे एवं लॉजिस्टिक्स के कार्यकारी निदेशक थे।

### ऑनलाइन खरीदारी को बढ़ावा देने के मामले में सात स्थान उछलकर 73वें पायदान पर पहुंचा भारत

**संयुक्तराष्ट्र।** ऑनलाइन खरीदारी को बढ़ावा देने की किसी अर्थव्यवस्था की तैयारी के सूचकांक में भारत छह स्थान की छलांग लगाकर 73वें स्थान पर पहुंच गया। व्यापार एवं विकास पर संयुक्तराष्ट्र सम्मेलन (अंकटाड) के कारोबार-से-उपभोक्ता (बीटूसी) ई-वाणिज्य सूचकांक 2019 में 152 देशों के प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग तैयार की गई है। नीदरलैंड लगातार दूसरी बार इस सूचकांक में शीर्ष पर रहा है। इस सूचकांक के शीर्ष 10 स्थानों में आठ पर यूरोपीय देश काबिज हैं। शीर्ष दस में यूरोप से बाहर के देशों में सिंगापुर तीसरे और ऑस्ट्रेलिया 10वें स्थान पर है। भारत इस साल सूचकांक में 73वें स्थान पर रहा। भारत वर्ष 2018 में 80वें और 2017 में 83वें स्थान पर रहा था। भारत से बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों में ईरान 42वें, कजाखस्तान 57वें, अजरबैजान 62वें, वियतनाम 64वें और ट्यूनिशिया 70वें स्थान पर रहा। सूचकांक में स्विट्जरलैंड दूसरे स्थान पर रहा।

## नीतिगत दर पर रिजर्व बैंक के निर्णय से पहले घरेलू शेयर बाजार मजबूत

भाषा। मुंबई

**रिजर्व बैंक** की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नीतिगत दर घटाने के अनुमान से स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को अंतिम समय में बैंकिंग, वाहन और चुनिंदा आईटी कंपनियों में लिवाली तेज हो गई थी और प्रमुख सूचकांक शुरुआती गिरावट से उबर कर लाभ में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 174.84 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,850.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 40,886.87-40,475.83 अंक के दायरे में रहा। सेंसेक्स की 20 कंपनियां के शेयर लाभ में रहे।

एनएसई का निफ्टी भी 43.10 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 12,037.30 अंक पर बंद हुआ। एनएसई की 50 में से 34 कंपनियों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर सर्वाधिक 7.1 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इसका कारण प्रीमियम हैचबैक वाहन पेश करने की घोषणा करना रहा। एस बैंक में करीब छह प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में चार प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक में 1.7 प्रतिशत की तेजी रही। वेदांता लिमिटेड, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, ओएनजीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी लाभ में रहे। हालांकि एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स और बजाज ऑटो में गिरावट रही। कोटक सिक्योरिटीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (इक्विटी टेक्निकल रिसर्च) श्रीकांत चौहान ने कहा, वैश्विक एवं घरेलू बाजारों से सकारात्मक तथा मिश्रित संकेतों के मिलने से बाजार में उथल-पुथल रही। शुरुआत में भारत बांड ईटीएफ ने बाजार पर कुछ दबाव डाला, लेकिन कारोबार के आखिर के कुछ घंटों में अमेरिका से व्यापार शुल्क को लेकर आई सकारात्मक खबरों ने बाजार की मदद की।

आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के अध्यक्ष (इक्विटी रिसर्च) पारस बोथरा ने कहा कि बाजार को रिजर्वबैंक के द्वारा बृहस्पतिवार को नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत से अधिक की कटौती का अनुमान है। बीएसई के समूहों में धातु कंपनियों में सर्वाधिक 1.66 प्रतिशत की तेजी रही। इसके बाद बैंकेक्स और आईटी का स्थान रहा। पूंजीगत वस्तुओं में सर्वाधिक गिरावट रही। अमेरिका और चीन की व्यापार वार्ता के उलझने से निवेशकों में घबराहट का माहौल रहा, इसके कारण एशियाई बाजारों में गिरावट रही। जापान का निक्की 1.05 प्रतिशत, हांग कांग का हैंग सेंग 1.25 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.73 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत की गिरावट में रहा।







### डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे की बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिका - चीन व्यापार समझौते की खबरों के बीच निवेशकों की धारणा सुधरने से रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 13 पैसे बढ़कर 71.53 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मुद्रा कारोबारियों मे कहा कि बाजार प्रतिभागियों को उम्मीद है कि रिजर्व बैंक बृहस्पतिवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नीतिगत दर में कटौती करने का फैसला ले सकता है। इसके अलावा, विदेशी पूंजी के निरंतर निवेश से भी रुपए को मजबूती मिली। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया गिरावट के साथ 71.76 रुपए डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 71.53 रुपए और नीचे में 71.81 रुपए प्रति डॉलर तक गया। अंत में रुपया मंगलवार के बंद से 13 पैसे की तेजी के साथ 71.53 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। स्थानीय मुद्रा मंगलवार को 71.66 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# अमेरिका यदि प्रतिबंध हटाए तो ईरान वार्ता के लिए तैयार : रूहानी

● रूहानी ईरान के पी5+1 के तहत वार्ता में वापस लौटने के लिए लंबे समय से अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने की मांग कर रहे हैं



एएफपी। तेहरान

**ईरानी** राष्ट्रपति हसन रूहानी ने बुधवार को कहा कि ईरान इस शर्त पर अब भी परमाणु वार्ता करने को तैयार है कि अमेरिका पहले नियम विरूद्ध प्रतिबंध हटाए। रूहानी ने सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित अपने बयान में कहा, यदि वे प्रतिबंधों को दरकिनार करने को तैयार हैं तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं, 5+1 देशों के प्रमुखों के स्तर पर भी।

रूहानी ईरान के पी5+1 के तहत वार्ता में वापस लौटने के लिए लंबे समय से अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने की मांग कर रहे हैं जिनके बीच 2015 में परमाणु समझौता हुआ था। पी5+1 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच वीटो अधिकार वाले स्थाई सदस्य और जर्मनी शामिल हैं। रूहानी ने इजराइल और सऊदी अरब की ओर इशारा करते हुए कहा, हम पर अभी प्रतिबंध है। यह स्थिति यहूदियों और सुधार विरोधी ताकतों द्वारा भड़काने के चलते उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा, यह स्थिति व्हाइट हाउस का एक क्रूर कृत्य है। हमारे पास प्रतिबंध लगाने वालों के खिलाफ विरोध करने और दृढ़ रहने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है।

रूहानी ने कहा, साथ ही हमने बातचीत का विकल्प बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा, मैं देश से कहना चाहता हूं कि अमेरिका जिस समय भी प्रतिबंध हटाने को तैयार होगा और गलत, क्रूर, नियम विरूद्ध प्रतिबंधों को हटा देगा, तत्काल 5+1 देशों के प्रमुख मुलाकात कर सकते हैं और हमें कोई समस्या नहीं होगी। 2015 के समझौते ने ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम पर पाबंदी के बदले आर्थिक प्रतिबंधों से राहत दी थी।

## पाकिस्तान में अफगानिस्तान की महिला आतंकवादी गिरफ्तार

भाषा। पेशावर

**अफगानिस्तान** की एक महिला आतंकवादी को पाकिस्तान में एक बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से एक टिन के डिब्बे में से विस्फोटक पदार्थ जब्त किया गया है। पेशावर के पुलिस अधीक्षक मुहम्मद शोएब ने बताया कि अफगानिस्तान आतंकवादी नेटवर्क के चार अन्य सदस्यों को भी पुलिस ने महिला आतंकवादी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया। महिला को पेशावर में हाजी कैम्प अड्डा के निकट से गिरफ्तार किया गया। वह उस समय लाहौर जाने वाली बस पकड़ने वाली थी। पुलिस ने दावा किया कि आतंकवादी लाहौर में सार्वजनिक जगहों को निशाना बनाना चाहते थे। बम निरोधक दस्ते ने विस्फोटक पदार्थ को निष्क्रिय कर दिया।



जापान के टोक्यो में एक बैठक के दौरान जापानी रक्षा मंत्री तारो कोनो से हाथ मिलाते हुए भारतीय सेना के प्रमुख जनरल बिपिन रावत

## चीन ने अमेरिका के उइगर विधेयक का किया विरोध

एपी। बीजिंग

**अमेरिकी** संसद में उइगर मानवाधिकार नीति विधेयक पारित होने का चीन ने विरोध किया है। इस विधेयक में अमेरिका ने चीन में नजरबंद कर रखे गए उइगर मुस्लिमों और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों तक संसाधनों को पहुंचाने का प्रस्ताव दिया है। चीन के सरकारी विभागों ने बुधवार को इस विधेयक की कड़ी आलोचना करते हुए बयान प्रकाशित किया है जिसमें अमेरिका के इस कदम को चीन के आंतरिक मामले में दखल देने का दूसरा उदाहरण बताया गया है। चीन की संसद के विदेश मामलों के आयोग ने कहा कि अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और शिनजियांग में मानवाधिकार को सुरक्षित करने के चीन के कदमों की तरफ आंख बंद कर लिया है।

# कमला हैरिस ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से नाम वापस लिया

भाषा। वाशिंगटन



**भारतीय** मूल की सीनेटर कमला हैरिस ने 2020 में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों की दौड़ से अपना नाम अचानक वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि उनके पास अपने अभियान को जारी रखने के लिए पर्याप्त धन नहीं है।

कैलिफोर्निया से सीनेटर (55) हैरिस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती देने वाले लोगों में से ऐसी पहली हाई प्रोफाइल उम्मीदवार हैं जिन्होंने अपना नाम वापस लिया है। हैरिस ने मंगलवार को एक ट्वीट किया, अपने समर्थकों के प्रति आभार जताते हुए मैं बहुत खेद के साथ बताना चाहती हूं कि आज मैं अपना अभियान निलंबित कर रही हूं। उन्होंने कहा, लेकिन मैं स्पष्ट कर दूं कि मैं हर दिन लड़ती रहूंगी, यह अभियान भी उसी के लिए था - लोगों को, सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए।

हैरिस का ताल्लुक भारत और अफ्रीका दोनों से है। हाल के सप्ताहों में पोल में उनका प्रदर्शन खराब बताया जा रहा था। सोमवार को जारी एक नए पोल में उनकी रेटिंग घटकर मात्र तीन प्रतिशत रह गई जो दिखाता है कि उनका अभियान आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहा है।

हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की पहली बड़ी नेता थीं जिन्होंने गत जनवरी में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल होने की घोषणा की थी। उस समय कार्यक्रम में 20,000 से अधिक समर्थक उमड़े थे। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति जो बिडेन के खिलाफ डेमोक्रेटिक पार्टी की पहली डिबेट में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन बाद की डिबेट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पिछली डिबेट में उनकी कांग्रेस सदस्य तुलसी गबार्ड से तीखी बहस हुई थी। गबार्ड भी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में शामिल है।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म मीडियम पर एक पोस्ट में हैरिस ने अपने अभियान को अचानक निलंबित करने के कारणों के बारे में बताया है। उन्होंने कहा, मैंने हर दृष्टिकोण से विचार किया और पिछले कुछ दिनों में मैंने अपने जीवन के सबसे कठिन फैसलों में से एक लिया। राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान को जारी रखने के लिए मेरे पास आर्थिक संसाधन नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं अरबपति नहीं हूं। मैं अपने अभियान का वित्तपोषण खुद नहीं कर सकती। जैसे-जैसे अभियान आगे बढ़ा मेरे लिए लिए धन जुटाना मुश्किल होता चला गया। इसलिए अपने समर्थकों के प्रति आभार जताते हुए बेहद खेद के साथ कहना चाहती हूं कि आज मैं अपना अभियान निलंबित कर रही हूं।

# पाकिस्तान की 629 लड़कियों को दुल्हन के तौर पर चीनी नागरिकों को बेचा

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** की करीब 629 लड़कियों एवं महिलाओं को दुल्हन के रूप में चीन के पुरुषों को बेचा गया जो उन्हें चीन ले गए। देश के गरीब एवं कमजोर लोगों का शोषण करने वाले मानव तस्करों के नेटवर्कों का भंडाफोड़ करने का संकल्प लेने वाले पाकिस्तानी जांचकर्ताओं ने यह सूची तैयार की है। यह सूची 2018 से मानव तस्करी के जाल में फंसी महिलाओं की सबसे सटीक संख्या उपलब्ध कराती है।

लेकिन जून में यह सूची सामने आने के बाद से नेटवर्कों के खिलाफ जांचकर्ताओं के आक्रामक अभियान की रफ्तार अचानक थम सी गई। जांच की जानकारी रखने वाले अधिकारियों का कहना है कि ऐसा सरकारी अधिकारियों के दबाव की वजह से हुआ है जो चीन से पाकिस्तान के लाभप्रद संबंधों को नुकसान पहुंचने से डरते हैं।

मानव तस्करों के खिलाफ सबसे बड़ा मामला बंद हो गया। अक्टूबर में, फैसलाबाद की अदालत ने तस्करी के संबंध में चीन के 31 नागरिकों को बरी कर दिया था। अदालत के एक अधिकारी और मामले की जानकारी रखने वाले पुलिस जांचकर्ता के मुताबिक पुलिस की ओर से की गई शुरुआती जांच में कई महिलाओं ने गवाही देने से इनकार कर दिया था क्योंकि या तो वह डरी हुईं थी या उन्हें चुप रहने के लिए पैसा दिया गया था। इन दोनों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर यह जानकारी दी।

एक इसाई कार्यकर्ता सलीम इकबाल ने कहा कि इसी वक्त, सरकार ने जांच बंद कराने का प्रयास किया, नेटवर्कों की जांच कर रहे संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों पर अत्यधिक दबाव डालने की कोशिश की। इकबाल ने चीन से युवतियों को छुड़ाने और अन्य को चीन भेजे जाने से बचाने के लिए कई परिजनों की मदद की है। इस संबंध में घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि मानव तस्करी की जांच धीमी हो गई, जांचकर्ता निराश हैं और पाकिस्तानी मीडिया पर इस मामले में रिपोर्टिंग बंद करने का दबाव डाला गया।

## पाकिस्तानी मंत्री ने भारी महंगाई के लिए भारत के साथ व्यापार रद्द होने को जिम्मेदार ठहराया

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के एक वरिष्ठ मंत्री ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के लिए भारत के साथ व्यापार रद्द होने को जिम्मेदार ठहराया है। पाकिस्तान में टमाटर के दाम 300 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गए हैं। आर्थिक मामलों के मंत्री हमाद अजहर ने मंगलवार शाम को यह टिप्पणी की जब प्रधानमंत्री इमरान खान की आर्थिक मामलों की टीम के वरिष्ठ सदस्य ताजा आर्थिक हालात के बारे में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। डॉन अखबार की एक खबर के मुताबिक, अजहर ने कहा कि आसमान छूती कीमतें खासतौर से खाद्य महंगाई भारत के साथ व्यापार रद्द होने पैदा हुई और इसमें मौसमी तत्व तथा बिचौलियों की भी भूमिका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सस्ता बाजार लगाने के लिए प्रांतीय सरकार के साथ इस मामले पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई जनवरी-फरवरी से कम होना शुरू होगी।



वाटफोर्ड, इंग्लैंड की ग्रोव होटल में नाटो नेताओं की बैठक के दौरान नाटो महासचिव जेन स्टोलटेनबर्ग (बाएं) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बात करते हुए।

# ट्रंप की खिल्ली उड़ाते नाटो के नेता कैमरे में कैद

एएफपी। वाटफोर्ड, ब्रिटेन

**ब्रिटेन,** कनाडा, फ्रांस और नीदरलैंड के नेता बुधवार को नाटो के सम्मेलन के पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मीडिया को दिए गए लंबे चौड़े बयान का मजाक बनाते हुए कैमरे में कैद हो गए।

मेजबान ब्रिटेन की ओर से बकिंघम पैलेस में लगाए गए कई कैमरों में मंगलवार शाम की यह घटना कैद हो गई और कनाडा के सीबीसी द्वारा इसे प्रसारित किए जाने के बाद वाटफोर्ड में पश्चिमी देशों के सम्मेलन का सुर भी तय हो गया। वीडियो में मजाकिया बातचीत में ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से पूछ रहे हैं, क्या इसीलिए आपको देर हुई ?

इस पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बोलते हैं, उन्हें (ट्रंप) इसलिए देरी हुई क्योंकि उन्हें संवाददाता सम्मेलन में 40 मिनट लगे। सम्मेलन से पहले मैंक्रों की ट्रंप से हुई बातचीत के बाद मीडिया के सवालों का लंबा दौर चला था क्योंकि नेताओं ने नाटो की रणनीति को लेकर सार्वजनिक तौर पर सवाल उठाए हैं। वीडियो में मैक्रों जब घटना के बारे में बता रहे थे तो ब्रिटेन की शहजादी एनी और डच (नीदरलैंड) प्रधानमंत्री मार्क रूट देख रहे थे और फ्रांस के नेता भी कुछ कह रहे थे।

ट्रूडो ने कहा, ओह, हां, उन्होंने ऐलान किया है, आपने उनकी टीम की बयानबाजी देख ली है। पिछले साल नाटो की बैठक में भी उन्होंने (ट्रंप ने) वही किया था। ट्रंप ने सम्मेलन के सामान्य नियम कायदे को ताक पर रखा और सहयोगी नेताओं के साथ उपस्थिति के बारे में कई जवाब देकर दुनिया भर की मीडिया में सुर्खियां बनाई थी। ट्रंप ने नाटो के बारे में मैंक्रों के बयान की आलोचना की थी और कहा था कि यूरोपीय देश सैन्य जरूरतों के लिए पर्याप्त खर्च नहीं कर रहे। तीन घंटे तक बंद कमरे में नाटो के 29 नेताओं की चर्चा के बाद ट्रंप बुधवार को एक बार फिर संवाददाता सम्मेलन करेंगे और अपनी एकजुटता को लेकर बयान जारी करेंगे।

## नाटो सम्मेलन में चुनावी रंग में दिखे ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन

**वाटफोर्ड, ब्रिटेन (एपी)।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन नाटो के सदस्य देशों के नेताओं के एक सम्मेलन की मेजबानी की, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी शामिल रहे। इस दौरान जॉनसन ने अपना चुनाव प्रचार करने की भी कोशिश की। जॉनसन ने बुधवार को 29 देशों के सैन्य गठबंधन के लिए एकजुट होने की अपील की है। मंगलवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय नाटो के सम्मेलन में देशों के बीच दरारें बिल्कुल दिख रही थीं क्योंकि उत्तरी सीरिया में तुर्की के सैन्य अभियान समेत कई चीजों को लेकर ट्रम्प और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मतभेद दिखा।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग सुनवाई शरू होगी, के दौरान ट्रंप नाटो नेताओं से मिलेंगे

**लंदन (एपी)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नाटो नेताओं से ऐसे समय में मिलने जा रहे हैं जब उनके खिलाफ सदन में डेमोक्रेटिक नेताओं ने महाभियोग की जांच शुरू कर दी है। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने एक विदेशी नेता से अपील की कि वह उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जांच शुरू करें। राष्ट्रपति ट्रंप बुधवार को जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल, इटली के प्रधानमंत्री ग्युस्पे कोंते और डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेट्टे फ्रेडरिकसेन से मुलाकात करेंगे। नाटो सम्मेलन के आखिरी समय में ट्रंप अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के बेहद अहम मोड़ का सामना करेंगे, जब सासंद जेराड ना़लर प्रतिनिधि सभी की न्यायिक समिति को महाभियोग जांच की पहली सुनवाई करने का आदेश देंगे। यह सुनवाई राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के संवैधानिक आधार पर होगी।

## क्विक न्यूज

### अफगानिस्तान में हमले में जापानी चिकित्सक, पांच अफगान मारे गए

**काबुल (एएफपी)।** अफ्गानिस्तान के पूर्वी प्रांत नानगरहार मे बुधवार सुबह हुए एक हमले मे जापान के एक चिकित्सक और पांच अफ्गान नागरिक मारे गए। अधिकारियो ने बताया कि पीस जापान मेडिकल सर्विस का नेतृत्व कर रहे डा. तेत्सु नाकामुरा (73) को हमलावारो ने जलालाबाद में उस समय निशाना बनाया, जब वह वाहन में बैठे थे। हमले में वह घायल हो गए थे। नानगरहार के गवर्नर के प्रवक्ता अताउल्लाह खोज्ञानी ने कहा, डा. नाकामुरा की मौत हो गई है और उनके तीन सुरक्षा गार्ड, चालक और एक अन्य सहकर्मी की मौत हो गई। यह हमला ऐसे समय मे हुआ है जब मानवीय सहायता समूह यहां हाई अलर्ट पर है क्योकि संयुक्त राष्ट्र के लिए काम कर रहे एक अमेरिकी व्यक्ति की कुछ दिन पहले ही काबुल मे एक हमले में मौत हो गई थी। नाकामुरा के संगठन से जुड़े एक अधिकारी मित्सुजी फुकुमोतो ने टोक्यो में पत्रकारो से कहा, हमे पता नही है कि हमले के पीछे क्या कारण है। नाकामुरा अफ्गानिस्तान मे अपने सहायता कार्यों के लिए प्रसिद्ध थे जो दशको से यहां काम कर रहे थे। तालिबान ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार करते हुए कहा कि उसका उन संगठनो के साथ अच्छे संबंध है जो अफ्गानिस्तान के पुनर्निर्माण मे योगदान करते है।

### भारत के मॉडल का अनुसरण करने में अन्य देशों की मदद करना चाहते हैं : अमेरिका

**वाशिंगटन (भाषा)।** चीन द्वारा दूसरे देशो को दी जा रही सहायता के चलते मिल रही चुनौती को लेकर अमेरिका ने कहा कि वह भारत के उस मॉडल का पालन करने मे अन्य देशो की मदद करना चाहता है जो सहायता प्राप्त करने वाले से एक साझेदार बनने और फिर सहायता देने वाले मे तब्दील होने की प्रक्रिया को दर्शाता है। यूएसएड प्रशासक मार्क ग्रीन ने पेशेवर सेवा परिषद के सातवे वार्षिक विकास सम्मेलन मे अपने संबोधन में कहा, हमारा लक्ष्य देशो को प्राप्तकर्ता से साझेदार और उसके बाद दान देने वाला बनने मे मदद करना है। हम यही चाहते है। हम पश्चिम और अमेरिका के लिए इस तरह की इच्छा रखने वाले ऐसे देशो का गठबंधन बनाना चाहते है। ग्रीन ने कहा, हम भारत की तरह देशो की क्षमता को बढ़ाना चाहते है जो हमसे पहले अनाज लेता था और आज वह उस जगह पहुंच गया है जहां वह अफ्गानिस्तान मे विकास के लिए सहायता देने वाला पांचवा दाता बन गया है। सभी देश भारत जैसे नही है। कोई भी देश अपनी यात्रा मे इतना आगे नही बढ़ा है।

## जापान, फिलीपींस, जर्मनी के साथ ही भारत पर रहा जलवायु से जुड़ी आपदाओं का साया

**मैड्रिड (एएफपी)।** जापान, फिलीपींस और जर्मनी बीते साल जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित देश रहे हैं, जबकि इसके ठीक बाद भारत और मेडागास्कर रहे। पर्यावरण थिंकटैंक जर्मनवॉच की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2018 के दौरान भीषण गर्मी के साथ ही विकराल बाढ़ और कई तूफानों का सामना किया। इसके चलते करीब 38 अरब डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ। शोधकर्ताओं ने बुधवार को बताया कि जापान 2018 की एक तिमाही के भीतर ही बारिश और बाढ़, दो घातक गर्म हवाएं और भीषण तूफान से प्रभावित हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक इसके चलते पूरे देश में सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों बेघर हुए और 35 अरब डॉलर से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ। उत्तरी फिलीपींस ने सितंबर में श्रेणी पांच के तूफान मंगहुत से हुई भीषण तबाही का सामना किया, जिसके चलते करीब ढाई लाख लोग बेघर हो गए और कई जगह घातक भूस्खलन हुआ। इसी तरह जर्मनी ने गर्मी में लू जैसी गर्म हवाओं, सूखा और चार महीने तक सामान्य से करीब चार डिग्री सेल्सियस अधिक औसत तापमान का सामना किया। इसके चलते 1,250 लोगों की असमय मौत हुई और पांच अरब डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ, जिसमें ज्यादातर कृषि से संबंधित थीं। वर्ष 2018 की प्रमुख मौसम आपदाओं से यह साबित किया कि दुनिया की सर्वाधिक विकसित अर्थवस्थाएं भी प्रकृति के आगे कितनी बेबस हैं।

# राष्ट्रपति ट्रंप ने 2020 में अपने पुनर्निर्वाचन के लिए शक्तियों का दुरुपयोग किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी शक्तियों का दुरूपयोग किया और 2020 में अपने पुनर्निर्वाचन की खातिर एक विदेशी सरकार की दखलअंदाजी को प्रेरित कर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। विपक्षी पार्टी ने कहा है कि ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के लिए बहुत सारे साक्ष्य हैं।

ट्रंप के खिलाफ महाभियोग जांच कर रही अमेरिकी संसद की खुफिया समिति के मुताबिक रिपब्लिकन पार्टी के नेता (राष्ट्रपति ट्रंप) ने 2020 में अपने पुनर्निर्वाचन में यूक्रेन से मदद के लिए विदेशी हस्तक्षेप को प्रेरित करने की कोशिश कर राष्ट्रीय हितों पर निजी राजनीतिक हितों पर ध्यान दिया। यह रिपोर्ट मंगलवार को जारी की गई। सदन की तीन समितियों ने इसके बाद कहा, साक्ष्य से साफ है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व उपराष्ट्रपति जो बिडेन के खिलाफ जांच कराने के लिए यूक्रेन पर दबाव बनाने के वास्ते अपने पद की शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया और झूठ कहा कि 2016 के चुनावों में यूक्रेन ने हस्तक्षेप किया था, न कि रूस ने। संयुक्त बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति की हरकत ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया, अगले चुनाव की निष्पक्षता को कमतर कर दिया और अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने हमारे संविधान की मूल भावना - चेक ऐंड बैलेंस, शक्तियों का पृथक्करण और कानून के शासन का उल्लंघन किया।

# द्विराष्ट्र के सिद्धांत का समर्थन करने वाली ब्रिटिश पार्टी के घोषणापत्र पर श्रीलंका ने जताई आपत्ति

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** की सरकार ने ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी के चुनाव घोषणापत्र पर अपनी नाराजगी जाहिर की है जिसमें तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के साथ दशकों से चल रहे संघर्ष को लेकर इस द्वीपीय देश के लिए द्विराष्ट्र के सिद्धांत का समर्थन किया गया है।

घोषणापत्र में कहा गया है कि पार्टी दुनिया भर में, खासतौर पर युद्ध प्रभावित या विभाजित समाजों में शांति व्यवस्था कायम करने और मानवीय कोशिशों को लेकर तथा वैश्विक गरीबी घटाने में मदद करने के अपने रिकार्ड पर गर्व महसूस करती है। यह घोषणापत्र 24 नवंबर को जारी किया गया। इसमें कहा गया है, हम दुनियाभर में और साइप्रस, श्रीलंका एवं पश्चिम एशिया में सुलह, स्थिरता तथा न्याय हासिल करने की अंतरराष्ट्रीय कोशिशों का समर्थन करना जारी रखेंगे, जहां हम द्विराष्ट्र के सिद्धांत के लिए अपनी ओर से समर्थन करते हैं। घोषणापत्र में श्रीलंका के जिक्र पर आपत्ति जताते हुए लंदन स्थित श्रीलंकाई उच्चायुक्त मनीषा गुणसेखरा ने इस संबंध में 27 नवंबर को देश की नाराजगी से ब्रिटेन को अवगत कराया।

श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक गुणशेखरा ने टोरियों (कंजरवेटिव पार्टी) को कहा कि यह अस्वीकार्य है। उन्होंने कंजरवेटिव पार्टी से अपने घोषणापत्र में सुधार करने को भी कहा ताकि श्रीलंका पर टोरियों की स्थिति सही रूप में प्रदर्शित हो। उल्लेखनीय है कि लिट्टे प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरण के 2009 में मारे जाने के साथ श्रीलंका में गृहयुद्ध खत्म हो गया। लेकिन तमिलों का आरोप है कि तत्ककालीन सरकार के तहत श्रीलंका के सुरक्षा बलों ने यौन उत्पीड़न किए और गैरकानूनी तरीके से हत्याएं की।

# प्राकृतिक गैस से कार्बन उत्सर्जन 2019 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की आशका

एएफपी। पेरिस

**प्राकृतिक** गैस की खपत में हो रही वृद्धि की वजह से 2019 में कार्बन उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की आशंका है। यह स्थिति तब है जब वैश्विक स्तर पर कोयले की खपत में कमी आई है और कुछ देश पर्यावरण आपातकाल घोषित कर रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने बुधवार को बताया कि जीवाश्म ईंधन उपयोग प्रवृत्ति के वार्षिक विश्लेषण के मुताबिक इस वर्ष कार्बन डाइ ऑक्साइड के उत्सर्जन में 0.6 फीसदी वृद्धि होने की आशंका जताई गई है। हालांकि, यह वृद्धि गत वर्षों के मुकाबले कम है, बावजूद वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। तीन प्रमुख समीक्षा अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इस स्थिति के लिए प्राकृतिक गैस और तेल के इस्तेमाल में बढ़ोतरी और अमेरिका एवं यूरोप में कोयले के इस्तेमाल में उल्लेखनीय कमी को श्रेय दिया है। कार्बन बजट रिपोर्ट के लेखक और ईस्ट एंजिलिया विश्वविद्यालय के कोरनी ली क्यूरे ने कहा, हम स्पष्ट रूप से देख रहे हैं कि वैश्विक बदलाव कोयले के इस्तेमाल में उतार-चढ़ाव की वजह से है। उन्होंने कहा, यह विरोधाभास है कि तेल और विशेष रूप से प्राकृतिक गैस की खपत लगातार बढ़ रही है। कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि के लिए अब सबसे अधिक योगदान प्राकृतिक गैस का है।

ली क्यूरे ने बताया कि गत दशकों में वायुमंडलीय कार्बन डाइ ऑक्साइड के स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है और इस साल इसके औसतन 410पीपीएम के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है जो आठ लाख साल में सबसे अधिक होगी। यह रिपोर्ट मैड्रिड में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों को और असहज करेगी क्योंकि दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिक इस मुद्दे पर चेतावनी दे रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले महीने कहा था कि 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की उम्मीद कायम रहे इसके लिए वैश्विक उत्सर्जन में हर साल 7.6 फीसदी की कमी लानी होगी। औद्योगीकरण के बाद से अब तक तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है और जिसकी वजह से 2019 में जानमाल को नुकसान पहुंचाने वाले तूफान, सूखा, बाढ़ आदि देखने को मिला।

# कोहली फिर बने नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज



## गेंदबाजों में बुमराह पांचवें स्थान पर

**दुबई**। भारतीय कप्तान विराट कोहली बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए। आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के नीचे खिसकने के कारण कोहली आगे बढ़ने में सफल रहे। पिछले सप्ताह बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में 136 रन बनाने वाले कोहली के 928 अंक हो गए हैं और अब वह स्मिथ से पांच अंक आगे हैं जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में 36 रन बनाए जिससे उनके 931 से घटकर 923 अंक हो गए हैं। चेतेश्वर पुजारा ने चौथा स्थान बरकरार रखा है जबकि अंजिक्य रहाणे ताजा रैंकिंग में एक पायदान नीचे छठे स्थान पर खिसक गए हैं। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं और वह भारतीय गेंदबाजों में सबसे आगे हैं। सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी नौवें स्थान पर बने हुए हैं। मोहम्मद शमी एक पायदान चढ़कर दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने बयान में कहा कि आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर नाबाद 335 रन की ऐतिहासिक पारी से 12 पायदान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि मार्नस लाबुशेन पहली बार शीर्ष दस में पहुंचे हैं। वह इस साल के शुरू में 110वें स्थान पर थे। लाबुशेन अपनी शतकीय पारी के कारण छह पायदान आगे आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क अन्य आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं जिन्हें नई विश्व रैंकिंग में फायदा मिला है। एडिलेड टेस्ट में सात विकेट लेने से वह चार पायदान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह रैंकिंग आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के मैच के अलावा न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच हैमिल्टन में समाप्त हुए ड्रा टेस्ट तथा वेस्टइंडीज की लखनऊमें अफगानिस्तान पर नौ विकेट से जीत वाले मैच के बाद तैयार की गई है। पाकिस्तान के मध्यक्रम के बल्लेबाज बाबर आजम दो पायदान ऊपर 13वें जबकि सलामी बल्लेबाज शान मसूद 10 पायदान आगे 47वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को भी 226 रन की पारी खेलने का फायदा मिला है और वह एक सप्ताह तक शीर्ष 10 से बाहर रहने के बाद अब सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रोरी बर्न्स (36वें) अपने दूसरे टेस्ट शतक के दम पर पहली बार शीर्ष 40 में शामिल हो गए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों में रोस टेलर दो पायदान आगे 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि गेंदबाजों में टिम साउथी एक स्थान आगे 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर पांच विकेट लेने के दम पर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 830 रेटिंग अंकों के साथ एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इससे आलराउंडरों की सूची में उनके शीर्ष स्थान को भी मजबूती मिली है। आफ स्पिनर रकहीम कार्नवाल को दस विकेट लेने का फायदा मिला है और उन्होंने 63 पायदान की छलांग लगाई है जिससे वह 47वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि शतकवीर समर्थ ब्रूक्स 68 पायदान की छलांग लगाकर 62वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# कपिल देव ने रखी भारतीय तेज गेंदबाजी की नींव: इयान बिशप

### भारत की मौजूदा गेंदबाजी इकाई की तुलना अतीत के वेस्टइंडीज के तूफानी गेंदबाजों से कराना बेमानी

**भाषा**। नई दिल्ली



**वेस्टइंडीज** के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने कहा है कि भारत के अगले स्तर के तेज गेंदबाजों के समूह की नींव महान आलराउंडर कपिल देव जैसे खिलाड़ियों ने रखी और मौजूदा कप्तान विराट कोहली ने इसे मजबूत किया जो आक्रामक होकर खेलने में विश्वास रखते हैं। बिशप ने कहा कि मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण को एकजुट करने के कोहली के जुनून ने उस बुनियाद को मजबूत करना आसान कर दिया जिसे कपिल ने रखा था। बिशप ने कि याद रखिए कि गेंदबाजों का यह समूह अभी तैयार नहीं हुआ है।

इसकी बुनियाद पहले ही रखी जा चुकी थी- अगर आप कपिल देव के युग में जाओ, इसके बाद जवागल श्रीनाथ, जहीर खान, मुनाफ पटेल, एस. श्रीसंत। उन्होंने कहा कि अब इसे उस कप्तान के साथ मजबूती मिल रही है जो उन पर भरोसा करता है। लेकिन यह भी तथ्य है कि आपको जसप्रीत बुमराह जैसी पीढ़ी में एक बार मिलने वाली प्रतिभा मिली है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि पीढ़ी में एक बार मिलने वाली प्रतिभा इसलिए क्योंकि वह खेल के सभी प्रारूपों में अच्छी तरह खेलता है। मोहम्मद शमी अपने खेल को अलग स्तर पर ले गए हैं। इशांत शर्मा के स्तर में भी सुधार हुआ है। वेस्टइंडीज की ओर से 1989 से 1998 के बीच 43 टेस्ट में 161 विकेट चटकाने वाले 52 साल के बिशप ने कहा कि वह भविष्यवाणी भी नहीं कर सकते थे कि भारतीय तेज गेंदबाज कैरेबिया आएंगे और वेस्टइंडीज के साथ वह करेंगे जो वह अन्य टीमों के साथ कई दशक पहले करता था। उन्होंने कहा कि इसलिए श्रेय गेंदबाजी कोच भरत अरुण, प्रशासकों और कप्तानों को जाता है। मैं इतना सुधार नहीं देख पाया था लेकिन मुझे लगता है कि उन गेंदबाजों में काफी प्रतिभा होती है जो 90 मील प्रति घंटा के करीब या अधिक की गति से गेंदबाजी कर सकते हैं। बिशप ने हालांकि भारत की मौजूदा गेंदबाजी इकाई की तुलना अतीत के वेस्टइंडीज के तूफानी गेंदबाजों से करने से इनकार कर दिया।

उन्होंने कहा कि भारतीय गेंदबाज प्रदर्शन ही इतना अच्छा कर रहे हैं कि तुलना होनी ही है। मैं इससे दूर रहूंगा क्योंकि मुझे नहीं पता कि आप इसे मापते कैसे हैं। उन्होंने पूछा कि जब लोग माइकल होल्डिंग और जोएल गार्नर और मैलकम मार्शल और कोलिन क्राफ्ट और एंडी रोबर्ट्स की बात करते है। जिन्होंने इतने साल एक साथ गेंदबाजी की। आप इसकी तुलना कैसे कर सकते हैं। बिशप दुनिया भर के मौजूदा तेज गेंदबाजों में से सर्वश्रेष्ठ को चुनने में भी हिचक रहे थे। उन्होंने कहा कि इतने सारे तेज गेंदबाज हैं। जोफ्रा आर्चर। नसीम शाह। जसप्रीत बुमराह। मोहम्मद शमी- मुझे शमी पसंद है। भारत का पूरा गेंदबाजी समूह, जहां मैं किसी को चुनकर यह नहीं कहना चाहता कि यह किसी दूसरे से बेहतर है। बिशप ने हालांकि कहा कि फिलहाल सर्वश्रेष्ठ तकनीक आर्चर की है।

उन्होंने साथ ही उत्तर प्रदेश के 21 साल के तेज गेंदबाज शिवम मावी और राजस्थान के 19 साल के कमलेश नागरकोटी को भारत के भविष्य के गेंदबाज बताया। बिशप ने साथ ही कहा कि टी-20 विश्व कप जीतने का मतलब यह नहीं है कि वेस्टइंडीज शुक्रवार से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला में विराट कोहली की टीम को हराया पाएगा, हालांकि हमेशा ऐसी उम्मीद रहेगी।



हैदराबाद में अभ्यास में जुटी भारतीय टीम

**नई दिल्ली**। पिछले कुछ साल में भारतीय क्रिकेट टीम के अभ्यास के तौर तरीकों में काफी बदलाव आया है और दबाव का सामना करके अपनी रफ्तार बढाने के लिए खिलाड़ी मनोरंजक खेल का सहारा ले रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही टी-20 श्रृंखला से पहले अभ्यास सत्र में भारतीय खिलाड़ियों ने दो समूहों में दौड़ने का अभ्यास किया।

# कोहली को आउट करना मुश्किल है: सिमन्स



**भाषा**। हैदराबाद

**वेस्टइंडीज** के कोच फिल सिमन्स ने कहा कि भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली सीमित ओवर की श्रृंखला में उनके गेंदबाजों को विराट कोहली से ज्यादा भयभीत होने से बचना होगा क्योंकि इससे भारतीय कप्तान को आउट करने का मुश्किल काम और कठिन हो जाएगा। कोहली को आउट करने को मुश्किल करार करते हुए सिमन्स ने हंसते हुए भारतीय बल्लेबाज को आउट करने के कुछ अजीबोगरीब तरीके बताए। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेले जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक तो मैं उसे स्टंप से बल्लेबाजी करा सकता हूं। दूसरा हम एक किताब पर हस्ताक्षर करें और वनडे में उसे 100 रन दे सकते हैं और बाकी खिलाड़ियों को गेंदबाजी करके आउट कर सकते हैं या फिर हम सुनिश्चित करें कि उसके खिलाफ हमारी योजना कारगर रहे। उन्होंने कहा कि हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि गेंदबाज उससे ज्यादा भयभीत नहीं हों। लेकिन आपको नहीं पता कि क्या हो सकता है लेकिन विराट कोहली को आउट करना मुश्किल काम है। सिमन्स ने स्वीकार किया कि भारत को दुनिया में कहीं भी हराना आसान नहीं है और 56 साल के पूर्व आल राउंडर ने कोहली एंड कंपनी के आउट करने के लिए अपने खिलाड़ियों को बीते अनुभव का इस्तेमाल करने की ताकीद की। उन्होंने कहा कि पिछले साल हमने भारत में कुछ टी-20 और वनडे खेले थे और हम उनसे इतने ज्यादा अलग नहीं थे। एक मैच ऐसा भी रहा था जो शायद टाई रहा था। इसलिए हम उनकी तुलना में इतने ज्यादा अलग नहीं थे। उन्होंने कहा कि हमें देखना होगा कि हमने तब क्या किया था और अब हम उसमें क्या चीज अतिरिक्त कर सकते हैं क्योंकि उन्होंने भी अपने खेल में सुधार किया है।

## वेस्टइंडीज ने मोंटी देसाई को बल्लेबाजी कोच बनाया

**हैदराबाद**। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पूर्व बुधवार को मोंटी देसाई को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया। देसाई को दो साल का अनुबंध दिया गया है और वह शुक्रवार को यहां होने वाले पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पूर्व टीम से जुड़ेंगे। देसाई ने 12 साल के करियर के दौरान अफगानिस्तान, नेपाल, कनाडा, भारत की क्षेत्रीय टीमों और आईपीएल टीमों राजस्थान रायल्स और गुजरात लायंस के साथ कोच की भूमिका निभाई है। इससे पहले वह यूएई की टीम के बल्लेबाजी कोच थे। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा कि हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में शुक्रवार छह दिसंबर को भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व देसाई वेस्टइंडीज टीम के साथ जुड़ेंगे।

ई-निविदा प्रेस सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यकारी अभियंता, सिविल मंडल-4, सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, एल एम बंध, कार्यालय परिसर, शास्त्री नगर, दिल्ली 31 कार्य के लिए सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग से पंजीकृत अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों से आनलाईन प्रतिशत दर दिनांक 05.12.2019 तक अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं।

एच.ओ.ए.: विलेज डिवलमेन्ट अंडर आइडीआरयुवी

1 एन आई टी न0 157/रिई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_183845_1)
कार्य का नामः कृष्णा नगर विधान सभा क्षेत्र, एसी-60 खुरेजी गॉव में मेन रोड पर कब्रिस्तान का सुधार कार्य। अनुमानित लागत 91,91,020/- धरोहर राशि रू 1,83,820/- समापन की अवधि 180 दिन।
एच.ओ.ए.: ट्रॉस यमुना एरिया डिवलमेन्ट बोर्ड

2 एन आई टी न0 161/ईई/ सी डी-4/ईई/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_184408_1)
कार्य का नामः सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र एसी-65 कैथवाडा बिल्डिंग पर बची हुयी द्वितीय प्लोर पर खुले स्थान को कवर करके और गंगा दास चौपाल के नवीनीकरण का कार्य। अनुमानित लागत 37,40,718/- धरोहर राशि रू 74,814/- समापन की अवधि 120 दिन।
एच.ओ.ए.: विलेज डिवलमेन्ट अंडर आईडीआरयुवी

3 एन आई टी न0 162/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_184406_1)
कार्य का नामः कृष्णा नगर विधान सभा क्षेत्र, एसी-60 खुरेजी गॉव में कब्रिस्तान का सुधार कार्य। अनुमानित लागत 97,65,224/- धरोहर राशि रू 1,95,304/- समापन की अवधि 180 दिन।
एच.ओ.ए.: 4225 प्लान इम्प्रुवमेंट ओफ एससी बस्ती (एससी/एसपी)

4 एन आई टी न0 163/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_184451_1)
कार्य का नामः कृष्णा नगर विधान सभा क्षेत्र, एसी-60 जगतपुरी ए ब्लाक में एससी चौपाल के नवीनीकरण और द्वितीय प्लोर को कवर करने का कार्य। अनुमानित लागत 45,90,403/- धरोहर राशि रू 91,808/-समापन की अवधि 150 दिन।

नोटः-
1) ठेकेदारों की सूचीबद्धता निविदा खुलने की अन्तिम तिथि को वैध होनी चाहिए अगर निविदा खोलने की तिथि आगे बढाई जाती है तो उसी वैधता तारीख निविदा खुलने वाले दिन तक समझी जायेगी।
2) निम्नलिखित की प्रतियाँ भी ई निविदा पर डालना अनिवार्य है।
1 जीएसटी पंजीकरण की छाया प्रति अप टू डैट रिटर्न फाईल प्रुफ।
2 सूचीबद्धता पंजीकरण, उपयुक्त वर्ग में।
3 धरोहर राशि की छाया प्रति।
4 ईएसआईसी/ईपीएफओ पंजीकरण की छाया प्रति।
5 पेन नं0/स्थायी खाता संख्या की छाया प्रति।
6 वैध फोन न0 वटसप न0/ई मेल आई डी।
3) धरोहर राशि डीडी/एफडीआर के रूप में जो कि देय होगी ई ई, सी डी-4 के संदर्भ में निविदा खोलने के 3.00 बजे तक भौतिक रूप में कार्यालय ई ई, सी डी-4 जमा की जायेगी। यदि धरोहर राशि भौतिक रूप में कार्यालय ई ई, सी डी -4 जमा की जायेगी। यदि धरोहर राशि भौतिक रूप से जमा नही की गयी तो निविदा रद्द समझी जायेगी। उपरोक्त उल्लेखित कार्य का विवरण वेबसाईट http://govtprocurement.delhi.gov.in से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
4) निविदा दस्ती जमा नहीं की जाएगी। केवल निविदा वेबसाईट ई प्रोक्योरमेन्ट पर अपलोड की हुई मान्य है।

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता, सी डी-4
DIP/Shabdarth/1062/19-20

# देश के लिए खेलना ही पहला लक्ष्य: शिवम दूबे



**भाषा**। हैदराबाद

**युवा** आलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि वह भारत की टी-20 टीम में हार्दिक पंड्या की जगह लेने की कोशिश में नहीं जुटे हैं लेकिन निश्चित रूप से मिलने वाले मौके का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। पंड्या पीठ की चोट के कारण एक महीने से टीम से बाहर हैं जिसकी इंग्लैंड में सर्जरी की जरूरत पड़ी। वह इस समय रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं जिसके कारण ही शिवम का टीम में जगह बनाने का रास्ता बना और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सीमित ओवर की श्रृंखला की तैयारियों में जुटे हैं जो यहां शुक्रवार को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय के साथ शुरू हो रही है। मुंबई के इस आल राउंडर ने अभी तक तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जो सभी बांग्लादेश के खिलाफ थे जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 30 रन देकर तीन विकेट था। यह पूछने पर कि क्या वह हार्दिक को टीम से बाहर करने की कोशिश में हैं तो शिवम ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह हार्दिक को हटाने का मौका है लेकिन मुझे लगता है कि मुझे मौका मिला है और मैं अपने देश के लिए अच्छा करने का प्रयास करूंगा। मुझे अपने देश के लिए काम करना है और मैं इसे बेहतर तरीके से करने की कोशिश करूंगा।

शिवम मुख्यत: गेंदबाजी आलराउंडर है, जो बड़े शाट लगा सकता है और वह वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय में खुद को साबित करने का लक्ष्य बनाए हैं। अभी तक खेले तीन मैचों में उन्होंने इतना शानदार प्रदर्शन नहीं दिखाया, वह बांग्लादेश के खिलाफ बस एक बार तीन विकेट ही झटका पाए थे। लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें विराट कोहली और टीम प्रबंधन का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हर कोई मेरा उत्साह बढ़ा रहा है। कप्तान और टीम प्रबंधन से काफी सहयोग मिल रहा है।

इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। इसलिए ड्रेसिंग रूम में मैं खुश और रिलैक्स महसूस करता हूं। शिवम ने कहा कि फिटनेस आल राउंडर की सफलता में काफी अहम होती है। उन्होंने कहा, आल राउंडर होना हमेशा मुश्किल होता है। मेरे लिए बतौर आल राउंडर सबसे अहम अपना फिटनेस स्तर बरकरार रखना होता है क्योंकि आपको बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों करने की जरूरत होती है। इसलिए फिटनेस बनाए रखना सबसे मुश्किल काम होता है।

सार्वजनिक सूचना
आईबी-2529/एनडी/2019
राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण,
नई दिल्ली न्यायालय सं.-6 के समक्ष
एडलवाइस रिटेल फाइनैंस लिमिटेड
.........वित्तीय लेनदार
विरूद्ध
सच टेलीकॉम प्राइवेट लिमिटेड
.........कार्पोरेट देनदार
राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, दिल्ली की ओर से सूचना दी जाती है कि वित्तीय लेनदार द्वारा कार्पोरेट देनदार के विरूद्ध उपरोक्त कम्पनी याचिका रू. 19,08,427.13 (रूपए उन्नीस लाख आठ हजार चार सौ सत्ताईस तथा पैसे तेरह मात्र) और उक्त कार्यवाही हेतु लागत के लिए प्रस्तुत की गई है तथा हाजिर होने/जवाब देने अन्यथा सच टेलीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के विरूद्ध एक-पक्षीय कार्यवाही और एक-पक्षीय निर्णय पारित करने हेतु 06 दिसम्बर, 2019 की तिथि निर्धारित की गई है।
गुंजन के. चौबे
अधिवक्ता

# सौराष्ट्र के लिए दो रणजी मैच खेलेंगे पुजारा



**भाषा**। राजकोट

**टेस्ट** विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा को नौ दिसंबर से शुरू हो रही रणजी ट्राफी के पहले दो मैचों के लिए बुधवार को सौराष्ट्र की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ की सीनियर चयनसमिति ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की अगुवाई में 16 सदस्यीय टीम चुनी। पुजारा के लिए यह अच्छा अभ्यास होगा क्योंकि भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलनी है। पूर्व तेज गेंदबाज करसन घावरी को पहले ही सौराष्ट्र का मुख्य कोच नियुक्त किया जा चुका है। पिछले रणजी सत्र के उप विजेता सौराष्ट्र को एलीट ग्रुप बी में रखा गया है। उसका पहला मैच धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश से होगा। सौराष्ट्र की टीम इस प्रकार है : जयदेव उनादकट (कप्तान), चेतेश्वर पुजारा, शेल्डन जैकसन, अर्पित वासवदा, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, कमलेश मकवाना, स्नेल पटेल, चिराग जानी, हरीश देसाई, प्रेरक मांकड़, अवी बरोट, विश्वराज जडेजा, कुशांग पटेल, चेतन सकारिया, दिव्यराज चौहान और जय चौहान।

## दो मैचों में ध्रुव शोरे होंगे दिल्ली के कप्तान

**नई दिल्ली**। मध्यक्रम बल्लेबाज ध्रुव शोरे को 2019-2020 रणजी ट्राफी सत्र के पहले दो मैचों के लिए बुधवार को दिल्ली की 15 सदस्ईय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। दिल्ली की टीम इस सत्र में केरल के खिलाफ नौ से 12 दिसंबर को थुम्बा में अपना रणजी ट्राफी अभियान शुरू करेगी। बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतीश राणा को उप कप्तान बनाया गया है। अनुज रावत विकेटकीपर होंगे जबकि भारत के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर नवदीप सैनी गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने चार स्टैंडबाई (प्रांशु विजयरन, सारंग रावत, क्षितिज शर्मा और करण डागर) भी चुने हैं। डीडीसीए के बयान के अनुसार विजयरन और सारंग रावत स्टैंडबाई होने के बावजूद टीम के साथ दौरा करेंगे। टीम यहां बुधवार को हुई बैठक के बाद चुनी गई जिसमें डीडीसीए के मुख्य चयनकर्ता अतुल वासन, अनिल भारद्वाज, विनीत जैन, कोच के भास्कर पिल्लई, सुमित नरवाल (पर्यवेक्षक, क्रिकेट परिचालन), कप्तान शोरे और समन्वयक संजय भारद्वाज ने शिरकत की। टीम : ध्रुव शोरे (कप्तान), नीतीश राणा (उप कप्तान), कुणाल चंदेला, अनुज रावत, जोंटी सिद्धू, ललित यादव, शिवम शर्मा, विकास मिश्रा, तेजस बरोका, प्रदीप सांगवान, नवदीप सैनी, पवन सुयाल, कुंवर बिधुड़ी, हितेन दलाल, शिवांक वशिष्ठ।

## मैच फिक्सिंग प्रकरण में केएससीए प्रबंध समिति का सदस्य गिरफ्तार

**बेंगलुरू**। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रबंध समिति के सदस्य सुधींद्र शिंदे को कर्नाटक प्रीमियर लीग में कथित मैच फिक्सिंग के संबंध में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। बेंगलुरू पुलिस आयुक्त भास्कर राव ने पत्रकारों से कहा कि काफी सबूतों के आधार पर सुधींद्र शिंदे को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है जिन्होंने मैच फिक्सिंग के संबंध में शिंदे से दो दिन तक पूछताछ की गई और फिर उन्हें अंत में गिरफ्तार किया गया। वह केपीएल की एक टीम बेलागावी पैंथर्स के कोच थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिंदे ने अली अशफाक तारा के साथ कथित रूप से कुछ मैचों को फिक्स किया था। अधिकारी ने कहा कि शिंदे को बुधवार को हिरासत में ले जाया जाएगा ताकि अन्य के इसमें शामिल होने के बारे में पूछताछ की जा सके। अभी तक शिंदे सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तारा इस मामले में गिरफ्तार किए जाने वाले पहले व्यक्ति थे। केपीएल स्पाट फिक्सिंग प्रकरण तब सामने आया जब बेलारी टस्कर्स के गेंदबाज भावेश गुलेजा ने पुलिस में अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाज सय्याम और ड्रमर भावेश बाफना के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। राव ने खिलाड़ियों और अन्य से इस प्रकरण में सरकारी गवाह बनने को कहा है। राव ने कहा कि इस प्रकरण में इतने सारे लोग शामिल हैं, इसलिए मैंने उन्हें स्पष्ट कर दिया है कि आपराधिक दंड संहिता में सरकारी गवाह बनने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अगर वे आकर हमारे पास स्वीकार करते हैं कि उन्होंने गलती की है तो हम उन्हें सरकारी गवाह का दर्जा देंगे और अपनी जांच करेंगे। हम उन्हें यह पेशकश दे रहे हैं।

## अंकित राजपूत करेंगे उत्तर प्रदेश रणजी टीम की अगुवाई



**लखनऊ**। तेज गेंदबाज अंकित राजपूत नौ दिसंबर से शुरू होने वाली रणजी ट्राफी में उत्तर प्रदेश की अगुवाई करेंगे जिसकी घोषणा बुधवार को की गई। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) की चयनसमिति ने इसके साथ ही 15 सदस्यीय टीम का चयन भी किया। उत्तर प्रदेश अपना पहला मैच रेलवे के खिलाफ नौ दिसंबर से मेरठ में खेलेगा। टीम इस प्रकार हैं : अंकित राजपूत (कप्तान), अलमास शौकत, आर्यन जुआल, माधव कौशिक, उमंग शर्मा, मोहम्मद सैफ, अक्शदीप नाथ, रिंकू सिंह, उपेन्द्र यादव, शानू सैनी, शिवम मावी, सौरभ कुमार, मोहसिन खान, यश दयाल और जीशान अंसारी।

परिवहन विभाग
दिल्ली परिवहन निगम
रा0 रा0 क्षेत्र दिल्ली सरकार
इंदरप्रस्थ एस्टेट नई दिल्ली-110002

अल्प अवधि अनुबंध आधार पर बस चालकों की नियुक्ति के लिए

दिल्ली परिवहन निगम, रा0 रा0 क्षेत्र, दिल्ली सरकार, मैट्रिक पास 50 वर्ष तक की अधिकतम आयु के आवेदकों से अल्प-अवधि अनुबंध आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए (आवश्कतानुसार इसमें वृद्धि की जा सकती है) सभी आवश्यक कागजात 3 वर्ष पुराना हेवी/ट्रांसपोर्ट चालक लाइसेंस, 10 वीं पास प्रमाण पत्र अंकतालिका सहित, आधार कार्ड व पैन कार्ड इत्यादि सहित इच्छुक प्रत्याशी व्यक्तिगत रूप से दिल्ली परिवहन निगम मुख्यालय व किसी भी नजदीक दिल्ली परिवहन निगम के डिपो में सभी कार्यरत दिवसों में सुबह 10:00 बजे से चालक के पद के लिए आवेदन कर सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.dtc.nic.in पर सम्पर्क करें। आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30/06/2020 (शनिवार, रविवार, राजपत्रित अवकाश छोडकर) है।

हस्ता
(हनीश)
DIP/Shabdarth/1065/19-20 प्रबंधक (कार्मिक)

## कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना के साथ आस्ट्रेलिया ग्रुप ए में



**कारटागेना** (कोलंबिया)। आस्ट्रेलिया को अगले साल होने वाले कोपा अमेरिका फुटबाल टूर्नामेंट में सह मेजबान अर्जेन्टीना के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। टूर्नामेंट की दो मेहमान टीमों में से एक आस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के अलावा पैराग्वे, बोलीविया, उरूग्वे और चिली को इस दक्षिण अमेरिकी फुटबाल चैंपियनशिप के ग्रुप ए में जगह मिली है। ग्रुप बी में दूसरी मेहमान टीम और एशियाई चैंपियन कतर, सह मेजबान कोलंबिया, गत चैंपियन ब्राजील, वेनेजुएला, इक्काडोर और पेरू को रखा गया है। इस ग्रुप के सभी मैच कोलंबिया में होंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच अर्जेन्टीना और उसके चिर प्रतिद्वंद्वी चिली के बीच ब्यूनस आयर्स में 12 जून को होगा। चिली ने 2015 और 2016 के फाइनल में अर्जेन्टीना को हराया था लेकिन अर्जेन्टीना की टीम इस साल तीसरे स्थान के प्ले आफ में चिली को हराने में सफल रही। आस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरुआत 13 जून को उरूग्वे के खिलाफ करेगा। कतर पहले मैच में 14 जून को पेरू का सामना करेगा। कोपा अमेरिका का यह 47वां सत्र है जिसका आयोजन 12 जून से 12 जुलाई तक होगा।

## गैब्रियल के दो गोल से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नले को हराया

**बर्नले** (ब्रिटेन)। गैब्रियल जीसस के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बर्नले को 4-1 से हराकर खिताब की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी और शीर्ष पर चल रहे लीवरपूल के बीच अंकों का अंतर आठ अंक का रह गया है। लीवरपूल 14 मैचों में 40 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि सिटी की टीम 15 मैचों में 32 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सिटी की ओर से गैब्रिएल ने 24वें और 50वें मिनट में दो गोल दागे। विजेता टीम की ओर से रोड्री (68वें मिनट) और रियाद महरेज (87वें मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। बर्नले की ओर से एकमात्र गोल रोबर्ट ब्रेडी ने 89वें मिनट में किया।

## लारा के रिकार्ड को पीछे छोड़ने के और मौके मिलेंगे: वार्नर

**एडीलेड**। आस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का मानना है कि यहां पाकिस्तान के खिलाफ चूकने के बाद उन्हें ब्रायन लारा के टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च 400 रन के स्कोर को पीछे छोड़ने का एक और मौका मिलेगा। शनिवार को वार्नर जब 335 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे तब कप्तान टिम पेन ने पारी घोषित करने का फैसला किया। व्यावसायिक हितों के कारण उस समय एडीलेड में मौजूद लारा वार्नर के उनका रिकार्ड तोड़ने की स्थिति में उनसे मिलने और उन्हें बधाई देने की तैयारी कर रहे थे। वार्नर बाद में लारा से मिले और उन्होंने वेस्टइंडीज के इस महान बल्लेबाज के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। वार्नर ने पोस्ट में कहा कि महान खिलाड़ी से मिलना शानदार रहा। शायद एक दिन मुझे उनके 400 रन को पीछे छोड़ने का एक मौका और मिलेगा।

## सीसीआई वेस्टर्न इंडिया स्क्वॉश में 583 खिलाड़ी भाग लेंगे

**मुंबई**। देश भर के लगभग 583 खिलाड़ी सात दिसंबर से यहां होने वाले 76वें सीसीआई वेस्टर्न इंडिया स्क्वॉश ओपन में हिस्सा लेंगे। बुधवार को यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन 18 वर्गों में किया जाएगा जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के अलावा लड़के और लड़कियों के अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग शामिल हैं। इसके अलावा पांच स्पर्धाएं 35 से 60 आयु वर्ग के बीच सीनियर पुरुषों के लिए होंगी। पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के राहुल बैथा और दिल्ली के गौरव नंदराजोग जबकि महिला वर्ग में महाराष्ट्र की सनिका चौधरी और सचिका बलवानी खिताब के प्रबल दावेदार होंगे।

## भारत को टेबल टेनिस पुरूष और महिला युगल में स्वर्ण

**काठमांडू**। भारत ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता की पुरुष एवं महिला युगल स्पर्धाओं में बुधवार को यहां स्वर्ण और रजत पदक जीते। पुरुष युगल फाइनल में हरमीत देसाई और एंथनी अमलराज ने हमवतन सानिल शेट्टी और सुधांशु ग्रोवर को 8-11, 11-7, 11-7, 11-5, 8-11, 12-10 से हराया। नेपाल के सांतू श्रेष्ठ और विनेश खानिया ने कांस्य पदक जीता। महिला युगल फाइनल में मधुरिका पाटकर और श्रीजा अकुला ने सुत्रिता मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी को 2-11, 11-8, 11-8, 11-6, 5-11, 11-5 से पराजित करके खिताब जता। श्रीलंका की विशाखा मधुरंगी और हंसिनी पुलिमा ने कांस्य पदक हासिल किया। मिश्रित युगल में हरमती और सुत्रिता मुखर्जी ने अमलराज और अयहिका को 11-6, 9-11, 11-6, 11-6, 11-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## माइरा ने नेशनल स्कूल्स शतरंज प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

**मुंबई**। मुंबई की माइरा सचदेव ने औरंगाबाद में हुई नेशनल स्कूल्स शतरंज प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। सोमवार को संपन्न हुई प्रतियोगिता में कर्नाटक की शशिनी पुवी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार छह साल की माइरा ने संभावित नौ में से 7.5 अंक जुटाए जबकि शशिनी आठ अंक के साथ शीर्ष पर रही। दक्षिण मुंबई शतरंज अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाली माइरा अब एशियाई एवं वर्ल्ड स्कूल्स शतरंज प्रतियोगिता में आधिकारिक रूप से भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिताएं अगले साल होंगी।

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बॉब विलिस का निधन

**लंदन**। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और आक्रामक तेज गेंदबाज बॉब विलिस का 70 बरस की उम्र में निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। विलिस 1982 से 1984 के बीच इंग्लैंड के कप्तान रहे जिन्होंने 90 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 1981 में एशेज में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी मे 43 रन देकर आठ विकेट लिए थे। विलिस परिवार ने एक बयान में कहा कि हमारे प्रिय बॉब अब इस दुनिया में नहीं रहे। वह एक आदर्श पति, पिता, भाई और दादा थे। उन्होंने अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों को प्रभावित किया। हमें उनकी कमी बहुत खलेगी।

# सैग खेल: भारत ने 15 स्वर्ण समेत 29 पदक जीते

**भाषा**। काठमांडू

**ट्रैक** और फील्ड खिलाड़ियों ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 पदक और जीतकर तालिका में अपनी स्थिति बेहतर कर ली। भारत ने बुधवार को 15 स्वर्ण पदक जीते जिनमें से पांच एथलेटिक्स में थे। भारत के अब 32 स्वर्ण, 26 रजत और 13 कांस्य पदक हो गए हैं।

एथलेटिक्स में भारत ने 10 पदक (पांच स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य) अपने नाम किए जबकि छह टेबल टेनिस और ताइक्वांडो, पांच ट्रायथलन और दो खो खो में जीते। एथलेटिक्स स्पर्धा के पहले दिन भारतीयों का दबदबा रहा। अर्चना सुसींद्रन ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। वहीं भारत की ही ए. चंद्रलेखा तीसरे स्थान पर रही। सुरेश कुमार ने पुरूषों के 10000 मीटर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं लंबी कूद में लोकेश सत्यनाथन और स्वामीनाथन पहले दो स्थान पर रहे। पुरूषों के चक्काफेंक में कृपाल सिंह और गगनदीप सिंह ने पहले दो स्थान हासिल किए। महिलाओं के चक्का फेंक में नवजीत कौर ढिल्लों ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया जबकि सुर्वी विश्वास को रजत पदक मिला। लंबी कूद में सैंड्रा बाबू को कांस्य पदक मिला। भारतीय पुरुष और महिला खो-खो टीमों ने क्रमश: बांग्लादेश और नेपाल को हराकर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। वर्ष 2016 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरूष टीम ने बांग्लादेश को पारी और सात अंक से जीत हासिल की और उनका स्कोर 16-9 रहा। महिलाओं के फाइनल में कप्तान नसरीन ने अगुआई करते हुए पांच अंक जुटाए जबकि उनकी साथी काजल भोर ने भी पांच अंक जोड़कर अहम योगदान किया।

भारत ने दोनों वर्गों में स्वर्ण जीते तो बांग्लादेश को पुरूष स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि नेपाल तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में नेपाल ने दूसरा स्थान हासिल किया जबकि बांग्लादेश ने अपना अभियान कांस्य पदक से समाप्त किया। भारत ने ताइक्वांडो स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए तीन स्वर्ण सहित कुल छह पदक अपने नाम किए। लतिका भंडारी (अंडर 53 किग्रा), जरनेल सिंह (अंडर 74 किग्रा) और रूदाली बरूआ (ओवर 73 किग्रा) ने स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। सौरव और गंगजोत ने पुरूषों की अंडर 63 किग्रा और महिलाओं की 62 किग्रा में रजत पदक प्राप्त किए जबकि चैतन्य इनामदार ने पुरूष ओवर 86 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं भारत ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता की पुरुष एवं महिला युगल स्पर्धाओं में स्वर्ण और रजत पदक जीते।

पुरुष युगल फाइनल में हरमीत देसाई और एंथनी अमलराज ने हमवतन सानिल शेट्टी और सुधांशु ग्रोवर को 8-11, 11-7, 11-7, 11-5, 8-11, 12-10 से हराया। नेपाल के सांतू श्रेष्ठ और विनेश खानिया ने कांस्य पदक जीता। महिला युगल फाइनल में मधुरिका पाटकर और श्रीजा अकुला ने सुत्रिता मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी को 2-11, 11-8, 11-8, 11-6, 5-11, 11-5 से पराजित करके खिताब जता। श्रीलंका की विशाखा मधुरंगी और हंसिनी पुलिमा ने कांस्य पदक हासिल किया।

# बिग बाउट लीग : अशीष के दम पर गुजरात जाएंट्स ने की वापसी



**ग्रेटर नोएडा** । अशीष कुमार ने बुधवार को अपने बेहतरीन खेल के दम पर यहां गौतम बुद्धा यूनिवर्सिटी इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही बिग बाउट मुक्केबाजी लीग में विपक्षी टीम ओडिशा वॉरियर्स हराकर गुजरात जाएंट्स को मैच में वापस ला दिया। आशीष ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में ओडिशा के नील कमल सिंह पर अपना दबदबा बनाए रखा और तीसरे राउंड में रेफरी को दो बार स्टैंडिंग काउंट के लिए मजबूर किया। नील कमल सिंह तीसरे राउंड में रिटायर हो गए और इसी कारण गुजरात ने बराबरी कर ली। उज्बेकिस्तान के जाखंगीर राखमोनोव ने पहले मैच में जीत हासिल कर ओडिशा को ब ?त दिला दी थी। राखमोनोव को सोमवार को हार मिली थी और इसी कारण वह दवाब में थे। राखमोनोव ने दिन के पहले मुकाबले में पुरुषों के 69 किलोग्राम भारवर्ग में गुजरात के दूर्योधन सिंह नेगी को विभाजित फैसले से हरा ओडिशा को 1.0 से आगे कर दिया। पहले दो राउंड में जजों को प्रभावित करने में सफल नहीं रहे लेकिन एशियाई यूथ सेमीफाइनलिस्ट ने तीसरे राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन कर 3.2 से मुकाबला जीता। राखमोनोव को उम्मीद थी कि उनकी टीम के खिलाड़ी इस बढ़त को सरिता देवी (60 किलोग्राम भारवर्ग) मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलोग्राम भारवर्ग) और अमित पंघल (51 किलोग्राम भारवर्ग) जैसे खिलाड़ियों से सुसज्जित गुजरात की टीम के खिलाफ बनाए रखेंगे, लेकिन दूसरे मुकाबले में नील कमल की हार के बाद ओडिशा की टीम के सामने चुनौती बढ़ी है। इससे पहले गुजरात ने टॉस जीता और यूथ महिला 57 किलोग्राम भारवर्ग को ब्लॉक कर दिया जहां ज्योति कंवर का सामना ओडिशा की जैस्मीन से था। गुजरात ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि उसे पता था कि जैस्मीन ने ओडिशा के लिए सोमवार पंजाब पैंथर्स के खिलाफखेले गए मैच में दो में से एक अंक हासिल किया था। पंजाब ने ओडिशा को 5.2 से मात दी थी।

गत मंगलवार को निखत जरीन की कप्तानी वाली नॉर्थईस्ट राइनोज ने 1.3 से पिछ ?ने के बाद शानदार वापसी करते हुए बेंगलुरू ब्रॉलर्स को 4.3 से मात दी। निखत ने बेंगलुरू की पिंकी रानी को महिलाओं के 51 किलोग्राम भारवर्ग में मात दे टीम की वापसी की राह खोली थी।

## कॉयल होंगे चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच

**चेन्नई**। इंडियन सुपर लीग टीम चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को बर्नले और बोल्टन वांडरर्स के पूर्व मैनेजर ओवेन कॉयल को मौजूदा सत्र के अंत तक मुख्य कोच नियुक्त किया। स्काटलैंड के 53 साल के कॉयल इंग्लैंड के जान ग्रेगरी की जगह लेंगे।

मौजूदा आईएसएल सत्र की खराब शुरुआत के बाद दो बार के चैंपियन चेन्नईयिन एफसी और ग्रेगरी ने अलग होने का फैसला किया। कॉयल ने बयान में कहा कि मुख्य कोच के रूप में चेन्नईयिन एफसी से जुड़ने पर मुझे बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसी टीम है जिसमें काफी क्षमता और अच्छा प्रदर्शन करने की भूख है। मैं अपनी नई पारी शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

# दक्षिण अफ्रीका के आर्थर होंगे श्रीलंका के नए कोच

**भाषा**। कोलंबो

**दक्षिण** अफ्रीका के अनुभवी कोच मिकी आर्थर दो साल के लिए श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम के नए कोच होंगे जबकि ग्रांट फ्लावर और डेविड सेकर सहयोगी स्टाफ के सदस्य होंगे। फ्लावर सीमित ओवरों के प्रारूप में टीम के बल्लेबाजी कोच होंगे जबकि सेकर नए गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे। श्रीलंका के मौजूदा मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा हैं। आस्ट्रेलिया के शेन मैकडर्मोट को पहले ही टीम का नया क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया जा चुका है। श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एश्ले डिसिल्वा के अनुसार दो साल के अनुबंध पर टीम से जुड़ेंगे। दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के राष्ट्रीय कोच रह चुके आर्थर पिछले आठ साल में श्रीलंका के 11वें कोच होंगे। आर्थर के मार्गदर्शन में टीम सबसे पहले इस महीने पाकिस्तान का दौरा करेगी। पाकिस्तान ने आर्थर के मार्गदर्शन में टीम के लचर प्रदर्शन के बाद इस कोच को बर्खास्त कर दिया था। पाकिस्तान की टीम विश्व कप में भी पहले दौर से बाहर हो गई थी। फ्लावर कुछ समय पहले तक बांग्लादेश प्रीमियर लीग टीम रंगपुर रेंजर्स के मुख्य कोच थे जबकि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों के साथ जुड़े रहे सेकर अमेरिका के गेंदबाजी कोच थे।

## सोनिया और क्वार्टर फाइनल में

**कन्नूर**। विश्व चैम्पियनशिप 2018 रजत पदक विजेता सोनिया चहल (57 किलो) और युवा विश्व चैम्पियन ज्योति गुलिया (51 किलो) चौथी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चहल ने 2016 में 57 किलो वर्ग में स्वर्ण और 2017 में कांस्य पदक जीता था। उन्हें पुलिस की संध्यारानी देवी से कड़ी चुनौती मिली जिसमें वह 4-1 से विजई रही। युवा ओलंपियन और युवा विश्व चैम्पियन ज्योति ने इंडिया ओपन रजत पदक विजेता मोनिका के खिलाफ जुझारू मुकाबले में जीत दर्ज की। कोलोन विश्व कप की रजत पदक विजेता पी बासुमतारी ने 64 किलो वर्ग में दिल्ली की आरती रावल को हराकर पीला तमगा जीता।

# डायना एडुल्जी ने इंजीनियर पर निकाली भड़ास

**मुंबई**। भारत के पूर्व विकेटकीपर फारूख इंजीनियर और सीओए की पूर्व सदस्य डायना एडुल्जी के बीच बुधवार को सार्वजनिक तौर पर मतभेद हो गया जब महिला टीम की पूर्व कप्तान ने क्रिकेट में उनकी उपलब्धियों पर सवाल उठाने वाले इंजीनियर पर भड़ास निकाली। विवादों से घिरे रहने वाले इंजीनियर ने कहा कि प्रशासकों की समिति समय की बर्बादी थी। दिलीप सरदेसाई स्मृति व्याख्यान में एडुल्जी ने कहा , फारूख ने मौजूदा चयनकर्ताओं के बारे में बहुत कुछ कहा। उसमें उन्होंने मेरे बारे में भी कुछ टिप्पणी की। मैं आपको बताना चाहती हूं कि मैने भी 30 टेस्ट खेले हैं जो कम नहीं है। आपने कहा कि एडुल्जी ने कोई क्रिकेट नहीं खेला। इससे पहले इंजीनियर ने कहा था कि मैंने कहा था कि सीओए समय की बर्बादी है और मैं सच कहा रहा हूं। सीओए के रहने से क्या फायदा हुआ और उन पर करोड़ों रूपए खर्च किए गए जिसका बेहतर इस्तेमाल देश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट की बेहतरी के लिए होता। उन्होंने कहा कि एडुल्जी के खिलाफ कुछ निजी नहीं था। मैने चयनकर्ताओं के बारे में पहले भी कहा था और उस बयान की यही वजह है।

भारत के लिए 46 टेस्ट खेल चुके इंजीनियर ने विकेटकीपर ऋषभ पंत को प्रतिभाशाली कहा लेकिन यह भी कहा कि उसकी तकनीक में खामी है।

# भारतीय जूनियर महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

### गुरुवार को आस्ट्रेलिया से होगी भिड़ंत

**भाषा**। कैनबरा (आस्ट्रेलिया)

**भारतीय** जूनियर महिला हाकी टीम ने बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर तीन देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। लालरिंडिकी ने भारत की तरफ से 15वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मिडफील्डर प्रभालीन कौर ने 60वें मिनट में दूसरा गोल करके भारत की जीत में योगदान दिया। भारत ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और न्यूजीलैंड की एक नहीं चलने दी जिसने मंगलवार को अपने पहले मैच में आस्ट्रेलिया को 3-1 गोल से हराया था। भारत को तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर मिला था लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल पाया। पहले क्वार्टर के समाप्त होने से ठीक पहले न्यूजीलैंड की रक्षापंक्ति की गलती से भारत को गोल करने का सुनहरा अवसर मिला और लालरिंडिकी ने इसका फायदा उठाकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। गोलकीपर बिछू देवी खारिबाम ने दूसरे क्वार्टर में कुछ अच्छे बचाव करके न्यूजीलैंड को बराबरी का गोल नहीं करने दिया। तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों को कुछ अवसर मिले लेकिन वे गोल नहीं कर पाई। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक दूसरे पर हावी होने की पूरी कोशिश की। इस बीच भारत ने 48वें मिनट में पेनल्टी कार्नर का अच्छा बचाव किया। खेल समाप्त होने में जब 30 सेकेंड का समय बचा था तब भारत को पेनल्टी कार्नर मिला जिसे प्रभालीन ने गोल में बदलने में गलती नहीं की। भारत अपने दूसरे मैच में गुरुवार को आस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

# हरियाणा और मणिपुर को मिला पहला स्थान

### राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता समाप्त

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**केडी** सिंह बाबू स्टेडियम में सम्पन्न राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में हरियाणा और मणिपुर ने क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा ने तीन स्वर्ण, पांच कांस्य पदक जीते, जबकि पंजाब ने एक स्वर्ण, एक रजत व तीन कांस्य पदक जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में मणिपुर ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर पहला और दिल्ली ने दो स्वर्ण पदक जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राजस्थान के दिव्यांश पुरी गुजरात की अल्फा ने बेस्ट जूडोका अवार्ड जीता।

प्रतियोगिता के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के रोहन विश्नोई ने 100 किग्रा. से अधिक भारवर्ग में रजत पदक जीता। परिणाम- बालक (100 किग्रा. से कम)- दीपक (दिल्ली) प्रथम, अदनान (महाराष्ट्र ए) द्वितीय, जोबनदीप (पंजाब) तृतीय, संजय एस (हरियाणा)। (100 किग्रा. से अधिक)- यश गंगहास (हरियाणा) प्रथम, रोहन विश्नोई (उत्तर प्रदेश) द्वितीय, रितिक (पंजाब) तृतीय, श्रीमन (तमिलनाडु )। बालिका (78 किग्रा. से कम)- इंदुबाला (मणिपुर) प्रथम, मनप्रीत कौर (पंजाब) द्वितीय, सम्पदा (महाराष्ट्र) तृतीय। (78 किग्रा. से अधिक)- मुस्कान राठी (दिल्ली)प्रथम, मुस्कान (हरियाणा) द्वितीय, शाम्भवी (महाराष्ट्र) द्वितीय, अमीषा (मध्य प्रदेश)।

# एमसीएफ ने अंतर विभागीय फुटबाल जीता



**लखनऊ**। अमन के दो गोलों की मदद से एमसीएफ फुटबाल अकादमी, आरेडिका ने एडमिन ब्लाक को 3-0 गोलों से हराकर अंतर-विभागीय सेवेन-ए-साइड फुटबाल प्रतियोगिता जीत ली है।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में खेले गए फाइनल में एमसीएफ फुटबाल अकादमी के लिए आदित्य सिंह ने पहला गोल किया। यह प्रतियोगिता गत दो दिसम्बर से शुरू हुई थी। इसका शुभारम्भ पीएफए एवं खेलकूद संघ के अध्यक्ष आरके मनोचा ने किया गया था । इस अवसर पर सीपीएम एवं सचिव खेल-कूद संघ, आरेडिका संजय कुमार कटियार ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया। उप विजेता एडमीन ब्लॉक को सीएमई/एसडी महेश अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए आदित्य सिंह को मैन ऑफ द टुर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। सचिव खेलकूद संघ संजय कुमार कटियार ने इस मौके पर कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से कर्मचारियों के स्वास्थ्य, मनोरंजन व बच्चों के मन में खेल के प्रति रूचि को बढ़ाता है। कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के और भी आयोजन करवाने का आश्वासन दिया।

## इकाना अकादमी की दूसरी जीत

**लखनऊ**। अरविन्द कनौजिया की शानदार गेदबाजी (16 रन पर चार विकेट) की मदद से इकाना अकादमी ने विंटर कप सीरीज क्रिकेट प्रतियोगिता में अवध स्काई को आठ विकेट से हराकर पूरे अंक जुटाए। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर अवध स्काई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में सभी विकेट खोकर 97 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिखर प्रताप सिंह ने 42 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से सर्वाधिक 27 रनों का योगदान किया। ओमकार और अवनीश ने क्रमश: 10-10 रन बनाए। अन्य बल्लेबाज दहाई अंक को नहीं पार कर सके। अरविन्द कनौजिया ने चार तथा मोहम्मद तौसीफ और लकी ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में इकाना अकादमी ने 19.2 ओवर में दो विकेट पर 99 रन बनाकर मैच जीत लिया। अजय शुक्ला ने 60 गेंदों पर सात चौको की मदद से नाबाद 45 तथा सूर्याश सिंह ने 37 गेंदों पर तीन चौकों की सहायता से 28 रन बनाये। अवध स्काई की ओर से शिखर प्रताप सिंह और आलोक ने एक-एक विकेट लिया।

## राष्ट्रीय जूनियर जुजुत्सू चैंपियनशिप 13 से

**लखनऊ**। प्राचीन जापानी युद्ध कला जुजुत्सू को बढ़ावा देने के लिए जुजुत्सू एसोसिएशन आफ इंडिया के तत्वावधान में जुजुत्सू एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी 13 से 15 दिसम्बर तक राष्ट्रीय जूनियर जुजुत्सू चैंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में होगी। आयोजन की तैयारियों के सिलसिलें में जुजुत्सू एसोसिएशन आफ इंडिया के महासचिव विनय जोशी, जुजुत्सू एसोसिएशन आफ यूपी के अध्यक्ष अमित गुप्ता व महासचिव अमित अरोड़ा के साथ जुजुत्सू एसोसिएशन आफ यूपी के कोआर्डिनेटर व जुजुत्सू एसोसिएशन आफ लखनऊ के अध्यक्ष सैयद रफत जुबैर रिजवी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों के संबंध में चर्चा की। सैयद रफत ने बताया कि चैंपियनशिप में 20 राज्यों के लगभग 700 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना हैं।

## दिवालिया हुईं केटी प्राइस ने 2.15 करोड़ की अंगूठियां बेचीं



**लंदन।** कुछ दिनों पहले लंदन के एक कोर्ट द्वारा दिवालिया घोषित केटी प्राइस के बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें अपने पूर्व पति पीटर आंद्रे से मिले 230,000 पाउंड (2.15 करोड़ रुपये) मूल्य के डायमंड इंगेजमेंट रिंग्स को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पांच बच्चों की मां केटी को गायक पीटर ने तीन इंगेजमेंट रिंग्स दिए थे, जिनके साथ उनके दो बच्चे जूनियर और प्रिंसेस हैं। दोनों की 2005 में शादी हुई और चार साल बाद अलग हो गए। केटी को नवंबर में दिवालिया घोषित कर दिया गया था, क्योंकि वह अपने लेनदारों की चेतावनी के बावजूद हजारों पाउंड का कर्ज नहीं चुका पाई थीं। केटी, जो पहले छद्म नाम जॉर्डन से जानी जाती थीं, एक मीडिया हस्ती, मॉडल और लेखिका हैं।

## जूलिया रॉबर्ट्स संग एशिया में महिला सशक्तीकरण के लिए काम करेंगी मिशेल



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स और अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा एशिया में लड़कियों की शिक्षा और महिला सशक्तीकरण की दिशा में काम करेंगी। डेलीमेल डॉट को डॉट यूके की रिपोर्ट के मुताबिक, ये दोनों हस्तियां नौ दिसंबर को वियतनाम का दौरा करेंगी और ओबामा के फाउंडेशन गर्ल्स अपॉर्च्यूनिटी एलायंस में हिस्सा लेंगी, जहां वे कम उम्र की लड़कियों से संबंधित शिक्षा संस्थानों से मिलेंगी। इसके बाद जूलिया और मिशेल, लीडर्स: एशियन-पैसिफिक प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए मलेशिया का दौरा करेंगी। इसका आयोजन 10-14 दिसंबर तक कुआलालंपुर में होगा। फाउंडेशन की वेबसाइट के मुताबिक, इस कार्यक्रम में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में स्थित 33 देशों के 200 नेताओं की मेजबानी की जाएगी और इसके साथ ही कौशल निर्माण कार्यशालाओं या वर्कशॉप और नेतृत्व प्रशिक्षण की भी सुविधा प्रदान की जाएगी।

## समाजसेविका दया बाई पर बनी बायोपिक अप्रैल में रिलीज होगी

**मुंबई।** केरल में जन्मीं समाजसेविका दया बाई पर आधारित एक हिंदी बायोपिक बड़े पर्दे पर अप्रैल 2020 में रिलीज होगी। श्री वरुण निर्देशित फिल्म में दया बाई की भूमिका में बंगाली अभिनेत्री बिदिता बाग हैं। बायोपिक में दिखाया जाएगा कि कैसे एक मलयाली महिला मर्सी मैथ्यू दया बाई बनती है और मध्य प्रदेश के आदिवासी लोगों की बेहतरी के लिए काम करती है। मंगलवार को, निर्माताओं ने फिल्म के आधिकारिक पोस्टर का भी अनावरण किया, जिसमें मुख्य अभिनेत्री को एक दीया जलाते हुए देखा जा सकता है। प्रोजेक्ट के बारे में श्री वरुण ने कहा, दया बाई ने हमेशा मुझे प्रभावित किया है। मैं हमेशा उन पर एक फिल्म बनाना चाहता था। जब हम वायनाड में मिले, तो वह शुरू में इसे लेकर आश्वस्त नहीं थीं। लेकिन, फिर उन्होंने एक शर्त रखी कि फिल्म में उनके जीवन को सच्चाई के साथ दर्शाना चाहिए, तो हमारी फिल्म में कोई काल्पनिक तत्व नहीं है, लेकिन उनके जीवन को वैसे ही चित्रित किया है जैसा उनका जीवन रहा है। निर्देशक ने कहा कि उन्होंने फिल्म में व्यवसायिकता का पुट डालने की कोशिश नहीं की है।

# 'सूफ़ी संगीत सदैव सजीव और सदाबहार बना रहेगा'

नूरन बहनें-**ज्योति और सुल्ताना**, संगीत में अपने जॉनर्स बदलने और दायरे से बाहर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बता रही हैं कि किस प्रकार इससे उन्हें अपने काम में विविधता लाने का अवसर मिला। **टीम पायनियर** की रिपोर्ट–



क्षेत्र में नूरन बहनों के गाने 'अल्लाह वालेयां दि जुगनी' का सुर गूंजे जा रहा था और ये इस बात का साक्ष्य था कि लोग ऐसे ही सूफ़ी को साफ़ी (अर्थ शुद्ध) नहीं कहते।

दिल्ली के डीएलएफमॉल ऑफइंडिया के खुले क्षेत्र में चांदनी के प्रकाश में श्रोता सुरों की मनमोहिनी गंगा में गोते लगाए जा रहे थे। शाम रहस्यवाद और नए संगीत के बीच एक संतुलन की ओर बढ़ रही थी। सूफी संगीत को एक नई दिशा देते हुए नूरन बहनों ने एक के बाद एक सूफी गीत और पंजाबी लोकसंगीत के अलावा बॉलीवुड गाने भी प्रस्तुत किये।

उनके ठेठ गंवई गानों और मनमुग्ध करने वाले सूफी गायन के कौशल के कारण ही नूरन बहनें अब आज के युवा और पुराने श्रोताओं के बीच बराबर लोकप्रिय हो रही हैं। दोनों बहनें अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने पिता को देती हैं जिन्होंने उनके साथ बचपन से लेकर आजतक एक प्रकार का स्नेहपूर्ण बंधन जोड़े रखा है, ज्योति ने बताया, 'पिता तो पिता ही रहता है। वो हमारे गुरू रहे हैं और आज भी हमारे प्रदर्शन को देखते हैं और यदि कहीं गलती होती है तो हमें डांटते भी हैं।' स्वतंत्र कलाकारों के लिए आजीविका कमाना अपेक्षाकृत कठिन कार्य होता है और ये बात नूरन बहनों से अधिक किसे पता होगी?

ज्योति ने बताया, 'यदि हम कला के किसी भी क्षेत्र में सफलता की बात करें तो युवा अपने काम के प्रति अपनी ऊर्जा को सही ढंग से केन्द्रित करें तो सफलता उनके कदम अवश्य चूमेगी। आलस्य के लिए इसमें कोई स्थान नहीं होता। आपको लगन और साधना के साथ ही समर्पण भाव से इसमें लगना होगा।'

ढाका के अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में प्रस्तुति देने से लेकर शाम चौरसिया घराने के संगीत में दक्षता प्राप्त करने और फिर बॉलीवुड में पार्श्वगायन में पदार्पण करने तक नूरन बहनों की यात्रा काफी रोचक रही है। इस बीच यद्यपि बहुत कुछ परिवर्तित हुआ है, सुल्ताना ने बताया, 'कलाकार के रूप में हमें काफी अनुभव हुआ है। हमनें काफी प्रयास किये हैं और आगे भी करते रहना चाहते हैं। यदि परिवर्तनों की बात करें तो संगीत के प्रारूप में कई बदलाव हुए हैं ताकि संगीत लोगों की अभिरुचियों के अनुरूप बना रह सके। आज हमारे सामने विविध प्रकार के जॉनर्स हैं और सभी की अपनी-अपनी विशेषताएं भी हैं। हमारे लिए हमारे स्वतंत्र एलबम के विविध रिमिक्स अब बनते रहेंगे। हमें ये भी नहीं भूलना चाहिये कि शास्त्रीय गायन से लेकर बॉलीवुड गायन तक संगीत में विस्तृत परिवर्तन आए हैं।'

उनका मानना है कि आज के इंडस्ट्री के संगीतकारों को उनकी गायनशैली और रुचियों के बारे में पूरी जानकारी है। ज्योति ने बताया, 'उन्होंने हमें जोश में गाने से कभी नहीं रोका। अब तो पूरा संगीत हमारे गायन के ही अनुरूप रखा जाने लगा है। हमें बॉलीवुड फिल्मों के लिए गाना अच्छा लगता है। हम बॉलीवुड के लिए सरल जॉनर में गाते हैं लेकिन इससे स्वतंत्र शास्त्रीय कलाकार के हमारे पक्ष पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। हमारे सभी गाने हमे और अधिक प्रफुल्लतापूर्ण संगीत बनाने की प्रेरणा देते हैं। हमें बॉलिवुड की स्मृतियां अच्छी लगती है।'

इधर कुछ सालों के दौरान हिप-हॉप तथा रैप संगीत और संस्कृति के बढ़ने के साथ ही लग सकता है कि सूफी और शास्त्रीय गायन अपनी आभा खोता जा रहा है। लेकिन ज्योति पूछती हैं, 'आध्यात्मिकता का प्रतिनिधित्व करने वाली कला खो कैसे सकती है? वो बताती है कि सूफी की विविध शैलियां और रूप हैं जिनके कारण ये सदैव सजीव और सदाबहार बना रहेगा।' सुल्ताना का कहना है, 'सूफी का आकर्षण कभी कम नहीं होने वाला। ये अगरबत्ती के धुएं जैसा है जो लौ के बुझने के बाद भी फैलता रहता है और अपनी सुगंध बिखेरता रहता है। दूसरी ओर पष्चिमी संगीत एक मोमबत्ती की तरह है जो एक जरा सी हवा सहन नहीं कर सकता और बुझ जाता है। ये भी कहना सही होगा कि जिन लोगों को सूफी के तत्व का ज्ञान है, उन्हें पता होता है कि उन्हें सूफी की परंपराओं और मूल्यों को किस प्रकार से बनाए रखना है। वे दूसरे लोगों को भी इस संगीत से जोड़ना चाहते हैं। इस प्रकार ये निष्चित हो जाता है कि सूफी संगीत कभी समाप्त होने वाला नहीं है। ये अविनाशी है।'

नूरन बहनों ने अपने संगीत में कई पष्चिमी वाद्ययंत्रों को जोड़ा है। लेकिन आज भी वो किसी नए जॉनर की खोज में हैं, 'जॉनर्स में आए बदलावों से हमारे वाद्ययंत्र नहीं बदलने वाले। वाद्य संबंधी जटिलता में आए बदलाव उस शैली में योगदान करने वाले कलाकारों से ही जुड़े होते हैं।'



बॉलीवुड अदाकारा आलिया भट्ट ने मुंबई में फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवार्ड्स में कुछ इस तरह अपना जलवा बिखेरा

# 'क्रिकेट प्रिय है तो पूरी लगन और समर्पण से इसे खेलें'

क्रिकेटर अंजुम चोपड़ा ने पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** के साथ एक विषेष बातचीत में अपनी अब तक की यात्रा, अनुभवों तथा आजकल वो किस तरह से स्वयं को व्यस्त रखती हैं, आदि के बारे में बताया। अंजुम आजकल टीवी शो 'केकेके4' में सहभागिता कर रही हैं। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश–



■ **आजकल किन कार्यों में व्यस्त रहती हैं?**

- मैं आजकल कुछ समय कमेंटरी करने, कुछ युवा क्रिकेटरों को मदद सीखने में मदद करने जैसे कार्यों में ही स्वयं को व्यस्त रखती हूं।

■ **आपकी अब तक की यात्रा कैसी रही है?**

- मेरे लिए तो ये सदैव ही सीखने की एक प्रक्रिया जैसी ही रही है। मैंने क्रिकेट के अलावा अन्य चीजों पर भी अपना ध्यान लगाया है। जैसे मैंने खतरों के खिलाड़ी 4 'केकेके4' में भी भाग लिया। ये काफी उत्साहपूर्ण था। मेरे लिए ये एक अलग प्रकार का अनुभव था। ये ऐसा था जो हमारे सामान्य दिनों की गतिविधियों से अलग था।

■ **क्या आपने इस शो से ऐसा भी कुछ सीखा जो आपके जीवन में भी काम आ सकता है?**

- इस शो में मेरे लिए सीखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण ये थी कि आप अपने डर पर विजय किस प्रकार पा सकते हैं।

■ **युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को क्या संदेश देना चाहती हैं?**

- यदि आप इस खेल को पसंद करते हैं तो फिर आप इसे पूरी लगन और समर्पण से खेलें।

■ **सफलता के लिए मूलमंत्र क्या था?**

- ये अत्यंत सरल है: आप बस आप सबकुछ भूल कर इसमें रम जाइये।

■ **क्या ऐसा भी कोई क्षण आपके जीवन में आया था जब आपने क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोच लिया था?**

- जी हां, एक ऐसे क्षण आये थे जब मैंने ऐसा सोचा था। मैं इसकी पृष्ठभूमि के बारे में नहीं बताना चाहती। कई बार आपके मन में कई प्रष्न कौंधते रहते हैं कि आगे क्या होगा वर्तमान में क्या चल रहा है। लेकिन अंत में आपको ही निर्णय करना होता है कि आप इन बातों को अधिक महत्व दें या न दें और अपना स्वाभाविक खेल खेलें। मैं किसी भी चीज को छोड़ने से पहले स्वयं से एक ही प्रश्न पूछती हूं: कि मैंने इसे प्रारंभ क्यों किया था? और यदि मुझे इसे छोड़ने के कारण से अधिक महत्वपूर्ण कारण इसमें बने रहने को मिलता है तो मैं फिर मैं वैसा ही करती हूं। यही कारण है कि मैंने क्रिकेट में इतनी लंबी पारी खेली।

## खाना बनाना और अभिनय में काफी समानताएं: श्वेता



**बॉलीवुड** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी का कहना है, 'मैं पाक कला की अच्छी जानकार नहीं हूं लेकिन मुझे भोजन अत्यंत प्रिय है। मैं पाकविधि के अनुसार चलती हूं। मेरे लिए ये एक संपूर्ण अनुभव रहा जिसमें मैंने स्वयं को कुछ ऐसा करने की चुनौती दी जो मैंने आज तक नहीं किया। मेरा सबसे प्रिय व्यंजन है 'थाई करी' और इस शो के माध्यम से मैंने इसे बनाने की विधि का प्रारंभिक ज्ञान प्राप्त किया है।'

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि उन्हें बहुत अच्छा खाना बनाना नहीं आता है। हालांकि वह खाना बनाने की प्रक्रिया और अभिनय को एक समान मानती हैं। शेफ रणवीर बरार की वेब सीरीज 'यू गेट शेफ डी!' के फाइनल सीजन में 'मशान' की अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी को एक डिश बनाने के लिए बुलाया गया था।

## बड़े निर्देशकों ने कभी मेरे साथ काम नहीं किया: अक्षय



**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार का कहना है कि उन्होंने बहुत सारे नए निर्देशकों के साथ काम करना शुरू किया क्योंकि बड़े निर्देशक उन्हें कभी अपनी फिल्मों में नहीं लेते थे। अक्षय जल्द ही राज मेहता द्वारा निर्देशित फिल्म गुड न्यूज में दिखेंगे।

अभिनेता ने एक साक्षात्कार में कहा, बड़े निर्देशकों ने मुझे नहीं लिया इसलिए मुझे नए निर्देशकों के साथ काम करना पड़ा। यह सच है। जब बड़े लोग आपके साथ काम नहीं करते है तब आपको अपनी यात्रा खुद शुरू करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, राज मेरे 21वें नए निर्देशक हैं। मुझे लगता है कि नए निर्देशकों में अच्छा काम करने की लालसा पुराने निर्देशकों से अधिक होती है। उनके लिए यह करो या मारो वाली स्थिति होती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या बड़े निर्देशकों ने उनसे ज्यादा तरजीह खान के साथ काम करने को दी, तो अक्षय ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कुछ नहीं पता। अक्षय ने कहा, वे उनके पास गए जो इस लायक थे। मैं यही कहूंगा कि मैं उस लायक नहीं था इसलिए मुझे अपने हिसाब से चलना पड़ा। करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म गुड न्यूज 27 दिसंबर को रिलीज होगी।

## 'मर्दानी 2' में रानी संग काम करना बेहतरीन रहा: श्रुति

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति बापना का कहना है कि आगामी फिल्म 'मर्दानी 2' में रानी मुखर्जी संग काम करने का उनका अनुभव काफी बेहतरीन रहा। फिल्म में श्रुति एक पुलिस की भूमिका में हैं, जो पुलिस अधीक्षक शिवानी शिवाजी रॉय (रानी मुखर्जी) की टीम का एक हिस्सा है।

श्रुति ने कहा, कि यह रोमांचक होने के साथ-साथ काफी चुनौतीपूर्ण भी रहा, क्योंकि मैं रानी के साथ काम कर रही थी। उनके साथ काम करना असाधारण रहा। वह बहुत स्वाभाविक है - जिनके साथ आसानी से काम किया जा सकता है। वह अपने काम के प्रति बेहद समर्पित हैं और सुझाव के साथ अपने सह-कलाकारों की भी मदद करती हैं। मुझे काफी कुछ सीखने को मिला। उनका स्वभाव काफी दोस्ताना है। शूटिंग के आखिर तक हमारे बीच काफी अच्छा रिश्ता बन गया। वह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी पूरी टीम खुश और सहज हो। वह हम सबके प्रति बेहद सहृदय थीं। बहुत अच्छा लगा उनके साथ काम कर के। गोपी पुथरण द्वारा निर्देशित और यश राज फिल्म्स द्वारा निर्मित 'मर्दानी 2' 13 दिसंबर को रिलीज हो रही है।



## आईटी इंडस्ट्री की वास्तविकता पर बनेगा वेब शो 'क्यूबिकल्स'

**मुंबई।** आईटी इंडस्ट्री की वास्तविक तस्वीर को लोगों के सामने पेश करने के लिए 'क्यूबिकल्स' नामक एक नया वेब शो तैयार है। इसके निर्माण के लिए द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने समीर सक्सेना और अमित गोलानी को शामिल किया है।

'पिचर्स' और 'ह्यूमरसली योअर्स' के लिए मशहूर गोलानी ने कहा, '9-5 की नौकरी के बारे में हमारा विचार यह है कि यह काफी बोरिंग है, यह हमें कुछ ऐसा लगता है, जिसमें इंसान हमेशा 'फंसा' रहता है और उसे कुछ बेहतर करने के लिए इससे आजाद होने की जरूरत है। एक इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से होने और टेक, आईटी, बैंकिंग और यहां तक कि कंसल्टिंग क्षेत्र में दोस्तों के होने के नाते, मैं जानता हूं कि इसका चित्रण काफी तोड़-मरोड़कर किया गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'इनमें से अधिकतर अपने काम में कुछ बेहतर करने के लिए हमेशा प्रेरित रहते हैं और इसके साथ ही अपने काम-जिंदगी के बीच एक बेहतर संतुलन का भी लुफ्त उठाते हैं। 'क्यूबिकल्स' के माध्यम से हम पहली बार इनकी जिंदगी का वास्तविक चित्रण करने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का संघर्ष या जीत बहुत आम है इसे देखकर इनमें काम करने वाले अधिकतर लोग इसे खुद से जोड़कर देख सकेंगे।' 'क्यूबिकल्स' का प्रसारण 10 दिसंबर से टीवीएफ प्ले और टीवीएफ के यूट्यूब चैनल पर होगा।

## प्रियंका चोपड़ा पूरी तरह देसी गर्ल हैं: राजकुमार



**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' में उनकी सह-कलाकार प्रियंका चोपड़ा का वर्णन एक फुल-ऑन देसी गर्ल के रूप में किया है। राजकुमार ने कहा, 'प्रियंका मेरी बहुत अच्छी दोस्त बन गई हैं। मेरा मानना है कि वह बेहद सहज हैं और उन्हें दिया गया 'देसी गर्ल' का टैग उन पर बिल्कुल सटीक बैठता है। मुझे लगता है कि वह पूरी तरह से एक देसी गर्ल हैं।'

राजकुमार ने ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड समारोह में मीडिया से बात करते हुए प्रियंका और नवागंतुक आदर्श गौरव को एक बेहतरीन सह-कलाकार बताया। राजकुमार फिल्म की शूटिंग का जमकर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने इस बारे में बताया, 'फिलहाल हम दिल्ली में शूटिंग कर रहे हैं। हम बहुत मस्ती कर रहे हैं। मैं मानता हूं कि रमिन बहरानी (फिल्म के निर्देशक) और पूरी टीम वाकई में बहुत अच्छी है।'

'द व्हाइट टाइगर' अरविंद अडिगा द्वारा इसी नाम से रचित उपन्यास का रूपांतरण है। अडिगा को साल 2008 में उनके इसी उपन्यास के चलते बुकर पुरस्कार मिला। मुकुल देवड़ा के सहयोग से नेटफ्लिक्स द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जा रहा है।